# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


विकास का जगमगाता

# 'अभ्युदय'



राजधानी के लाल परेड मैदान पर सांस्कृतिक आयोजनों की धूम

70 वां स्थापना दिवस

मप्र के स्थापना दिवस पर 'विकास के नए आयामों का अभ्युदय'

### सीएम डॉ. यादव ने शुभारंभ पर कहा- हम दूरियों को नहीं, दिलों को जोड़ने जा रहे हैं

# 'इंट्रा स्टेट एयर सर्विसेज' में मप्र देश का पहला राज्य बन गया

**सीएम ने कहा** कि मप्र अपने नागरिकों और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं के साथ संस्कृति की आत्मीयता भी प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हवाई यात्रा केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक आनंददायक यात्रा का अनुभव भी बने। मप्र अपने नागरिकों और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं के साथ संस्कृति की आत्मीयता भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की दूरियों को नहीं, बल्कि दिलों और अनुभवों को भी जोड़ने जा रहे हैं। हेलिकॉप्टर सेवा पर्यटन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। यह सुविधा न केवल पर्यटकों और यात्रियों का समय बचाएगी बल्कि उन्हें एक ही यात्रा में आस्था, आध्यात्म, पर्यटन और अनुभव का अद्भुत संगम भी प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे परिसर में आयोजित विशेष समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सेवा का उद्देश्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़कर दूरियां मिटाकर समय बचाना भी है। राज्य में एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर पर्यटन सेवा (इंट्रा स्टेट एयर सर्विसेज) शुरू करने वाला मप्र पूरे देश में पहला और इकलौता राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने मप्र के 70 वें स्थापना दिवस पर राज्य के पर्यटन एवं विमानन क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण और नवाचारी सेवाओं सहित राजा भोज एयरपोर्ट में उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया। इन सेवाओं में पीएमश्री हवाई पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा, 'डिजी यात्रा', 'फ्लाईब्रेरी', 'किड्स प्ले ज़ोन' तथा 'केट-1 से केट-2 आईएलएस प्रणाली' जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।

### मप्र में पीएमश्री हवाई पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा का हुआ भव्य शुभारंभ

तीन टूरिज्म सेक्टर्स में हेलीकॉप्टर सेवा की हुई शुरूआत, नियमित संचालन 20 नवंबर से



मुख्यमंत्री शुभारंभ करते हुए

पीएमश्री हवाई पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा, डिजी यात्रा, फ्लाईब्रेरी, किड्स प्ले ज़ोन और केट-2 आईएलएस प्रणाली से मप्र को मिली विकास की नई उड़ान

### पीएमश्री पर्यटन हेलिकॉप्टर्स को हरी झंडी दिखाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पीएमश्री पर्यटन हेलिकॉप्टर्स को हरी झंडी दिखाकर मप्र में इस सेवा का शुभारंभ किया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर तथा संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी को बोर्डिंग पास देकर इस हेली पर्यटन सेवा की प्रक्रियागत शुरुआत भी की।

### हेलिकॉप्टर सेवा से पर्यटन को मिलेगी नई दिशा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएमश्री पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा में शुरूआती चरण में तीन प्रमुख पर्यटन सेक्टर्स में हेली सेवाएं चलाई जाएंगी। प्राथमिक चरण में इंदौर से उज्जैन एवं ओंकारेश्वर, भोपाल से मढ़ई एवं पचमढ़ी तथा जबलपुर से बांधवगढ़ एवं कान्हा जैसे प्रमुख स्थलों तक हेलिकॉप्टर उड़ानें संचालित की जाएंगी। इस सेवा से पर्यटकों को कम समय में अधिक पर्यटन स्थलों की यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। यह सेवा प्रदेश के ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, होम-स्टे व्यवसाय और स्थानीय उत्पादों के विपणन को भी बढ़ावा देगी। इस पहल से प्रदेश में हेलिकॉप्टर चार्टर कंपनियों, पर्यटन एजेंसियों, गाइड सेवा प्रदाताओं और महिला स्व-सहायता समूहों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

### विकसित मध्यप्रदेश @2047 विजन डॉक्यूमेंट लांच

# मुख्यमंत्री ने कहा विजन डॉक्यूमेंट 'नव मप्र' निर्माण की आधारशिला

पंचायत और जिला स्तर से प्राप्त सुझावों के आधार पर विकसित किया गया है डॉक्यूमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक नवंबर को हम न केवल प्रदेश की उपलब्धियों का उत्सव मना रहे हैं, बल्कि आने वाले 25 वर्षों के कार्यकाल की शुरूआत भी कर रहे हैं। पिछले दो वर्ष विकसित और आत्मनिर्भर मप्र की आधारशिला रखने वाले रहे।

इन वर्षों में मप्र ने विरासत से विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, निवेश प्रोत्साहन, आधारभूत ढांचे के विस्तार में अनेकों उपलब्धियां अर्जित की। आने वाले समय में यही गति प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक केन्द्र के रूप में स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को रवींद्र भवन में प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर अभ्युदय मप्र के तहत विकसित मप्र @2047 विजन डॉक्यूमेंट विमोचन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने ने कहा कि यह दो दशकों के लिए आत्मनिर्भर, विकसित मप्र का रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर अभयारण्य विकसित करने की घोषणा की। इसमें खंडवा और देवास जिले के क्षेत्र शामिल होंगे। उन्होंने पंचायत ▶▶शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री ने एमपी** ई-सेवा पोर्टल, इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल, वॉश ऑन व्हील्स मोबाइल एप का किया लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

प्रधानमंत्री के विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा यह डॉक्यूमेंट

सीएम ने ओंकारेश्वर अभयारण्य विकसित करने की घोषणा की इसमें खंडवा और देवास जिले के क्षेत्र शामिल होंगे

### अगले तीन वर्षों में दो लाख शासकीय नौकरियां उपलब्ध कराएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए वर्ष 2025 को निवेश और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में हुए विशेष प्रयासों से 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए। इसमें से 8 लाख 44 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। इनसे 6 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पिछले 2 वर्षों में 8 लाख 25 हजार लोगों को रोजगार मिला। 23 हजार 853 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ▶▶शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री जनसेवा के हैं प्रतीक : केंद्रीय मंत्री नायडू

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनसेवा के प्रतीक हैं। प्रदेश की सरकार देश के विभिन्न अंचलों में हो रहे नवाचारों को समाहित करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विजन डॉक्यूमेंट इसी का प्रतीक है। ओम से लेकर एआई तक के क्षेत्र में हो रहे कार्य बताते हैं कि मप्र केवल संस्कृति के लिए ही नहीं, ▶▶शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### गोडाउन में लगी आग दो महिलाओं की मौत



इंदौर। इंदौर में राऊ के नजदीक आरआर कैट रोड पर एक गोडाउन में शनिवार देर शाम आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की चार से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। गोडाउन केमिकल का बताया जा रहा है। मौके पर चार से ज्यादा से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने 2 के मौत की पुष्टि कर दी हैं । लेकिन रहवासियों की माने तो इसमें अन्य लोगों के फंसे होने की बात सामने आई हैं। मृतिका की पहचान ज्योति नीम के रूप में हुई है। लगातार एसडीआरएफ की टीम भी बचाव कार्य में लगी हुई हैं। दो से तीन व्यक्ति और अंदर दबे होने की बात सामने आई हैं।

**यूआईडीएआई ने** महत्वपूर्ण नियम लागू किए

## नाम, पता, जन्मतिथि- मोबाइल नंबर में अब कभी भी 'बदलाव'



आधार सेंटर के चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं होगी

ऑनलाइन अपडेट 14 जून 2026 तक फ्री रहेगा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

काम की खबर

आधार से जुड़े नियमों में भी शनिवार से कुछ बदलाव प्रभावी हो गए हैं। यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) ने 1 नवंबर से आधार के कुछ बहुत अहम और महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव लागू कर दिए हैं। अब आधार कार्ड होल्डर अपना नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर में कभी भी और कहीं भी बदलाव कर सकते हैं। ये प्रोसेस अब पैन या पासपोर्ट जैसे लिंक किए गए सरकारी रिकॉर्ड के जरिए डेटा को वैरिफाई करती है, जिससे डॉक्यूमेंट अपलोड करने या सेंटर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस नए बदलाव से अब इन कामों के लिए आधार सेंटर के चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं होगी। इन नए नियमों का उद्देश्य आधार से जुड़ी सेवाओं को तेज, आसान और सुविधाजनक बनाना है। पैन और आधार को लिंक करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर, 2025 है। अगर आप 31 दिसंबर तक अपने आधार और पैन को लिंक नहीं करते हैं तो 1 जनवरी, 2026 से पैन निष्क्रिय हो जाएगा।

### आधार सेवाओं की फीस में भी बदलाव

यूआईडीएआई ने आधार सेवाओं के लिए नई फीस का ब्योरा जारी कर दिया है। डेमोग्राफिक डिटेल्स में बदलाव के लिए 75 रुपए की फीस लगेगी, जबकि बायोमीट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपए की फीस लगेगी। ऑनलाइन अपडेट 14 जून 2026 तक फ्री रहेंगे, उसके बाद नई फीस लागू होगी। इसके अलावा, 5-7 और 15-17 साल के बच्चों के लिए फ्री बायोमीट्रिक अपडेट आगे भी जारी रहेगा।

### पचमढ़ी में मैनेजमेंट सीखेंगे 71 जिलाध्यक्ष

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों का ट्रेनिंग कैंप आज से, राहुल गांधी भी पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस अपने 71 जिला अध्यक्षों को संगठन मजबूत करने की ट्रेनिंग देगी। इसके लिए पचमढ़ी के एमपीटी होटल हाइलैंड सहित अन्य होटलों में 2 से 11 नवंबर तक प्रशिक्षण शिविर होगा। शिविर में एक दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होंगे। उनका आना तय है, तारीख 8 से 10 नवंबर के बीच संभावित है। राहुल गांधी बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान (6 नवंबर) के बाद पचमढ़ी पहुंचेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी चार दिन पहले पचमढ़ी पहुंचे थे। उन्होंने ट्रेनिंग स्थल, वीआईपी-वीवीआईपी के ठहरने की व्यवस्था सहित तैयारियों का निरीक्षण किया। जिला अध्यक्ष शिवकांत पांडे के अनुसार, राहुल गांधी और खड़गे का कार्यक्रम फाइनल है, प्रोग्राम जारी हो ▶▶शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर बनकर ठगी का प्रयास कर रहे साइबर जालसाज

## आईएएस भव्या व प्रियंक मिश्र के नाम से की गई पैसों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



भव्या मित्तल



प्रियंक मिश्र

साइबर जालसाजों की नई करतूत। मध्य प्रदेश में कलेक्टरों के नाम से मैसेज कर अधिकारियों से पैसा मांगा जा रहा है। किसी को शक न हो इसके लिए मैसेज भेजने वाले संबंधित कलेक्टर की फोटो भी डीपी पर लगा लेते हैं। ऐसे दो मामले में बीते 7 दिन के भीतर सामने आ चुके हैं। पहला खरगोन कलेक्टर आईएएस भव्या मित्तल और दूसरा धार कलेक्टर आईएएस प्रियंक मिश्र से जुड़ा है। धार जिले के डही क्षेत्र की ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) को एक अज्ञात नंबर +84916423486 ▶▶शेष पेज 4 पर

### 55 साल बाद सतना के अपने सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचे थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# थल सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को बताया धर्म युद्ध, कहा-हम नमाज के वक्त हमला नहीं करते

हमने किसी भी निर्दोष नादान या आम नागरिक पर हमला नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सतना

भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शनिवार को सतना स्थित अपने बचपन के सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचे। करीब 55 साल के लंबे अंतराल के बाद बचपन के स्कूल पहुंचकर जनरल भावुक हो गए।

इस स्कूल में उन्होंने 1971-72 में चौथी कक्षा में पढ़ाई की थी। जनरल का छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी भरे अंदाज में स्वागत किया। इस बीच उन्होंने छात्रों को अपने अनुभव साझा किए और कहा कि यह स्कूल ही उनके व्यक्तित्व और राष्ट्र सेवा के संकल्प को मजबूत करने वाला रहा। इसके अलावा उन्होंने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए भारतीय सेना के सिद्धांतों को रेखांकित किया और कहा कि भारतीय सेना धर्म युद्ध की अनुयायी है। उन्होंने कहा ▶▶शेष पेज 4 पर



छात्रों से अनुभव साझा करते थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

### पाकिस्तान को बताया हम आप जैसे नहीं!

हमने किसी भी निर्दोष, नादान या आम नागरिक पर हमला नहीं किया। हमने पाकिस्तान को यह बताया कि हम आप जैसे नहीं हैं। हम हमेशा धर्म युद्ध के अनुयायी रहे हैं, उसी का विचार करते हैं और भविष्य में भी यही कार्रवाई करते रहेंगे। जनरल द्विवेदी ने छात्रों को सफलता का थी ए मंत्र भी दिया है। उन्होंने बताया कि पहला एटीट्यूट है। इससे सकारात्मक दृष्टिकोण और पॉजिटिविटी आती है। दूसरा एडॉप्टिबिलिटी है। इससे आप समय के साथ अपने अंदर बदलाव ला सकते हैं। तीसरा एबिलिटी है। यह आपको हर क्षेत्र में सफलता दिलाएगी। उन्होंने देशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि आप चाहे वर्दी में हों या सिविल ड्रेस में, राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र निर्माण में निरंतर लगे रहिए। यह देश हमारा है, और जब हम सब मिलकर काम करेंगे तभी 2047 के विकसित भारत का सपना साकार होगा।

# घर-घर गूंजा...बेर-भाजी, आंवला, उठो देव सांवला...

## शुभ मुहूर्त के साथ शुरू हुए मांगलिक कार्य, भोपाल जिले में एक दर्जन से अधिक हुई शादियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आंगन में गन्ने के मंडप सजे थे। परिवार के लोग एकत्रित होकर पूजा-अर्चना कर रहे थे। पहले बेर,भाजी, आंवला, उठो देव सांवला के जयघोष के साथ भगवान को जागृत किया। फिर मंडप में विधि-विधान से तुलसी और शालिगराम का विवाह कराया। घर-घर में विवाह मंत्र गूंजे। रंगारंग आतिशबाजी हुई। हर तरफ खुशियां देखने को मिल रही थी। देवउठनी एकादशी पर शनिवार को शहर में दीपावली जैसा उत्साह दिखा। देहरियां दीप मालाओं से जगमग थी, तो घर विद्युत साज-सज्जा से दमक रहे थे। शहर में घर घर पर तुलसी विवाह की रस्म अदा की जा रही थी। कई मंदिरों भी तुलसी विवाह के साक्षी बने। एकादशी पर घरों के आंगन में आकर्षक रंगोली सजाकर मंडप सजाए गए। फिर धूम, दीप, नैवेद्य, मौसमी फल, फूल आदि अर्पित कर विशेष पूजा अर्चना की गई। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि शनिवार से देव जाग गए, साथ ही शुभ कार्य व विवाह शुरू हो गए। अबूझ मुहूर्त होने पर भोपाल जिले में एक दर्जन से अधिक विवाह हुए।




तुलसी नगर स्थित घर में भगवान शालिगराम-तुलसी विवाह के दौरान पूजन-अर्चन करता परिवार

### 5,7,11 गन्नों का मंडप बनाया, दीपदान के साथ अन्नकूट का लगाया भोग

श्रद्धालुओं ने तुलसी और शालिग्राम के विवाह के लिए पूजा सामग्री सहित गन्ने आदि की खरीदारी में व्यस्त रहे। सुबह से शाम तक बाजारों में भीड़ लगी रही। इस बार शाम के समय विशेष मुहूर्त होने के चलते कई जगहों पर रात 8 से 10 बजे शुभ मुहूर्त में पूजा की गई। घर-द्वार को दीपों की रोशनी से रौशन किया गया। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी पर पूजा के लिए श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से 5,7,11 गन्नों का मंडप बनाया। इसके बाद विष्णु को धूप, दीप, फूल, गंधक, चंदन, फल और अर्घ्य देकर दीपदान कर अन्नकूट का भोग लगाया। वहीं जो श्रद्धालु उपवास थे, उन्होंने हवन-पूजन किया। सुक्त का पाठ भागवत के दसवें स्कंद का पाठ भी कुछ श्रद्धालुओं ने किया। गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी और शालिग्राम का विवाह किया। पूजा समाप्त होने के बाद लोगों ने आतिशबाजी की।

### स्वस्ती वाचन के साथ मां तुलसी का विवाह



श्री रामानन्द आश्रम गुफा मंदिर में देवप्रबोधनी एकादशी पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में ही भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री मंहत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में पंडित लेखराज शर्मा के आचार्यत्व में ब्राह्मण बटुकों ने श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ किया। बड़ी संख्या में कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने भगवान की पूजन, दीपदान, भजन संकीर्तन किया और सभी के मंगल की कामना कर महाआरती हुई। करुणाधाम आश्रम नेहरू नगर में विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। देवउठनी ग्यारस पर शालिग्राम जी की बारात बैंड बाजे के साथ नेहरू नगर चौराहे से निकाली गई। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की गई। फिर पूरी वैदिक परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चार के साथ तुलसी जी का विवाह किया गया।

### दादाजी धाम मंदिर में विधि- विधान से किया पूजन




दादाजी धाम में भगवान की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर एकादशी पर सुबह 10:00 बजे से गर्भग्रह परिक्रमा में स्थापित संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जन्मोत्सव पर उपस्थित सभी भक्तों ने अभिषेक, विधि विधान से पूजन किया साथ ही देवउठनी एकादशी भगवान विष्णु जी की विधि विधान से पूजन, विष्णु भगवान के समक्ष बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई। मंदिर प्रांगण में सांय 6:30 बजे से तुलसी विवाह में भगवान शालिग्राम और तुलसी माता के ऊपर सिंदूरी रंग में रगे हुए चावल चढ़ाकर कर पूजा की थाली में कपूर जलाकर तुलसी माता और शालिग्राम भगवान की आरती की गई। इसके बाद विवाह संपन्न होने के जयकारे लगाएं और भगवान को भोग लगाकर महाप्रसादी सभी भक्तों को वितरण किया गया। इसके अलावा राजधानी के अनेक मंदिरों व घरों में भी तुलसी विवाह का आयोजन किया गया।

### लखेरापुरा श्री जी मंदिर में मनाया पर्व

लखेरापुरा श्री जी मंदिर में रविवार को एकादशी उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान प्रभु श्री नाथ जी को प्रातः काल चंदन आंवला इत्र से स्नान कराकर सुनहरी जरी के बागा एवं सोने मोती के जड़ाऊ आभूषण के साथ सिर पर 5 जोड़ की मोर चंद्रिका और चोटी से शृंगार किया जाएगा। इस दौरान गुलाल से निर्मित अष्ट कमल के चौक में 16 गन्ने की मंडप बनाकर प्रभु को दक्षिण दिशा की तरफ मुख करके विराजमान किया जाएगा। इसके बाद आरती कर परिक्रमा की जाएगी।

### जमकर हुई गन्नों की खरीदारी

पं. रामजीवन दुबे के अनुसार इस दिन अबूझ मुहूर्त होने पर वाहन, भूमि, भवन व ज्वेलरी की खरीदी, गृह प्रवेश, विवाह आदि कार्य करना शुभ व मंगलकारी माना जाता है। इसलिए आज के दिन बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की।

युवा सदन में हुआ शालिग्राम-तुलसी का विवाह

## देवउठनी एकादशी सनातन धर्म का पवित्र प्रतीक पर्वः रामेश्वर



युवा सदन में देव उठनी ग्यारस पर पूजा-अर्चना करते विधायक रामेश्वर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा शनिवार को युवा सदन में तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन किया गया। विवाह स्थल के रूप में सजे युवा सदन परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-संकीर्तन के साथ तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ।



गणेश मंदिर में देव उठनी ग्यारस पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय संस्कृत विवि में कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर आयोजित त्रि दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिन चार सत्र संपन्न हुए। इनके पहले वरिष्ठ सुप्रतिष्ठित विद्वान एवं शिक्षाविद् प्रो चांद किरण सलूजा ने भारतीय शास्त्रों में वर्णित, पंचकोशों पर आधारित चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास प्रक्रिया को वर्तमान समयानुसार किस प्रकार अपनाया जा सकता है इस विषय को अत्यंत रोचक स्वरुप में समझाया। शिक्षा का उद्देश्य मानव जीवन के सर्वांगीण विकास को संभव कर समस्त विश्व का कल्याण करना है। प्राचीन अन्नमय, मनोमय, प्राणमय, विज्ञान मय एवं आनन्द मय कोशों के विकास से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में व्याप्त सभी समस्याओं पर किस प्रकार विजय प्राप्त की जा सकती है यह सरलतम शब्दों में उन्होंने व्याख्या की।

### तिरले कुनबी समाज का त्रैवार्षिक चुनाव 16 को

**भोपाल।** तिरले कुनबी समाज भोपाल द्वारा अपनी नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए त्रैवार्षिक चुनाव आगामी नवंबर को कराए जाएंगे। इसके लिए नामांकन 9 नवंबर तक किया जा सकेगा। समाज की नवीन कार्यकारिणी के लिए होने वाले चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों के चयन किया जाएगा। चुनाव के लिए नामांकन और मतदान समाज के 10 नंबर स्टॉप स्थित क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भवन में होगा। परिणामों की घोषणा भी मदान के बाद 16 नवंबर को ही की जाएगी।

कैब, टैक्सी व ऑटो वाले पार्किंग चार्ज बताकर यात्रियों से वसूलते हैं एक्स्ट्रा चार्ज

# रानी कमलापति स्टेशन पर बार-बार बनते हैं जाम के हालात... पार्किंग में चुकाने पड़ रहे बीस रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 की ओर दोपहर 2.40 बजे से लेकर 3.15 बजे शताब्दी एक्सप्रेस और रात करीब 10 बजे वंदेभारत एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों के समय यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए चार पहिया से लेकर ऑटो तक की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस तरह का नजारा आए दिन आरकेएमपी स्टेशन पर देखने को मिलता है। इस दौरान एक वाहन को गुजरने में 20 से 30 मिनट तक का समय लग जाता है। ऐसे में अधिकांश वाहन चालकों को पार्किंग शुल्क 20 रुपए चुकाने पड़ जाते है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन परिसर के अंदर घुसने से लेकर बाहर जाने तक में खासा समय लग रहा है। खासकर वाहनों को लेफ्ट टर्न के लिए कम जगह छोड़ी गई है, इससे वाहनों को निकलने में काफी परेशानी होती है। उल्लेखनीय है कि आरकेएमपी से रोजाना 50 जोड़ी से अधिक ट्रेनों का आवागमन है।



हबीबगंज क्षेत्र में पार्किंग नहीं होने से वाहन सड़कों पर खड़े रहते है, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है।

### ओला कैब वाले यात्रियों से वसूलते हैं अधिक पैसे

ओला या कैब से यहां पर अधिकांश यात्रियों का आना-जाना करते हैं, ओला कैब के अंदर प्रवेश पर ही शुल्क ले लिया जाता है। हालांकि कैब वाले यात्रियों को पहले से ही पार्किंग चार्ज बताकर बाहर तक छोड़ने की बात कहते हैं। ऐसे में लगेज अधिक होने के चलते यात्री अंदर तक छोड़ने की बात कहते हैं। इसके चलते कैब संचालक यात्रियों से पार्किंग चार्ज वसूलते हैं। इसको लेकर कभी कभी तो कैब संचालक और यात्रियों में हॉट टाक भी हो जाती है।

### पुरानी निकासी व्यवस्था बंद होने से बढ़ी परेशानी

जिस ओर से वाहन बाहर निकलते थे, वहां मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए उसे फिलहाल बंद कर दिया गया है। आरकेएमपी से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनें वंदे भारत एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस, रेवांचल एक्सप्रेस के समय खासा जाम के हालत बनते हैं।

### पार्किंग के लिए कम जगह

- यहां फूड प्लाजा के सामने खाली जगह सिर्फ खाने-पीने वालों के लिए छोड़ी गई। इन संचालकों ने यहां पर आगे तक जगह घेर कर रखी है।
- मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है, सामग्री पड़ी हुई है।
- जीआरपी थाने में आने-जाने वाले वाहनों के लिए खाली जमीन।
- शेष स्थान पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग।

**ऐसे लग रहा पीक ऑवर में जाम**

- अंदर प्रवेश करने में पांच से 10 मिनट का समय
- यात्रियों को उतारने में पांच से 10 मिनट का समय
- एग्जिट तक पहुंचने में 7 से 8 मिनट का समय

### पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह

- आरकेएमपी प्लेटफॉर्म पर पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह है, वाहनों के लिए टर्न में कोई परेशानी नहीं है। नियमानुसार यात्रियों की सुविधा के लिए 15 मिनट की ड्राप एंड गो रखा गया है। यह कदम स्टेशन कैंपस में वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था करने के मकसद से किया गया है।

**नवल अग्रवाल, पीआरओ, भोपाल रेलवे मंडल**

भारतीय संस्कृति के विपरीत बताया, कार्यक्रम निरस्त

## बीएसएसएस में 'हेलोवीन सेलिब्रेशन' का अभाविप ने दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बीएसएसएस कॉलेज परिसर में आयोजित "हेलोवीन सेलिब्रेशन" का शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने विरोध किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए अभाविप भोपाल महानगर के भेल भाग के कार्यकर्ताओं ने इसे भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विपरीत बताया। इसके साथ ही कॉलेज प्रबंधन से इस तरह के पाश्चात्य कार्यक्रमों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। बढ़ते विरोध को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने कार्यक्रम निरस्त कर दिया है।

अभाविप भेल भाग संयोजक प्रतीक द्विवेदी ने कहा कि बीएसएसएस में 'हेलोवीन डे' मनाया जा रहा था, जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। कॉलेज में छात्रों को मृतक बनाकर और असंस्कारी कार्यक्रम कराए जा रहे थे, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। यह हमारी संस्कृति के विरुद्ध है। कॉलेज



विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी पदाधिकारी

### यह भारतीय संस्कारों के अनुरूप नहीं

अभाविप पदाधिकारियों ने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थी भूत-प्रेत और राक्षसों के वेश में सजकर नृत्य एवं अन्य गतिविधियां कर रहे थे, जो भारतीय संस्कारों के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में पाश्चात्य संस्कृति की अंधी नकल को बढ़ावा देते हैं और शैक्षणिक माहौल को भी दूषित करते हैं।

## महिला टीम के जीतने की प्रार्थना के लिए भोलेनाथ का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेवा संकल्प युवा संगठन द्वारा मैच से पहले शिव स्तुति की गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के एक दिवसीय विश्वकप फाइनल मैच रविवार को अफ्रीका से खेला जाएगा। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया की संगठन के युवाओं ने शीतलदास की बगिया में स्थित भगवान भोलेनाथ का 11 किलो दूध से रुद्राभिषेक कर श्री शिव स्तुति की युवाओं ने हाथों में तिरंगा और महिला खिलाड़ियों के पोस्टर के साथ अभिषेक किया। इस दौरान भारत माता का जय घोष लगाए। मालवीय ने बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इस वर्ष हमारी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है, जिससे पूरे देश मे हर भारतीय में उत्साह और उमंग है, अभिषेक में महिलाओं भी शामिल हुई। सभी ने हर हर महादेव के साथ भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करे, ऐसी प्रार्थना की।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर डीआरएम ने शपथ दिलाई एवं रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाई



डीआरएम कार्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर भोपाल मंडल में "राष्ट्रीय एकता दिवस" बड़े उत्साह एवं एकता के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीआरएम कार्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ हुई, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें आरपीएफ, स्काउट-गाइड, खेलकूद संगठन तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एनआईटीटीटीआर भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

## समग्र, राष्ट्रीय मूल्यों पर आधारित व सर्वांगीण शिक्षा ही आधुनिक समय की मांगः डॉ. कोठारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



संबोधित करते अतिथि

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत एनआईटीटीटीआर में पॉलीटेक्निक शिक्षा में नवाचार एवं क्रियान्वयन" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष डॉ. अतुल कोठारी, सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने कहा कि राष्ट्रीयता से भरपूर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 समग्र, सर्वांगीण, ज्ञान, कौशल, चरित्र विकसित करने बाली है, जो विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इस कार्यशाला में देशभर के तकनीकी शिक्षा निदेशक, प्राचार्य और नीति-निर्माता शिक्षक सहित 200 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### सभी मिलकर दें क्रियान्वयन में योगदानः प्रो. त्रिपाठी

एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. चन्द्र चारू त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर इसके क्रियान्वयन में योगदान देना है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के संदर्भ में पॉलीटेक्निक शिक्षा की भूमिका को सुदृढ़ करना, उद्योग-आधारित परियोजनाओं और नवाचार को पाठ्यक्रम में एकीकृत करना तथा सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना है।

### स्टूडेंट को क्रिएटिव एवं संवेदनशील बनाना शिक्षक का दायित्वः प्रो. राजीव त्रिपाठी

विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव त्रिपाठी, कुलगुरु, आरजीपीवी भोपाल ने कहा की आज स्टूडेंट को क्रिएटिव एवं संवेदनशील बनाना शिक्षक का दायित्व है। मुख्य अतिथि प्रो एस.डी. सप्रे ने भारतीय ज्ञान परम्परा एवं शिक्षा नीति पर बोलते हुए कहा कि तकनीकी पुस्तकों का लेखन व अनुवाद हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में होना अनिवार्य है। शिक्षकों एवं चिकित्सकों का समाज में बहुत सम्मान है, उनकी बात समाज सुनता एवं अमल करता है।

डॉ. नजमी ने मिस्र की राजधानी काहिरा में प्रस्तुत किया शोध

## एम्सः लेटेक्स दस्तानों से एलर्जी का खतरा, नाइट्राइल सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के औषधि विज्ञान विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अहमद नजमी द्वारा किया गया अध्ययन मिस्र की राजधानी काहिरा में आयोजित फार्माकोविजिलेंस की 24वीं अंतरराष्ट्रीय सोसाइटी में प्रस्तुत किया गया। इस अध्ययन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को उजागर कर चिकित्सा जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस शोध में यह पाया गया कि अस्पतालों में उपयोग किए जा रहे लेटेक्स दस्तानों में मौजूद प्राकृतिक रबर प्रोटीन और रासायनिक तत्व बार-बार संपर्क में आने से स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों में एलर्जिक प्रतिक्रियाएं उत्पन्न कर सकते हैं। इन प्रतिक्रियाओं में त्वचा पर चकत्ते, खुजली, जलन, सूजन और सांस की समस्या जैसी शिकायतें शामिल हैं। अध्ययन में यह भी बताया गया कि लंबे समय तक लेटेक्स दस्तानों के प्रयोग से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा बढ़ जाता है।




### डॉ. काओरे ने बनाया भारत का मेडिकल उपकरण सुरक्षा मानचित्र

इसी सम्मेलन में एम्स भोपाल की प्रोफेसर डॉ. शिल्पा काओरे ने भी एक महत्वपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया। जिसका शीर्षक था मध्य भारत के मटेरियोविजिलेंस क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र से प्राप्त चिकित्सकीय उपकरणों से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं का स्वरूप। यह शोध भी काहिरा में आयोजित आईएसओपी 2025 सम्मेलन में पेश किया गया। अध्ययन वर्ष 2021 से 2024 के बीच मध्य भारत के विभिन्न अस्पतालों से प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण पर आधारित था।

### जीएमसी की डॉ. इर्तिका ने नीदरलैंड में प्रस्तुत किया पोस्टर

राजधानी के गांधी मेडीकल कॉलेज (जीएमसी) की सहायक प्रोफेसर ईएमडी डॉ इर्तिका शेख ने नीदरलैंड के रॉटरडैम में हृदय संबंधी समस्याओं पर पोस्टर का प्रस्तुतिकरण किया है। जीएमसी के आपातकालीन विभाग में विद्युत तूफान के लिए इंट्राकार्डियक अरेस्ट स्टेलेट गैंग्लियन ब्लॉकेड एक केस सीरीज पर आधारित यह पोस्टर है। नीदरलैंड में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित यूरोपीय पुनर्जीवन कांग्रेस 2025 में डॉ इर्तिका भाग लेने पहुंची थीं। जिसमें दुनिया भर से लगभग तीन हजार प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पोस्टर में हृदय गति रुकने के दौरान काम आने वाली एक नई तकनीक पर प्रकाश डाला गया, जो पुनर्जीवन परिणामों को बेहतर बनाने की इसकी क्षमता को प्रदर्शित करने वाली एक नैदानिक केस सीरीज पर आधारित है। जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह ने कहा कि हम डॉ. इर्तिका की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हैं। आने वाले वर्षों में एक चिकित्सा शिक्षक के रूप में उनके करियर में और सफलता की कामना करते हैं।



डॉ. इर्तिका शेख



काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 इतिहास रचने को तैयार टीम इंडिया...



विचार पेज

06 अमेरिका चीन का...

भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025 ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष : 12, अंक : 212 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** अधि. 27 न्यून.21 haribhoomi.com


## आंध्रप्रदेश के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में देव प्रबोधन एकादशी पर बड़ा हादसा

यह एक निजी मंदिर... मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर 'गैर-इरादतन हत्या' के तहत मामला दर्ज

# सीढ़ियों की रैलिंग टूटने से श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते गए, 10 की मौत

एजेंसी ▶▶ श्रीकाकुलम

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में शनिवार को काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हादसा हो गया। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 8 महिलाएं हैं। इसके पहले श्रीकाकुलम के जिला कलेक्टर स्वप्निल दिनकर पुंडकर ने मृतकों की संख्या 9 बताई थी। हालांकि, बाद में श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने 10 मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की हालत थोड़ी गंभीर है, लेकिन उसकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

*पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह दुर्घटना मंदिर के मालिक की गलती के कारण हुई है। उन्होंने पुलिस बंदोबस्त के लिए आवेदन नहीं किया था, न ही उन्हें अनुमति दी गई थी*

**25** हजार से ज्यादा लोग दर्शन के लिए पहुंच गए थे, जबकि मंदिर की क्षमता इतनी नहीं

**पीएम मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया**

**पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार अनुग्रह राशि का ऐलान**



दीवार जिसकी रैलिंग टूटी और भगदड़ मच गई

काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को 4 महीने पहले अगस्त में दर्शन के लिए खोला गया था। मंदिर 13 एकड़ में फैला है। इसके निर्माण में 10 साल लगे

### मंदिर पहली मंजिल की ऊंचाई पर स्थित

आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगालापुडी अनीता ने कहा कि मंदिर पहली मंजिल की ऊंचाई पर स्थित है। जब भक्त ऊपर चढ़ रहे थे, तभी रैलिंग टूट गई और कोने में खड़े लोग गिर गए। कुछ लोग उनके ऊपर गिर गए। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हादसे के बाद कई महिलाएं बेहोश हो गईं

हादसे के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। इनमें महिलाएं, बच्चें और कई बुजुर्ग भी थे। इसी दौरान रैलिंग गिर गई और लोग भीड़ से दबने लगे। महिलाएं और बच्चे बाहर निकलने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीएम नायडू बोले- भीड़ की सूचना होती तो हादसा न होता

*आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को हुई भगदड़ की घटना पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मंदिर निजी व्यक्ति द्वारा बनाया गया था और एकादशी के दिन यहां भारी संख्या में भक्त इकट्ठा हुए थे। आयोजकों ने पुलिस या स्थानीय प्रशासन को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी थी, जिससे सुरक्षा इंतजाम हो सके। यदि पहले से पुलिस को सूचना मिल जाती तो भीड़ नियंत्रण आसान हो जाता और इस दर्दनाक घटना से बचा जा सकता था।*

## खबर संक्षेप

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत तीन 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' खिताब हासिल करने पर पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जन आंदोलन महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को और गति प्रदान करते हैं। उपलब्धि के बारे में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने कहा, इस तरह की पहल बेहद सराहनीय है।



### पीएम मोदी के एक्स पर सर्वाधिक फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर 100 मिलियन फॉलोअर्स को पार करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मोदी अब एक्स पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फ़ॉलोअर वाले नेता होने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित अन्य विश्व नेताओं से काफ़ी आगे हैं, जिनके 38.1 मिलियन फ़ॉलोअर्स हैं। पीएम ने कहा उन्हें इस जीवंत माध्यम पर आकर खुशी हो रही है।

### दुलारचंद यादव मर्डर केस में अनंत सिंह गिरफ्तार

**पटना।** मोकामा के दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पटना पुलिस ने पूर्व विधायक और एनडीए प्रत्याशी अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पटना एसएसपी की टीम बाढ़ स्थित कारगिल मार्केट पहुंची, जहां से अनंत सिंह को हिरासत में लिया गया। पहले जानकारी आई थी कि दुलारचंद यादव हत्याकांड में आरोपी बनाए गए अनंत सिंह जल्द पुलिस के सामने सरेंडर कर सकते हैं।



अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक के अंतिम दिन पत्रकार वार्ता में संघ की गतिविधियों का ब्योरा दिया

संघ पर बैन लगाने वाले बयान पर बोले सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले

# खरगे को इतिहास से सीखना चाहिए, किसी के चाहने भर से बैन नहीं लगाया जा सकता

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बैन वाले बयान को लेकर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बड़ा पलटवार किया है। जबलपुर में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक के अंतिम दिन पत्रकार वार्ता में होसबाले ने कहा कि किसी के चाहने भर से किसी पर बैन नहीं लगाया जा सकता। आज के समाज ने संघ को स्वीकार कर लिया है। ऐसे में इस तरह की बात करना गलत है।

होसबाले ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन पर प्रतिबंध लगाने का कोई कारण तो होना चाहिए, क्योंकि आरएसएस नियमित रूप से राष्ट्र निर्माण में लगा रहता है और जनता ने इसे स्वीकार किया है। संघ पर प्रतिबंध लगाने से क्या हासिल होगा? गौर हो कि कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संघ पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

*सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि जातिगत जनगणना वहीं तक उचित है जहां तक इसके दुष्परिणाम जातिगत सामाजिक बुराई को न बढ़ाएं*

आज के समाज ने संघ को स्वीकार कर लिया



पत्रकारों के सवालों के जवाब देते दत्तात्रेय होसबाले। साथ में प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर।

**खरगे ने संघ प्रमुख गोलवलकर को लिखे सरदार पटेल के पत्र का भी हवाला दिया था**

**होसबाले ने कहा कि आरएसएस नियमित रूप से राष्ट्र निर्माण में लगा रहता है**

### भाजपा से इसलिए नजदीकी क्योंकि वहां हमारे स्वयंसेवक पदाधिकारी

पत्रकार वार्ता में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कार्यकारी मंडल बैठक तथा संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त विजयादशमी के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ जाति आधारित चुनाव को उचित नहीं मानता। नशामुक्त युवा हो इसके लिए संघ प्रयासरत है। स्वस्थ और शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि दोनों विषय संघ की प्राथमिकता में हैं। इस पर लगातार मंथन और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक साल में 10 हजार नए स्थानों पर संघ कार्य प्रारंभ

उन्होंने कहा कि विजयादशमी के अवसर पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के आंकड़े संघ कार्य के फैलाव को दर्शाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 59,343 मंडलों में से 37,250 मंडलों में कार्यक्रम हुए। इस प्रकार 50,096 मंडलों का प्रतिनिधित्व रहा। कुल मिलाकर 62,555 विजयादशमी उत्सव हुए। इन कार्यक्रमों में 32,45,141 स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे। देश में 25,000 स्थानों पर पथ संचलन हुए, इनमें 25,45,800 स्वयंसेवक गणवेश में सहभागी हुए। अंडमान में भी कार्यक्रम हुआ, लद्दाख, अरुणाचल, मेघालय व नगालैंड में भी हुआ है। पिछले वर्ष अक्टूबर में हुई बैठक के बाद से संघ कार्य की दृष्टि से एक साल में 10 हजार नए स्थानों पर संघ कार्य प्रारंभ हुआ है। वर्तमान में 55052 स्थानों पर 87398 शाखाएं लग रही हैं जो पिछले वर्ष से 15000 अधिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हिंदू सम्मेलनों में पंच परिवर्तन पर होगा फोकस

बैठक में शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। होसबाले ने बताया कि संघ का कार्य समाज, राष्ट्र का कार्य है। आगे बस्ती और मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन करने वाले हैं। हिंदू सम्मेलनों के माध्यम से मंडल, बस्ती स्तर तक पंच परिवर्तन के विषयों को लेकर पहुंचेंगे। 45000 ग्रामीण और 35000 नगरीय स्थानों पर सम्मेलन आयोजित होंगे। वंदेमातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष हो रहे हैं। 1975 में राष्ट्रगीत के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में समितियां बनाई थीं। वंदेमातरम केवल गीत नहीं है, भारत की आत्मा का मंत्र है।

5 दिन पहले एक भाई की मौत... दूसरा घायल

## दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों ने बस को अगवा कर लिया

पुलिस ने स्टाफ सहित बस को छुड़वाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

आगर मालवा में पांच दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में एक भाई की मौत के बाद ग्रामीणों ने शुक्रवार रात एक बस का अपहरण कर लिया। आगर से सोयत जा रही मालवा कंपनी की बस में कुछ ग्रामीण यात्री बनकर बैठे और उसे जबरन अपने गांव सारंगाखेड़ी ले गए। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने बस रोककर उसके आगे जाम लगा दिया और ड्राइवर-कंडक्टर को भी वहीं रोक लिया। सूचना मिलते ही सीएसपी ▶▶ शेष पेज 4 पर



इसी बस पर किया था कब्जा

### सारंगाखेड़ी लौटते समय हुआ हादसा

यह घटना गत सोमवार रात करीब 10 बजे आगर-सुसनेर मार्ग पर ईश्वर सर्जिकल हॉस्पिटल के पास हुई थी। ग्राम सारंगाखेड़ी के दो सगे भाई बबलू (24) और राहुल ▶▶ शेष पेज 4 पर

7 नवंबर से शुरू होगी नई वंदे भारत

## वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट होते हुए खजुराहो तक जाएगी

चित्रकूट, प्रयागराज, विंध्याचल और वाराणसी को जोड़ेगी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इंतजार खत्म हो गया। प्रयागराज को एक और वंदे भारत की सौगात मिल गई है। वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत का संचालन सप्ताह में छह दिन होगा। रेलवे ने इसकी समय सारिणी भी जारी कर दी है। इसका ठहराव प्रयागराज में होगा।



वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत

प्रयागराज से खजुराहो का सफर महज पांच घंटे में पूरा होगा। ट्रेन सुबह 8:05 बजे चलेगी और दोपहर 1:10 बजे खजुराहो पहुंचेगी। ट्रेन चार धार्मिक स्थलों चित्रकूट, प्रयागराज, ▶▶ शेष पेज 4 पर

पैसा नहीं, काम करने वालों की कमी...

## नितिन गडकरी बोले- मेरे पास 15 लाख करोड़ पड़े हैं

**खर्च नहीं कर पा रहा**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

बोले- काम शुरू करो जॉब अपने आप आएंगे



नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं काम करता हूं, मेरे पास पैसे की कोई कमी नहीं है। मेरे पास 15 लाख करोड़ रुपये पड़े हैं, लेकिन मैं खर्च नहीं कर पा रहा हूं क्योंकि काम करने वालों की कमी है। उन्होंने यह बात एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री डेवलपमेंट के कार्यक्रम में कही, जहां उद्योग जगत के कई प्रमुख लोग मौजूद ▶▶ शेष पेज 4 पर

नर्मदापुरम में मंत्रोच्चारण कर नर्मदा मैया का पूजन



**देव प्रबोधिनी एकादशी पर 51 हजार दीप जले**

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन दिवस पर जब सम्पूर्ण सृष्टि में देवता पुनः जाग्रत हुए। उसी शुभ घड़ी में नर्मदा तट पर भक्ति, प्रकाश और संस्कृति का महा-संगम देखने को मिला। श्रीराम पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'दीपोत्सव पर्व-2025' में सेठानी घाट पर 51 हजार दीपों की रोशनी से पूरा तट आलोकित हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा की ▶▶ शेष पेज 4 पर


घट गए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम

## भोपाल में 1853.5 रुपए में मिलेगा यह सिलेंडर

**रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम घट गए हैं। नई कीमत 1 नवंबर 2025 यानी से लागू हो गई है। आईओसीएल की वेबसाइट के मुताबिक 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रिवाइज्ड कीमत दिल्ली में 1590.50 रुपए हो गई है, जो पहले 1595.50 रुपए थी। हालांकि, रसोई गैस सिलेंडर या 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों पर कोई असर नहीं हुआ है। इससे पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर



कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर

जीएसटी में कटौती के बाद भी भरा सरकार का खजाना

कारण-फेस्टिव डिमांड और रुकी हुई खपत

## अक्टूबर में जीएसटी कलेक्शन 1.95 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू हुई थीं। जीएसटी रेट कट से खाने-पीने के सामान से लेकर रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली अधिकतर चीजें सस्ती हो गईं थी। इसके बावजूद सरकार का खजाना भरा है। अक्टूबर के जीएसटी संग्रह में उछाल देखा गया है।

शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार फेस्टिव डिमांड और रुकी हुई खपत के कारण अक्टूबर में भारत का ग्रॉस गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन पिछले साल के मुकाबले 4.6% बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया। जबकि अक्टूबर 2024 में यह 1.87 लाख करोड़ रुपए था। रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी कलेक्शन में हुई यह बढ़ोतरी ▶▶ शेष पेज 4 पर



मानसून तीन महीने 28 दिन सक्रिय रहा, पर पीछे बादल व बौछारें छोड़ गया


आज बैतूल, छिंदवाड़ा बड़वानी, खरगोन, खंडवा में होगी बारिश

## दो हफ्ते के बाद रहिए तैयार, पड़ेगी कड़ाके की सर्दी आज से खिलेगी धूप और बढ़ेगा दिन-रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले तीन दिनों से प्रदेश के जिलों में बादल और बारिश का सिलसिला शनिवार को थम गया है, जिससे जबलपुर, धार, दतिया, बड़वानी, गुना और भोपाल को छोड़कर अधिकतर जिलों में धूप-छांव का दौर चलता रहा।

अब रविवार से प्रदेश के अधिकतर जिलों में धूप खिलेगी, जिससे दिन के तापमान में चार से पांच डिग्री तक उछाल आएगा। हालांकि, न्यूनतम तापमान स्थिर रहने से सर्दी का असर सामान्य रहेगा। इधर कड़ाके की सर्दी के लिए लोगों को 15 नवंबर तक इंतजार करना पड़ेगा। शनिवार को अरब सागर में बने चक्रवात की वजह से जबलपुर, धार, दतिया, बड़वानी, गुना और भोपाल में बूंदाबांदी हुई। जबकि ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी का जवाहर चौक, शाम 5 :40 बजे का दृश्य।

### अक्टूबर में रहा बारिश-बादल का पैटर्न

अक्टूबर में मानसून की विदाई, गर्मी और हल्की ठंड का दौर रहता है। इस साल भी ऐसा ही मौसम रहा। तीन महीने 28 दिन सक्रिय रहने के बाद 13 अक्टूबर को मानसून पूरे प्रदेश से विदा हो गया। हालांकि, पूरे महीने ही प्रदेश के किसी न किसी हिस्से में बारिश, गरज-चमक, आंधी या बादल वाला मौसम रहा।

### 15 नवंबर से पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

15 नवंबर से ठंड का असर बढ़ेगा। खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में, जहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं, वहां पारा लुढ़केगा। ग्वालियर में 56 साल पहले नवंबर में रात का तामपान रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

# मप्र में तीन सेक्टर में पीएमश्री हेली सर्विस शुरू, मप्र को मिली अनुपम सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा की अनुपम सौगात मिली है। इससे पर्यटकों को पैकेज के रूप में सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी। शुरुआती चरण में प्रदेश के 3 सेक्टर में पीएम श्री हेली सर्विस शुरू की जा रही है। भोपाल से मढ़ई-पचमढ़ी, इंदौर से उज्जैन-ओंकारेश्वर और जबलपुर से कान्हा-बांधवगढ़ सेक्टर पर पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे परिसर में आयोजित विशेष समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अभी भोपाल से सड़क मार्ग से पचमढ़ी जाने में साढ़े 5 घंटे लगते है, नई पीएमश्री हेली सर्विस से पर्यटक सिर्फ 45 से 50 मिनट में पचमढ़ी पहुंच सकेंगे। पीएम श्री पर्यटन हेली सर्विस जबलपुर से कान्हा और बांधवगढ़ को लिंक करेगी। इंदौर से उज्जैन और ओंकारेश्वर के बीच हेलीकॉप्टर सेवा से एक दिन में दोनों ज्योतिर्लिंग के दर्शन हो जाएंगे। बाबा महाकाल की नगरी में प्रदेश का 9 वां एयरपोर्ट विकसित किया जाएगा।

### राजा भोज एयरपोर्ट में उन्नयन कार्यों का भी हुआ शुभारंभ


पीएमश्री हेली सर्विस शुभारंभ अवसर पर उद्बोधन देते सीएम।

**आयुष्मान कार्ड से नागरिकों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस सर्विस**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू कहते हैं कि मप्र में एविएशन सेक्टर की अपार संभावनाएं हैं। पीएमश्री एंबुलेंस देश में सबसे पहले मप्र में संचालित हो रही हैं। एयर एंबुलेंस के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो रहा है। आयुष्मान कार्ड से नागरिकों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस सर्विस सेवा का लाभ ले रहे हैं। गैर आयुष्मान कार्ड धारकों को पेड सर्विस भी दी जा रही है। सतना जैसे छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा गया है। यहां से छोटे प्लेन संचालित किए जा रहे हैं।

**रीवा से इंदौर के बीच 20 नवंबर से इंडिगो की सीधी हवाई सुविधा**

मप्र में पहली बार इंट्रा स्टेट एविएशन सर्विस की शुरुआत हुई है। रीवा से इंदौर के बीच 20 नवंबर से इंडिगो की सीधी हवाई सुविधा मिलेगी। रीवा से दिल्ली हवाई सेवा भी पूर्वी मध्यप्रदेश के लिए अद्भुत सौगात है। हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश में 3 नए एयरपोर्ट रीवा, सतना और दतिया में शुरू किए गए। बदलते दौर में रीवा तेजी से विकास करने वाला नगर बना है।

**अभी तक 10 हजार से अधिक पर्यटक कर चुके हैं यात्रा**

अपर मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि अभी तक 10 हजार से अधिक पर्यटक यात्रा कर चुके है। मप्र भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य है। इसलिए प्रदेश में एयर कनेक्टीविटी को बढ़ाते हुए पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। देश में इंट्रा स्टेट एयर कनेक्टीविटी स्थापित करने वाला मप्र पहला राज्य है। इस योजना से प्रदेश में पर्यटन को नई गति मिलेगी।

***इन 3 प्रमुख सेक्टरों में होगा संचालन***

*मप्र के प्रमुख पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों के मध्य हवाई यात्रा को सुलभ बनाने के लिए 3 सेक्टरों में प्रादेशिक हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाय की जाएगी।*

***सेक्टर-1 में***- *इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर,, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर के बीच सेवा संचालित की जाएगी।*

***सेक्टर-2 में***- *भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर के बीच सेवा संचालित की जाएगी।*

***सेक्टर-3 में***- *जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसुली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकॉप्टर सेवा संचालित की जाएगी।*

---

मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का शुभारंभ

# मप्र लगातार गढ़ रहा विकास के नए पैमाने पिछले दो वर्षों में हुए विकास के कई कार्य



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

*मुख्यमंत्री ने किया लाल परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' को संबोधित, कहा-दो वर्ष में विकास के अनेक असंभव कार्य पूर्ण हुए हैं।*


अभ्युदय कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पिछले दो वर्ष में प्रदेश में विकास के कई ऐसे कार्य पूर्ण हुए हैं, जो असंभव माने जाते थे। मप्र विकास के नए पैमाने गढ़ रहा है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना का कार्य तेजी से हो रहा है। औद्योगिक विकास दर उल्लेखनीय 24% प्राप्त की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लाल परेड ग्राउंड में मप्र स्थापना दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो टाइगर रिजर्व भोपाल वन विहार और माधव नेशनल पार्क शिवपुरी हैं। यही नहीं नौ टाइगर रिजर्व अभयारण्य प्रदेश में हैं। प्रदेश में ओंकारेश्वर में 27वां अभयारण्य शुरू हो रहा है, जिसका क्षेत्र खंडवा और देवास जिलों में रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश को अनेक सौगातें मिली हैं।

**उज्जैन में आए 7 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में विरासत के संरक्षण के साथ विकास का कार्य हो रहा। सांस्कृतिक अनुष्ठान जारी है। उज्जैन में 7 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आए हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। ओरछा और चित्रकूट प्रदेश के विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक आस्था के केंद्र हैं। चित्रकूट में 28 करोड़ से अधिक राशि से अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। पिछले 2 वर्ष में प्रदेश में तीन एयरपोर्ट दतिया, सतना और रीवा में प्रारंभ हुए हैं। आज उज्जैन की हवाई पट्टी के एयरपोर्ट के रूप में विकास के लिए एमओयू हुआ है।

**राज्य को मिली तीन अंतरर्राज्यीय परियोजनाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीन अंतर्राज्यीय सिंचाई परियोजनाएं प्रारंभ हुई है। केन-बेतवा, पार्वती-काली-सिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना और ताप्ती मेगा परियोजना के माध्यम से प्रदेश का विशाल क्षेत्र सिंचित होगा। पेयजल व्यवस्थाओं के साथ उद्योगों को भी पानी मिलेगा।

---

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत दिखाई झंडी

# मध्यप्रदेश के 4 जनजातीय बाहुल्य जिलों को 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट का लाभः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार की सभी गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है।

**कहा, जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए कृत-संकल्पित**

इस अभियान में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के दूरस्थ जनजातीय ग्रामों से जोड़ने के उद्देश्य से चलित चिकित्सालय इकाई - मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) का संचालन किया जा रहा है। यह प्रदेश के सभी जनजातीय अंचलों के समग्र एवं संतुलित विकास सहित स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की एक नई पहल है। डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से स्वास्थ्य विभाग द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाते सीएम डॉ. मोहन यादव।

***अब कुल 72 मोबाइल मेडिकल यूनिट होंगी संचालित***

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश में पहले ही प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) के अंतर्गत 21 जिलों के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को घर पर निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के 4 जनजातीय बहुल जिलों यथा आलीराजपुर, खंडवा, धार और झाबुआ में 6 अतिरिक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट्स भेजी जा रही हैं। इस प्रकार अब प्रदेश में कुल 72 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित होंगी।*

---

# महाकवि कालिदास भारत ही नहीं, विश्व के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों में शामिलः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि अवंतिका में जन्मे महाकवि कालिदास भारत ही नहीं, विश्व के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों में शामिल हैं। वे भारतीय संस्कृति के तेजस्वी प्रतीक हैं। कालिदास की लेखनी में न केवल शब्दों का वैभव है, बल्कि उसमें भारतीय आत्मा की झलक भी है। कालिदास समारोह हमारे गौरवशाली सांस्कृतिक इतिहास का उत्सव है। महाकवि कालिदास की रचनाएं भारतीय संस्कृति और साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। डॉ यादव शनिवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उज्जैन में आयोजित 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का वर्चुअल शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन न केवल महाकाल की नगरी है, बल्कि कालिदास जैसे युगप्रवर्तक और काव्य साधक कवि की कर्मभूमि भी रही है।


वर्चुअल शुभारंभ करते सीएम।

यहां आयोजित कालिदास समारोह का हर वर्ष बढ़ता गौरव पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महाकवि कालिदास के नाम पर आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक आयोजन को और अधिक भव्यता और व्यापकता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साहित्य और संस्कृति समाज को एकजुट करने का माध्यम मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि साहित्य और संस्कृति समाज को एकजुट करने का माध्यम हैं।

---

## सुनो शहर सरकार



### तो... निगम परिषद को अधिकारी परिषद बना दो

आमतौर पर तो लोगों को शिकायत रहती है कि उनके जनप्रतिनिधि क्षेत्र में नहीं आते और उनकी बात और समस्या नहीं सुनते, लेकिन जनप्रतिनिधियों का दर्द कौन जाने। बीते दिनों निगम परिषद की बैठक में वार्ड-12 के पार्षद देवेंद्र भार्गव आखिरकार बोल ही पड़े कि अफसर मोबाइल नहीं अटेंड करते, जनता हमसे सवाल करती है। निगम परिषद को अधिकारी परिषद बना दो, हमारी कोई नहीं सुनता। उनके इस वक्तव्य पर परिषद की बैठक में मौजूद अन्य कई सदस्यों ने भी हां में हां मिलाई। मौके पर निगम आयुक्त सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

### निगम आयुक्त के औचक निरीक्षण का भय

निगम आयुक्त अब तो कभी भी सुबह किसी भी क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने पहुंचने लगी हैं। दूसरे निरीक्षण के दौरान उन्हें जब सफाई कर्मचारी नहीं मिले तो उन्होंने एएचओ से सफाई कर्मचारियों की गिनती करने के लिए स्पॉट पर जाने को और उन्हें संख्या बताने को कहा। यह बात जब अन्य जोन के एएचओ को पता चली तो अधिकांश गिनती करने में ही जुट गए। कई जोन के एएचओ के पास तो संख्या थी, लेकिन जिनके पास नहीं थी उन्होंने गिनती तक कर डाली। बहरहाल निरीक्षण का असर यह हुआ कि सफाई अमला सुबह सात बजे के पूर्व ही मौके पर पहुंचने लगा। डर यह है कि पता नहीं कब और कहां निगम आयुक्त पहुंच जाएं।

### निगम के लिए सिरदर्द बन गई फेस अटेंडेंस

नगर निगम के लिए फेस अटेंडेंस व्यवस्था अब सिरदर्द बनती जा रही है। दरअसल, जितने कर्मचारी नहीं हैं उससे ज्यादा पंजीयन होने का मामला चर्चा में आ गया। इसके चलते खुद निगम प्रशासन भी हैरान है। हालांकि निगम के अफसरों और अन्य जिम्मेदारों ने बचाव में अपने-अपने तर्क तो दिए, लेकिन प्रथम दष्टया तो चौंकाने वाली बात है। एक कांग्रेस नेता ने तो निगम आयुक्त को एक सूची तक सौंप दी कि आप जांच करवा लें। खैर निगम प्रशासन ने फेस अटेंडेंस के लिए हुए पंजीयन में संख्या में बढ़ोतरी को लेकर दोबारा पंजीयन करने और जांच की बात तो कही है।

एम.एम.सिद्धीकी

---

# बिजली संविदा कर्मचारी नियमित पदों को मर्ज करने आज मुख्यमंत्री का कराएंगे ध्यान आकर्षण

◆ आंबेडकर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रदेश भर के बिजली संविदा कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के ऊर्जा विभाग में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों और अधिकारियों को विभाग के रिक्त 49 हजार 263 नियमित पदों पर पांच हजार विद्युत संविदा कर्मियों को मर्ज करने का प्रस्ताव सरकार के पास पहुंचाया गया है। सरकार ने अब तक इस पर किसी तरह के एक्शन के संकेत नहीं दिए हैं। तीन माह पहले दिए गए प्रस्ताव पर कार्रवाई न होने पर अब संविदा अधिकारी कर्मचारी रविवार को भोपाल के आंबेडकर मैदान में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण करेंगे। इसमें ऊर्जा विभाग के कार्यक्रम से जुड़े संगठन के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होंगे।

■ ऊर्जा विभाग से जुड़े संगठन के अधिकारी और कर्मचारी भी होंगे शामिल

मध्य प्रदेश यूनाइटेड फोरम फॉर एम्प्लाइज एवं इंजीनियर्स संस्थापक इंजीनियर व्हीकेएस परिहार ने बताया एमपी की सभी बिजली कंपनियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को प्रस्ताव दिया है कि वितरण कम्पनियों के संगठनात्मक स्ट्रक्चर में नियमित पद के मंजूर होने पर उन पदों पर संविदा पर कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को नियमित किया जाए। प्रस्ताव पर सरकार ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया है।

**55 जिलों में कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों को देंगे ज्ञापन**

संगठन के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया मप्र के 55 जिले में कलेक्टर और क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जा रहा है। हमारी मांग है कि नई भर्तियां होने से पहले परीक्षा के माध्यम से आए हुए संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर सीधा समाहित किया जाए। मुख्यमंत्री के ध्यान आकर्षण के रविवार को आंबेडकर मैदान में सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा।

---

# एसआईआर के लिए कांग्रेस अलर्ट, बनाई कमेटी- पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी में शुरू हुई एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की कार्यवाही की मॉनिटरिंग के लिए कांग्रेस अलर्ट है। बिहार में मतदाता सूची के लिए हुए एसआईआर पर चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगा चुकी कांग्रेस ने अब एमपी में आयोग की पूरी कार्यवाही का मॉनिटरिंग के लिए 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने गठित कमेटी से कहा है कि पूरे एसआईआर कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ इसमें कोआर्डिनेशन का काम भी कमेटी में शामिल सदस्य और पार्टी नेता करेंगे। कांग्रेस ने जेपी धनोपिया को चुनाव आयोग से संबंधित मामलों के लिए प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप रखी है और वे पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा बुलाई गई स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग द्वारा तय टाइम और अन्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठा चुके हैं।

***7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया***

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा। 9 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 7 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।*

---

खेतों में पहुंचकर की किसानों से की चर्चा

# दतिया में बेमौसम बारिश से फसलें खराब, पूर्व गृहमंत्री ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बेमौसम बारिश और अतिवृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। दतिया जिले में सैकड़ों एकड़ खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूब गईं और भारी नुकसान हुआ है।

किसानों की परेशानी को देखते हुए प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा रविवार को अल्प प्रवास पर दतिया पहुँचे और प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। डॉ. मिश्रा ने इस दौरान किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और खेतों में जाकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सर्वे रिपोर्ट तत्काल तैयार कर पीड़ित किसानों को शीघ्र राहत राशि दी जाए।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि किसान प्रदेश की रीढ़ हैं। डॉ. मिश्रा ने दौरे के दौरान उन्होंने पचोखरा, सीतापुर, गोविन्दपुर, रिछारी, नोनेर, पलोथर और उदगुवा जैसे अतिवृष्टि प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया।

---

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की शिकायतें पहुंची सीएम हेल्पलाईन

# शिकायतों की भरमार, अतिक्रमण-आवारा कुत्तों से भोपाल त्रस्त ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और जबलपुर की शिकायतें भी अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर सरकार में ग्वालियर के नगरवासी सबसे ज्यादा परेशान हैं। पूरे मध्यप्रदेश में सीएम हेल्पलाईन पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सर्वाधिक 59 हजार शिकायतें इसी शहर से है। दूसरे नंबर पर भोपाल, फिर इंदौर और जबलपुर चौथे स्थान पर है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की पांच लाख 36 हजार 544 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। उज्जैन शहरी शिकायतों के मामले में पांचवें स्थान पर हैं। यहां 18 हजार शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंची है। सागर जिले में 17 हजार 486 शिकायतें पहुंची है। दस हजार से अधिक शिकायतों वाले शहरों में सागर, मुरैना, रीवा, सतना, भिंड, रतलाम, छतरपुर, शिवपुरी, गुना जैसे शहर शामिल है। राजधानी भोपाल जो शहरी क्षेत्रों में शिकायत के मामले में दूसरे नंबर पर है यहां 57 हजार 707 शिकायतें है। इंदौर में 54 हजार 704 और जबलपुर में 35 हजार 738 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। सीएम हेल्पलाईन में पहुंची शिकायतों में से 74 फीसदी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

अरेरा कॉलोनी में आवारा कुत्ते।


***आवारा कुत्तों के काटने के मामले में भोपाल आगे***


*यहां आवारा कुत्तों से जुड़ी 3448 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं भी सीएम हेल्पलाइन मामले में पांचवें स्थान पर है यहां सर्वाधिक भोपाल में हुई है। ग्वालियर में 1496 लोग आवारा कुत्तों से परेशान है, जिन्होंने आवारा कुत्तों से परेशानी की शिकायत की है। जबलपुर में ऐसी 1346 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। रतलाम में 623 और उज्जैन में 557, खंडवा में 439 लोग आवारा कुत्तों से परेशान है। इनके अलावा देवास, कटनी, रीवा, बुरहानपुर, सतना, मुरैना और सिंगराली में भी आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने सीधे सीएम हेल्पलाईन में शिकायतें की है।*

***आवारा पशुओं से ग्वालियर में परेशानी***

*आवारा पशु, गाय-बैल, भैंस से ग्वालियर के लोग सर्वाधिक परेशान है यहां 413 शिकायतें आई हैं। जबलपुर में 237 लोग आवारा पशुओं से परेशान है। जबलपुर में ऐसी 237 और उज्जैन में 206 शिकायतें आई है। जबलपुर में सुअरों का आतंक पहुंची है। जबलपुर में 983, ग्वालियर में 804 अतिक्रमण की शिकायतें पहुंची है। रीवा में 411, उज्जैन में 374 शिकायतें पहुंची है। खंडवा, मुरैना, कटनी, रतलाम, देवास, बुरहानपुर, सागर, छिंदवाड़ा और सिंगरौली में भी अतिक्रमण की शिकायतें पहुंची है।*



सिंहस्थ 2028 का भव्य और आकर्षण नजारा।



ड्रोन से उकेरा गया भारत देश का भव्य नक्शा


हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025


# नभ पर नजर... 2 हजार ड्रोन से दिखाया विरासत से विकास का सफर

- *देश में पहली बार ड्रोन के माध्यम से दिखाई विराट और आकर्षक झिलमिल आकृतियां*
- *लाल परेड ग्राउंड में हजारों की संख्या मे मौजूद दर्शकों ने रोमांच का अनुभव लिया*


लाल परेड ग्राउंड में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम में ड्रोन के जरिए बनाई गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकृति


मप्र की विकास यात्रा की प्रस्तुति



ड्रोन के जरिए की गई अभ्युदय मध्यप्रदेश की आकर्षक प्रस्तुति

## ऐसा लग रहा है, जैसे यहां स्वर्ग उतर आयाः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त नागरिकों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां का वातावरण देख कर ऐसा लग रहा है, जैसे यहां स्वर्ग उतर आया है। यहां एक के बाद एक लघु फिल्म के आधार पर मध्यप्रदेश के विकास की झलकियां दिखाई गईं। बीते साल के साथ किए गए अलग-अलग काम, जिसके बलबूते पर हर क्षेत्र में विकास के जो नए पैमाने गढ़े गए थे। शनैः-शनैः हम एक-एक कर उन सबको पार करते गए थे। चुनी हुई सरकार के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य को बेहतर से बेहतर मुकाम तक पहुंचाने के लिए लगातार पड़ाव दर-पड़ाव पार किए उस तरह की यात्रा में हम बढ़े हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थापना दिवस पर पहली बार तीन दिवसीय कार्यक्रम हो रहे। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन दो दिन होगा। रविवार और सोमवार को यह प्रस्तुति देखने सभी लाल परेड ग्राउंड आएंगे। मन भावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आने वाले 2 दिन राज्य उत्सव की धूम रहेगी। प्रदेश के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया जा सकता है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश का शुभारंभ शनिवार को लाल परेड ग्राउंड पर भव्य ड्रोन शो से हुआ। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी परिषद् ने देश में पहली बार 2000 ड्रोन के भव्य शो में हजारों दर्शकों को रोमांच का अनुभव कराया।

ड्रोन के उड़ते ही आसमान में समृद्ध और सशक्त मध्यप्रदेश के जीवंत दृश्य नजर आने लगे। विरासत से विकास पर केन्द्रित इस ड्रोन शो में 12 आकृतियां दर्शायी गईं।

### स्वतंत्रता संघर्ष, सांस्कृतिक विविधता, आत्मनिर्भर मप्र की यात्रा दिखाई


ड्रोन शो को देखने के लिए राजधानीवासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

*ड्रोन के माध्यम से सर्वप्रथम मध्यप्रदेश के मानचित्र का निर्माण हुआ। भारत के ह्रदय में बसा यह पावन भूभाग – मध्यप्रदेश। इसके बाद प्राचीन विरासत, स्थापत्य विरासत कला विरासत, सांस्कृतिक विविधता स्वतंत्रता और संघर्ष, मध्यप्रदेश, कृषि से आत्मनिर्भरता से लेकर भविष्य की ओर बढ़ते मध्यप्रदेश के कदमों को मनमोहक और आकर्षक आकृतियों में उकेरा गया।*


ड्रोन शो में भव्य आतिशबाजी को देखते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल, मंत्री काश्यप और लोधी

---

### नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुईं घटना

**शाहजहांनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज सफाई कर्मी भी पहुंचे**

## कचरा नहीं उठाने को लेकर इंजीनियर ने वार्ड दारोगा से गाली-गलौज कर की पिटाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

शहर के ईदगाह हिल्स स्थित पीएनबी कॉलोनी में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन न होने से नाराज एक इंजीनियर ने अपने साथियों के साथ वार्ड-10 के दारोगा से गाली-गलौज कर जमकर पिटाई कर दी। यह घटना समीप घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस ने दारोगा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने पर कई सफाई कर्मचारी भी थाने पहुंचे।

जानकारी के अनुसार रोज की तरह वार्ड 10 का डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन अमला ईदगाह हिल्स स्थित पीएनबी कॉलोनी में घर-घर कचरा कलेक्शन कर रहा था। तभी वार्ड दारोगा संजय टांक व्यवस्था देखने पहुंचे। इसी दौरान कॉलोनी में रहने वाले पेशे से इंजीनियर संतोष ने उसके घर से कचरा न उठने की शिकायत की। इस पर दारोगा ने इंकार कर दिया तो दोनों के बीच कहासुनी हुई और गाली-गलौच के साथ मारपीट हो गई। वार्ड दारोगा ने गाली-गलौज न करने की बात कही तो संतोष ने कुछ अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया और वार्ड दारोगा के साथ झूमाझटकी कर मारपीट शुरू कर दी। कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर मामला खत्म कराया।


वायरल वीडियो में दारोगा से मारपीट करते लोग

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

वार्ड दारोगा के साथ मारपीट की घटना का वीडियो कॉलोनी के एक घर में लगे कैमरे में रिकार्ड हो गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। वार्ड दारोगा ने घटना की जानकारी प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को दी। जिनके निर्देश पर वार्ड दारोगा ने शाहजहांनाबाद थाने पहुंचकर संतोष व अन्य के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ ही शासकीय कार्य में बाधा डालने की एफआईआर दर्ज कराई।

**मामला दर्ज किया है**

निगम के वार्ड दारोगा की शिकायत पर मारपीट करने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**उमेश पाल चौहान**
थाना प्रभारी, शाहजहांनाबाद

---

*शहर में 70 हजार से ज्यादा बिजली के पोल, सवा लाख से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें लगी*

**800 से ज्यादा वैपर लैंप हैं, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में 6 माह से बंद**

## निगम के अफसर रोड पर घूमे, तब 75% लाइटें ही शुरू करवा पाए, 25 प्रतिशत अब भी बंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

दीपावली के पहले महापौर मालती राय की नाराजगी के बाद निगम के अफसर शहर की सड़कों पर बंद लाइटों का पता लगाने घूमे जरूर, लेकिन 75 फीसदी लाइटें ही दुरुस्त करवा पाए। निगम का मैदानी अमला बंद लाइट वाले क्षेत्रों में दिन-रात सुधार कार्य में लगा रहा, लेकिन 25 फीसदी लाइटें अब भी बंद हैं और सड़कों पर अंधेरे की समस्या बनी हुई है। महापौर ने 13 अक्टूबर को विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान बंद लाइटों को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी। इसके दूसरे दिन स्मार्ट सिटी, नगर निगम के अफसरों ने शहर की सडकों का निरीक्षण किया तो अधिकांश क्षेत्रों में सड़कों पर लाइटें बंद मिलीं।

शहर में निगम के अफसरों के अलावा जोन स्तर पर अमले ने बंद लाइटों वाले स्थानों को चिन्हित किया और लाइटें दुरुस्त करवाने में जुट गया। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में अब भी अंधेरा है और लाइटें बंद हैं।


पीजीबीटी कॉलेज रोड पर बंद स्ट्रीट लाइट।

**सार्वजनिक और भीड़ वाले इलाकों पर दिया ध्यान**

*निगम के अमले ने बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का काम मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर किया। अंदरुनी क्षेत्रों में ध्यान नहीं दिया। इसके चलते पुराने शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों, रायसेन रोड, अवधपुरी से लगी कई कॉलोनियों, बाग मुगालिया क्षेत्र, कोलार सहित संत हिरदाराम नगर के कई अंदरुनी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। बरखेड़ी, काजीकैंप के अंदरुनी क्षेत्रों में छह माह से लाइटें बंद हैं।*

**जल्द ही ठीक करवाएंगे**

त्योहारी सीजन के चलते ऐसे इलाकों में लाइटें सुधरवाने का काम हुआ, जो मुख्य मार्ग थे या सार्वजनिक स्थल। कम समय में अधिक लाइटें सुधारने का काम हुआ। अधिकांश जगह अब भी समस्या की बात सही है। जहां समस्या है, वहां भी जल्द ही स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाई जाएंगी।

**मालती राय,** महापौर

## जैकेट का शेष....

### मुख्यमंत्री ने कहा विजन...

एवं ग्रामीण विकास विभाग से विकसित वॉश ऑन व्हील्स मोबाइल एप का लोकार्पण किया। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने डॉक्यूमेंट के उद्देश्यों तथा विभिन्न बिंदुओं पर प्रेजेंटेशन दिया। इस मौके पर मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, अडाणी ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव अडाणी, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, एयरपोर्ट अॅथोरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन विपिन कुमार सहित उद्योग समूहों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**विकसित मप्र के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ- सुख, समृद्धि और सुसंस्कृतिः** मुख्य सचिव जैन ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए हर जिले और पंचायत तक से सुझाव लिए गए। डॉक्यूमेंट तैयार करने में नीति आयोग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। विकसित मप्र के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ-सुख, समृद्धि और सुसंस्कृति हैं। देश में कल्चरल इकोनॉमी के विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में रोजगार और उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए मेक इन मप्र पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किसानों को नई तकनीक से जोड़ा जाएगा। प्रदेश के 97 प्रतिशत किसानों की डिजिटल रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। इस मामले में मप्र नंबर वन है। प्रदेश में 3 एआई सिटी विकसित की जाएंगी। मप्र देश का एकमात्र ऐसा राज्य होगा, जहां पूरी सरकार एक स्क्रीन पर मौजूद होगी। एमपी ई-सेवा पोर्टल से नागरिकों को 500 सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त होंगी। शेष विभागों की 1750 सेवाएं भी जल्द ही ऑनलाइन मिलने लगेंगी।

### अगले तीन वर्षों में दो..

60 हजार सरकारी पदों पर भर्तियां की जा चुकी हैं। प्रधामनंत्री मित्र पार्क, भोपाल के पास रायसेन जिले के उमरिया गांव में आ रही रेल कोच फैक्ट्री से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होंगे। अगले 3 वर्षों में 2 लाख शासकीय नौकरियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मुख्यमंत्री जन सेवा के हैं...

अपितु विकास और समृद्धि के लिए भी देश में विशेष पहचान बनाएगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. सुमन के. बेरी ने कहा कि मप्र भौगोलिक रूप से ही नहीं अपितु जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से भी देश का दिल है। विजन डॉक्यूमेंट प्रधामनंत्री मोदी के वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित करने का सुझाव दिया।

### आईएएस भव्या व...

से वॉट्सएप मैसेज आया। यह मैसेज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम से था और डीपी पर उनकी तस्वीर भी लगी थी, शुरुआत में कुछ देर के लिए बीएमओ ने इस पर भरोसा भी किया, लेकिन मैसेज की भाषा पढ़कर उन्हें कुछ शक हुआ। उन्होंने इसकी सूचना कुक्षी एसडीएम विशाल धाकड़ को दी। इस दौरान जांच में सामने आया कि उक्त नंबर विदेशी नेटवर्क से संचालित हो रहा था।

इसी तरह के मैसेज हाल ही में खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल के नाम से कई अधिकारियों को भेजे गए थे। कलेक्टर की ओर से यह जानकारी खरगोन पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा को दी। इस दौरान जांच में आया कि उक्त नंबर वियतनाम का था।

### कांग्रेस जिलाध्यक्षों...

चुका है, लेकिन तय तारीख जल्द घोषित होगी। ट्रेनिंग कैंप के तुरंत बाद 60 दिनों का प्रोग्राम घोषित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए सभी नेताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

**कार्यक्रम 8 से 10 नवंबर के बीच संभावितः** पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद शामिल होंगे। पीसीसी के मुताबिक राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम 8 से 10 नवंबर के बीच संभावित है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण का मतदान होना है।

राहुल गांधी ट्रेनिंग के दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं।

**मैनेजमेंट से सीखेंगे कांग्रेस जिलाध्यक्षः** कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्ष 10 दिनों तक पचमढ़ी में रहकर प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान अलग-अलग एक्सपर्ट्स डेली रूटीन, पब्लिक डीलिंग, बूथ मैनेजमेंट, कैडर मैनेजमेंट से लेकर चुनौतियां और भविष्य की रणनीति सिखाएंगे।

### थल सेना प्रमुख ने ऑपरेशन...

कि यह एक आधुनिक युद्ध के साथ-साथ एक सैद्धांतिक युद्ध भी था। उन्होंने इस मिशन के सिद्धांतों का खुलासा करते हुए कहा कि आतंकवादी जितने थे, हमने उन्हें नष्ट किया। लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया कि हमला तब न हो जब कोई नमाज पढ़ रहा हो या प्रार्थना कर रहा हो। सेना प्रमुख ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यार्थी जीवन की नींव को दिया।

उन्होंने कहा कि निर्णय लेने की जो क्षमता मैंने सीखी, वह चौथी कक्षा में इसी विद्यालय में सीखी थी। यही क्षमता ऑपरेशन सिंदूर में निर्णायक सफलता दिलाने में काम आई। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो विद्यार्थी आज परिश्रम करता है, वही कल सफलता की ऊंचाइयां छूता है।

## पेज एक का शेष....

### सीढ़ियों की रैलिंग....

मौत नहीं हुई है। घटना में केवल 9 लोगों की जान गई है, जिसमें एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। पुलिस का कहना है कि यह मंदिर सरकारी नहीं था। यह एक निजी मंदिर है, जिसका हाल ही में निर्माण हुआ है। हादसा सीढ़ियों के पास लगी लोहे की ग्रिल गिरने के कारण हुआ। लोगों का लगा कि कुछ गिर रहा है और सभी घबरा गए। पुलिस ने कहा कि कोई भगदड़ नहीं हुई।

लोग 6 फीट की ऊंचाई से गिरे, इससे एक व्यक्ति दूसरे पर गिर गया और हादसा हो गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह दुर्घटना मंदिर के मालिक की गलती के कारण हुई है। उन्होंने पुलिस बंदोबस्त के लिए आवेदन नहीं किया था, न ही उन्हें अनुमति दी गई थी। पीएम मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। आंध्रप्रदेश सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर 'गैर-इरादतन हत्या' (आईपीसी की धारा 304) के तहत मामला दर्ज किया गया है। काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को 4 महीने पहले अगस्त में दर्शन के लिए खोला गया था। मंदिर 13 एकड़ में फैला है। निर्माण में 10 साल लगे।

### मंदिर पहली मंजिल....

इलाज के निर्देश दिए हैं। उधर, स्वास्थ मंत्री सत्य प्रकाश ने दावा किया कि शनिवार को 25 हजार से ज्यादा लोग दर्शन के लिए पहुंच गए थे, जबकि मंदिर की क्षमता इतनी नहीं है।

### हादसे के बाद....

चीखते-चिल्लाते दिखे। कई तो अपनी जान बचाने के लिए लोगों के ऊपर चढ़कर निकलते दिखे। वहीं, हादसे के बाद के वीडियो में लोग भीड़ में दबी महिलाओं और बच्चों को बाहर निकालते दिखे। महिलाएं भगदड़ वाली जगह पर इधर-उधर बेसुध पड़ी दिखाई दीं। लोगों भीड़ में से महिलाओं को उनके हाथ-पैर पकड़कर खींचते दिखाई दिए।

### खरगे को इतिहास...

उन्हें याद करते हुए खरगे ने कहा था कि सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

### भाजपा से इसलिए...

कार्य किया जा रहा है। जातिगत जनगणना वहीं तक उचित है जहां तक इसके दुष्परिणाम जातिगत सामाजिक बुराई को न बढ़ाएं। लिविंग रिलेशनशिप संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ये सामाजिक बुराई है। इससे समाज को आंकलन करना है,गलत है तो प्रयास भी समाज को करना है। भाजपा और संघ की घनिष्ठता पर उन्होंने कहा ओर दल कम स्वयंसेवकों को पदाधिकारी बनाते हैं। भाजपा ज्यादा। इसलिए नजदीकी है। चुनाव में संघ की भूमिका अधिक और सार्थक मतदान कराने की होती है। मणिपुर में जल्द राज्य सरकार का गठन हो वहां की जनता ओर संघ दोनों चाहते हैं।

### एक साल में ....

हैं। इसके अतिरिक्त साप्ताहिक मिलन 32362 हैं। यह दोनों मिलाकर कुल स्थान 87414 होती है।

### दुर्घटना से नाराज....

मोतीलाल कुशवाह और कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की बातचीत के बाद पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर बस और उसके स्टाफ को सुरक्षित छुड़वाया। पुलिस ने बाद में दुर्घटना से संबंधित मामले में बस को जब्त कर लिया। बस संचालक सलीम ने बस अपहरण के संबंध में कोतवाली थाने में आवेदन दिया है। एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सारंगाखेड़ी लौटते ....

(22) सेन अपनी बाइक से गांव लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में बबलू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया और उज्जैन में उसका इलाज चल रहा है। दोनों भाई आगर शहर में सैलून की दुकान चलाते थे और रोजाना रात को दुकान बंद कर गांव लौटते थे। ग्रामीणों को संदेह था कि दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन यही बस थी।

### वाराणसी, प्रयागराज, ...

विंध्याचल और वाराणसी को जोड़ेगी। इसकी समय-सारिणी जारी कर दी गई है। संगम नगरी में इस ट्रेन का दोनों ओर से प्रयागराज छिवकी में ठहराव होगा। वाराणसी से यह ट्रेन सुबह 5:25 बजे चलकर 6:55-6:57 बजे विंध्याचल पहुंचेगी। प्रयागराज छिवकी में इसका आगमन-प्रस्थान सुबह 8:00-8:05 बजे होगा। यहां से चलने के बाद ट्रेन चित्रकूट धाम में सुबह 10:05-10:07 बजे रूकेगी। इसके बाद 11:08-11:10 बजे बांदा, 12:08-12:10 बजे महोबा और दोपहर 1:10 बजे ट्रेन खजुराहो पहुंचेगी। वापसी में खजुराहो से ट्रेन की रवानगी दोपहर 3:20 बजे होगी। महोबा में शाम 4:18-4:20 बजे, बांदा में शाम 5:13-5:15 बजे और चित्रकूट में इसका आगमन-प्रस्थान शाम 6:13-6:15 बजे होगा।

रात 8:20-8:25 बजे ट्रेन प्रयागराज छिवकी, रात 9:10-9:12 बजे विंध्याचल और रात 11 बजे वंदे भारत ट्रेन वाराणसी पहुंचेगी। वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत का संचालन शुरू होने साथ प्रयागराज के खाते में पांच वंदे भारत हो जाएगी। अभी तक चार वंदे भारत प्रयागराज जंक्शन के रास्ते संचालित हो रही थी। अब यह पांचवीं वंदे भारत छिवकी के रास्ते चलेगी।

### गडकरी बोले- मेरे...

थे। गडकरी के इस बयान ने विकास और रोजगार के नए नजरिये पर बहस छेड़ दी है। गडकरी ने कहा कि आज देश में फंड की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि 'मार्केट में पैसा है, लोग निवेश करने को तैयार हैं, लेकिन काम की शुरुआत नहीं हो रही। जब कोई प्रोजेक्ट शुरू होता है, तभी रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और आर्थिक गतिविधियां तेज होती हैं।' उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वे नए प्रोजेक्ट शुरू करें ताकि देश में रोजगार और उत्पादन दोनों बढ़ सकें। गडकरी ने कहा कि भारत में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि 'जिस दिन आप काम की शुरुआत करेंगे, देखिएगा- इतने लोग आएंगे, इतनी नौकरियां बनेंगी कि आप सबको दे नहीं पाएंगे।'

मंत्री ने बताया कि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, जल परिवहन और ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टरों में हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट तैयार हैं। लेकिन उन्हें गति देने के लिए योग्य लोगों और सक्रिय उद्यमियों की जरूरत है।

**भारत में विकास की अपार संभावनाएंः** नितिन गडकरी का यह बयान इस बात की ओर इशारा करता है कि सरकार के पास संसाधन और पूंजी दोनों हैं, बस जरूरत है निष्पादन और कार्यान्वयन की।

उन्होंने कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने हिस्से का काम ईमानदारी से शुरू करे, तो भारत आर्थिक रूप से दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि 'देश में पोटेंशियल की कमी नहीं है, कमी है तो सिर्फ काम शुरू करने की इच्छा की।

### देव प्रबोधिनी एकादशी...

पूजा-अर्चना से हुई। वेदपाठी आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न कराया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में नर्मदाष्टक का गान किया और मां नर्मदा की महाआरती की गई।

नर्मदापुरम की गोधूलि बेला में जैसे ही दीप जलने लगे, घाट का हर कोना श्रद्धा और भक्ति की ज्योति से आलोकित हो उठा।घाट के दोनों ओर जिला प्रशासन ने भव्य प्रकाश सज्जा की थी, जिससे पूरा वातावरण मनमोहक बन गया।

### भोपाल में 1853.5....

कमर्शिय एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव अक्टूबर में हुआ था। अक्टूबर में 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में 15 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि अब 5 रुपए कम किए गए हैं।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और अन्य व्यावसायिक जगहों पर होता है। वेबसाइट के अनुसार यह सिलेंडर भोपाल में 1853.5 रुपए में मिलेगा।

सिलेंडर के साथ ही एटीएफ के दाम में भी बदलाव हुआ है। डोमेस्टिक रन के लिए हवाई फ्यूल दिल्ली में 94,543.02 रुपए प्रति किलो है। इसी तरह, इंटरनेशनल रन के लिए हवाई फ्यूल दिल्ली में 817.01 डॉलर प्रति किलो है।

### अक्टूबर में जीएसटी...

375 चीजों पर जीएसटी रेट में कटौती के बावजूद हुई।

### दो हफ्ते के ....

अन्य जिलों में बादल छाए रहे। अब रविवार को झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश हो सकती है।

सिस्टम का असर कम होने से राजधानी में दिन के तापमान में चार डिग्री का उछाल आया है, जिससे शुक्रवार तक पारा जहां 24 डिग्री दर्ज किया गया था, वह शनिवार को बढ़कर 28 पर आ गया। अब रात के पारे में भी उछाल आने की संभावना जताई जा रही है।

### 15 नवंबर से ....

महीने बारिश का चलन है। इस बार नवंबर के पहले सप्ताह में ही बारिश होने के आसार है।

तीसरे और चौथे सप्ताह में सिस्टम सक्रिय होने से भी बारिश हो सकती है।

**कार्यालय-थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**
**नगरीय पुलिस जिला-भोपाल**

क्रमांक/कोहे/भो/गुम इं/क्र-65/25 दिनांक 29/10/2025

**जाहिर सूचना**



दिनांक 26.10.2025 को सूचक निशा खान पति वसीम खान उम्र 25 साल निवासी स्वीमिंग पूल के पास सपारा अपार्टमेंट कोहेफिजा भोपाल मोः 6265658328 ने थाना आकर सूचना दिया कि दिनांक 20/10/25 के दोपहर करीब 12/00 बजे की बात है मेरी बहन सना खान पिता शकील खान उम्र 16 साल निवासी वार्ड नं.35 गुलाबगंज कैंट जिला गुना 9111553340 कही चली गयी है तलाश करने पर भी नही मिले, सूचना पर थाना कोहेफिजा पर गुम इंसान क्र. 65/25 कायम कर जॉच में लिया गया है। कायमी की सूचना एसडीएम महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई। उक्त गुम शुदा के सबंध में कोई जानकारी मिलती है तो थाना कोहेफिजा के मोबाईल नम्बर 9425370909(T.I.), 7587602008(I.O.), 9479990687 (H.C.M.), 7223935878 पर (H.C.M.) एवं सूचक निशा खान पति वसीम खान 6265658328 सूचना देने का कष्ट करें। गुम इंसान का हुलिया - स्त्री उम्र लगभग 16 साल करीबन, लम्बाई 05 फिट करीबन, शरीर दुबला पतला, आकृति- चेहरा लम्बा अण्डाकार नाक-लम्बी, मातृभाषा तथा भाषा-हिन्दी, बाल - भूरे काले, रंग-बहुत साफ गोरा, कपडे- काला बुरखा, पेरौ में चप्पल, नयन नक्श सुन्दर

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल
0755-267731

जी -20828/25 स्वच्छता ही सेवा

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

**नाम परिवर्तन**

मैं, मानसी चौहान, अपनी पुत्री दिव्यांगना सिंह की माता, यह घोषणा करती हूँ कि मेरी पुत्री का पूर्व में नाम अद्विता था। अब बदलकर उसका नाम दिव्यांगना सिंह कर दिया गया है अतः भविष्य में मेरी पुत्री को उसके नये नाम दिव्यांगना सिंह के नाम से उसके विद्यालय एवं सभी आधिकारिक दस्तावेजों में जाना - पहचाना जाए।

**CHANGE OF NAME**

I, MEGHA NITIN BHADANGE is wife of No. 15429843W Rank HAV Name BHADANGE NITIN SHANTARAM presently serving at 4021 FD HOSP BHOPAL , I have change my name from MEGHA DEVIDAS TELANG to MEGHA NITIN BHADANGE due to erronesouly mentioned my name as MEGHA NITIN BHADANGE in service document of my husband. That, MEGHA DEVIDAS TELANG and MEGHA NITIN BHADANGE both are name of mine and I am only one and same person.

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bond Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

वैवाहिकी
वधु चाहिए
✻ वधु चाहिए ✻
बंगाली क्षत्रिय, जनरल कास्ट, उम्र 36वर्ष, हाइट 5'-8" बीकॉम, स्वयं का दुकान, बिलासपुर निवासी।
मैरिज ब्यूरो क्षमा करें
-:सम्पर्क करें:- 7223094942


हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज्रियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## शब्द पहेली - 6035



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -6034 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल - 6045

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6044 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## स्मॉल कैप फंड्स ने 26 फीसदी तक दिया रिटर्न

# भर दी निवेशकों की झोली

- एसबीआई, एचडीएफसी समेत कई फंड्स का बेहतरीन प्रदर्शन
- 5 स्मॉल कैप फंड्स ने 7 गुना तक कर दी लंपसम की रकम
- 10 साल में एसआईपी पर 19 से 26 फीसदी तक रिटर्न दिया
- 1 लाख के लंपसम से 7 लाख तक का फंड तैयार हुआ
- इक्विटी में निवेश करना हो, तो लॉन्ग टर्म एसआईपी बेहतर तरीका

स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड्स हमेशा से हाई रिटर्न के लिए जाने जाते रहे हैं। हालांकि इनके रिटर्न पर बाजार से जुड़े उतार-चढ़ाव का असर भी पड़ता है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि लंबी अवधि में पॉजिटिव रिटर्न मिलने की गुंजाइश काफी अधिक रहती है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट पर जिन 13 स्मॉल कैप फंड्स के पिछले 10 साल के आंकड़े मौजूद हैं, उनमें से किसी के भी डायरेक्ट प्लान का सालाना रिटर्न (सीएजीआर) 14% से कम नहीं है। यही नहीं, इनमें से टॉप 5 स्मॉल कैप फंड्स ने लंपसम निवेश पर पिछले 10 साल में 19 से 21% फीसदी तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### एसआईपी पर भी ऊंचा रिटर्न

टॉप 5 स्मॉल कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में लंपसम के साथ ही साथ सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश करने वालों को भी 19% से लेकर 26% तक एनुअलाइज्ड रिटर्न दिए हैं। इस शानदार रिटर्न की बदौलत इन फंड्स ने 1 लाख रुपये के एकमुश्त निवेश को 10 साल में 7 लाख रुपये तक बना दिया है, जबकि 10 हजार रुपये की एसआईपी से 10 साल में 47.5 लाख रुपये तक का फंड जमा हुआ है।

### ये टॉप 5 स्कीम

टॉप 5 स्मॉल कैप फंड्स की लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड, एक्सिस म्यूचुअल फंड और क्वांट म्यूचुअल फंड जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीम्स शामिल हैं।

### लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट क्यों है बेहतर

इक्विटी म्यूचुअल फंड्स के पिछले आंकड़ों के तमाम विश्लेषण यही बताते हैं कि इनमें लंबी अवधि के लिए निवेश करना बेहतर रहता है। हाल ही में आई ऐसी ही एक रिपोर्ट के मुताबिक निफ्टी स्मॉल कैप 250 इंडेक्स का 10 साल की एसआईपी का मंथली रोलिंग रिटर्न (एक्सआरआरआर) 99% समय पॉजिटिव रहा है। यानी अगर इक्विटी में निवेश करना हो, तो लॉन्ग टर्म एसआईपी उसका बेहतर तरीका है।

### 10 साल में बेस्ट रिटर्न देने वाले टॉप फंड

**निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 10 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 21.51 %
- 1 लाख के लंपसम की 10 साल में फंड वैल्यू : 7,01,649 रुपये
- एसआईपी पर 10 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 23.96 %
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 10 साल में फंड वैल्यू : 42,63,065 रुपये
- एक्सपेंस रेशियो : 0.64 %

**क्वांट स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 10 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 20.42 %
- 1 लाख के लंपसम की 10 साल में फंड वैल्यू : 6,41,189 रुपये
- एसआईपी पर 10 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 25.99 %
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 10 साल में फंड वैल्यू : 47,56,696 रुपये
- एक्सपेंस रेशियो : 0.71 %

**एक्सिस स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 10 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 19.91 %
- 1 लाख के लंपसम की 10 साल में फंड वैल्यू : 6,14,545 रुपये
- एसआईपी पर 10 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 22.01 %
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 10 साल में फंड वैल्यू : 38,35,386 रुपये
- एक्सपेंस रेशियो : 0.57%

**एचडीएफसी स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 10 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 19.54 %
- 1 लाख के लंपसम की 10 साल में फंड वैल्यू : 5,95,844 रुपये
- एसआईपी पर 10 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 21.43 %
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 10 साल में फंड वैल्यू : 37,17,373 रुपये
- एक्सपेंस रेशियो : 0.68%

**एसबीआई स्मॉल कैप फंड-डायरेक्ट प्लान**
- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 10 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 19.44 %
- 1 लाख के लंपसम की 10 साल में फंड वैल्यू : 5,90,878 रुपये
- एसआईपी पर 10 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 20.13%%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 10 साल में फंड वैल्यू : 34,65,264 रुपये
- एक्सपेंस रेशियो : 0.76%



### हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट

ऊपर दी गई सभी स्कीम समेत तमाम स्मॉल कैप फंड्स को रिस्कोमीटर पर बहुत अधिक रिस्क की रेटिंग दी जाती है। अलग-अलग मार्केट कैप पर आधारित म्यूचुअल फंड्स में भी स्मॉल कैप को मिड कैप और लार्ज कैप की तुलना में ज्यादा रिस्की माना जाता है। यानी स्मॉल कैप फंड हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट की कैटेगरी में आते हैं। इसके अलावा म्यूचुअल फंड्स में पिछले रिटर्न के आगे भी जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती। इसलिए इनमें निवेश के बारे में कोई फैसला करने से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को ध्यान में रखना चाहिए।

### क्या है स्मॉल कैप फंड्स

स्मॉल कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। इन कंपनियों की मार्केट कैपिटलाइजेशन कम होती है, लेकिन इनमें उच्च विकास क्षमता होती है।

स्मॉल कैप फंड्स की विशेषताएं

1. **उच्च विकास क्षमता**: स्मॉल कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे इनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **जोखिम**: स्मॉल कैप फंड्स में जोखिम अधिक होता है, क्योंकि छोटी कंपनियों की वित्तीय स्थिति अस्थिर हो सकती है।
3. **विविधीकरण**: स्मॉल कैप फंड्स में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है।
4. **लंबी अवधि के लिए निवेश**: स्मॉल कैप फंड्स में निवेश लंबी अवधि के लिए करना चाहिए, ताकि आप बाजार की अस्थिरता को सहन कर सकें।

### स्मॉल कैप फंड्स के लाभ

1. **उच्च रिटर्न**: स्मॉल कैप फंड्स उच्च रिटर्न प्रदान कर सकते हैं।
2. **विविधीकरण**: निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है।

## एसआईपी का दमदार प्रदर्शन

### 5 म्यूचुअल फंड ने दिया 20% से ज्यादा रिटर्न

बिजनेस डेस्क

पिछले एक साल में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। पिछले साल यानी 2024 की दिवाली से लेकर अब तक 279 इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में से 276 फंड्स ने पॉजिटिव रिटर्न दिया। यानी इनमें निवेश करने वाले निवेशकों को मुनाफा हुआ। वहीं, सिर्फ तीन फंड्स ऐसे रहे जिन्होंने निवेशकों को नुकसान पहुंचाया। सबसे खास बात यह है कि 10 ऐसे इक्विटी म्यूचुअल फंड्स हैं जिन्होंने एसआईपी यानी एक तय रकम हर महीने निवेश करने वालों को 20% से भी ज्यादा का सालाना रिटर्न दिया है। पिछली दिवाली से लेकर अब तक एक साल में कई म्यूचुअल फंड ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है।

#### ग्रो मल्टीकैप फंड

इस लिस्ट में सबसे ऊपर ग्रो मल्टीकैप फंड का नाम है। इसने एसआईपी निवेश पर सबसे ज्यादा करीब 26% रिटर्न दिया है। इसका मतलब है कि अगर आपने इस फंड में हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी की होती, तो पिछली दिवाली से अब तक आपके निवेश की कीमत लगभग 1.10 लाख रुपये हो जाती। यानी आपके लगाए हुए पैसों से ज्यादा का मुनाफा हुआ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं महेंद्र सिंह सिसोदिया आत्मज श्री भवर सिंह सिसोदिया आयु वयस्क निवासी बी-403, चतुर्थ तल, UB सिटी कोलार रोड भोपाल (म.प्र.)। मेरे पासपोर्ट में मेरा अर्ध नाम महेंद्र सिंह त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड दस्तावेज में मेरा नाम महेंद्र सिंह सिसोदिया दर्ज है जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम महेंद्र सिंह सिसोदिया के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन, कॉसमॉस मॉल के पास, नानाखेड़ा, उज्जैन फोन : 7974875163, 9830687877, 7999556244

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **21/11/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते / जमानतदार का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक बकतरा शाखा फोन : 9993378305, e-mail id :- cb4744@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी श्री बी जयसीलन मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स माँ हिंगलाज ऑटो डील एण्ड स्पेयर** प्रो. श्री अशोक कुमार ठाकुर पुत्र श्री रेवक सिंह ठाकुर | 05-01-2018<br>11-05-2018<br>दिनांक 31-12-2017 को ₹ 10,67,449/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान स्थित सर्वे नं. 190/2/2/1/1/2, वार्ड नं. 6, हिंगलाज रोड, ग्राम-बाड़ी, तहसील बाड़ी जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल-450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्री अशोक कुमार ठाकुर पुत्र रेवक सिंह ठाकुर चर्तुसीमाएं- पूर्व-विष्णु प्रसाद भटेले का प्लाट, पश्चिम- भगवान सिंह हदवाल का प्लाट, उत्तर- 15 फिट चौड़ी रोड, दक्षिण-मो. अनस कुरेशी का प्लाट | ₹ 2,58,000/-<br>₹ 25,800/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी : **मेसर्स अभिषेक फर्नीचर** प्रोपराइटर- श्री हीरालाल ठाकुर पुत्र श्री बंशीलाल ठाकुर जमानतदार-श्री राजेश ठाकुर पुत्र श्री बालमुकुन्द एवं श्रीमती संध्या पत्नि राजेश ठाकुर | 06/04/2022<br>15-12-2022<br>दि. 31.03.2022 को ₹ 25,67,627.20 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित डायवर्टेड भूमि सर्वे नं. 190 एवं 203/3, 206, पी.सी. नं. 25, मोकलवाड़ा, तहसील- बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 0.223 हेक्टेयर संपत्ति मालिक- श्री राजेश कुमार पुत्र श्री बालमुकुन्द एवं श्रीमती संध्या पत्नि राजेश कुमार चर्तुसीमाएं- पूर्व- रास्ता, पश्चिम- कमल लोधी, उत्तर- रोड, दक्षिण- रास्ता | ₹ 7,32,000/-<br>₹ 73,200/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स शीतल ऑटो डील एण्ड स्पेयर पार्ट्स** प्रोपराइटर-श्री मोदक सिंह पुत्र चंदन सिंह जमानतदार- मोहम्मद इलियास शाह पुत्र मोहम्मद बाबू शाह | 20-01-2018<br>10-08-2018<br>दिनांक 31-12-2017 को ₹ 1036353/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | खुला प्लाट स्थित खसरा नं. 125/12/1, प.ह. नं. 06, कबाड़ मोहल्ला, शक्ति नगर, ब्लॉक ऑफिस कालोनी के पीछे, ग्राम-बाड़ी, तहसील- बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 139.44 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- मोहम्मद इलियास शाह पुत्र मोहम्मद बाबू शाह चर्तुसीमाएं- पूर्व-खुला प्लाट, पश्चिम - खुला प्लाट, उत्तर- श्री भटेले एवं श्री अशोक कुमार का मकान, दक्षिण- खुला प्लाट | ₹ 3,42,000/-<br>₹ 34,200/-<br>₹ 10,000/- |
| **ब्यावरा शाखा : ब्यावरा फोन : 9806286896, e-mail id :- cb5562@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी श्री बी जयसीलन मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणीः **श्रीमती गायत्री बाई पत्नि श्री रामबाबू पुष्पद** जमानतदार/बंधककर्ताः श्री रामबाबू पुत्र श्री बिहारीलाल | 06.08.2024<br>19.10.2024<br>दि. 06.08.2024 को ₹ 8,29,870.32 + Intt. & other charges | बंधक संपत्ति रिहायशी मकान संख्या 181/1, बिल्ली मोहल्ला, करेडी, प.ह. नं.54, वार्ड नंबर 8, राजगढ़, (म.प्र.) क्षेत्रफलः 480 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री रामबाबू पुष्पद पुत्र श्री बिहारीलाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः श्री मोहन शर्मा का मकान, पश्चिमः सड़क, उत्तरः श्री जगदीश का मकान, दक्षिणः श्री राधेश्याम का मकान | ₹ 6,32,000/-<br>₹ 63,200/-<br>₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2025 या उससे पूर्व सायं 5.30 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 21.11.2025 दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com Website : https://BAANKNET.com

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.com में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी श्री बी जयसीलन मो. 9425302389, email id: robpl2rec@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : उज्जैन, दिनांक : 31-10-2025 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## निवेश की ऐसे प्लानिंग करेंगे तो भविष्य में कभी नहीं होगी पैसों की टेंशन

# उम्र के हिसाब से करें प्लानिंग, 20 में रिस्क 30 में बैलेंस और 40 साल में ग्रोथ जरूरी

*उम्र का हर दशक अपनी अलग-अलग जिम्मेदारियां और मौके लेकर आता है*

*20 साल की उम्र रिस्क लेने का समय होता है, काम करने की क्षमता अधिक होती*

*30 साल की उम्र में बैलेंस और 40 साल की उम्र में ग्रोथ पर फोकस जरूरी होता है*

जानकारी

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या अपनी निवेश यात्रा करना चाहते हैं तो अपने लक्ष्य, परिवार, इनकम और बच्चों की की स्थित को देखकर ही निवेश यात्रा शुरू करें। बेहतर प्लानिंग के साथ निवेश करेंगे तो भविष्य में आसानी होगी और आर्थिक रूप से संपन्न रहेंगे। कहते हैं उम्र का हर दशक अपनी अलग-अलग जिम्मेदारियां और मौके लेकर आता है। 20 साल की उम्र में जहां रिस्क लेने का समय होता है, काम करने की क्षमता अधिक होती है, वहीं 30 साल की उम्र में बैलेंस और 40 साल की उम्र में ग्रोथ पर फोकस जरूरी होता है। अगर आप उम्र के हिसाब से सही फाइनेंशियल प्लानिंग करते हैं, तो न सिर्फ रिटायरमेंट के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं, बल्कि जिंदगी भर पैसों की चिंता से भी दूर रह सकते हैं। आज के वक्त में फाइनेंशियल सिक्योरिटी सिर्फ जरूरत नहीं, बल्कि एक आदत बननी चाहिए। ताकि आर्थिक रूप से परेशान न हों और भविष्य हर तरह से बढ़िया रहे। हम सब मेहनत तो करते हैं, लेकिन कमाई का सही इस्तेमाल तभी होता है जब उसके पीछे एक सटीक फाइनेंशियल प्लान हो। बहुत से लोग कहते हैं कि पैसे बचाने की शुरुआत बाद में करेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि जितनी जल्दी प्लानिंग शुरू करेंगे, उतना मजबूत होगा आपका फ्यूचर हर दशक अपने साथ नई जिम्मेदारियां और अवसर लेकर आता है। 20 साल की उम्र में में जहां रिस्क लेने का समय होता है, वहीं 30 साल की उम्र में में जिम्मेदारियों और इन्वेस्टमेंट में बैलेंस बनाना जरूरी होता है। साल की उम्र में आते-आते सेफ्टी और ग्रोथ पर फोकस करना समझदारी बन जाती है। अगर आप उम्र के हिसाब से फाइनेंशियल फैसले लेते हैं, तो न सिर्फ एक मजबूत रिटायरमेंट फंड बना सकते हैं, बल्कि जिंदगी भर पैसों की चिंता से आजादी भी पा सकते हैं।

#### बजट बनाना सीखें

अपनी कमाई और खर्च का हिसाब रखें। 80/20 का नियम अपनाएं यानी 80% खर्च और 20% बचत या निवेश। इससे आपको अपने पैसों का फ्लो समझ आएगा और आप बेवजह खर्चों को कंट्रोल कर पाएंगे।

#### इमरजेंसी फंड बनाएं

हर महीने के खर्च का 3 से 6 महीने तक का फंड अलग रखें। जैसे अगर आपका खर्च 25,000 रुपये महीना है, तो कम से कम 75,000-1,50,000 रुपये का इमरजेंसी फंड जरूर होना चाहिए, ताकि किसी भी परेशानी के समय यह काम आ सके और आपको किसी के मुह की ओर न देखना पड़े।

#### इंश्योरेंस लेना न भूलें

कम उम्र में प्रीमियम सस्ता होता है। हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस दोनों लें, ताकि मेडिकल और लाइफ रिस्क से सुरक्षा बनी रहे। कोई भी परेशानी आने पर परिवार पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

#### जल्दी निवेश शुरू करें

कम्पाउंडिंग की ताकत का फायदा तभी मिलता है जब शुरुआत जल्दी की जाए। एसआई और पीपीएफ जैसी स्कीम में निवेश कर सकते हैं। इसमें निवेश सुरक्षित है और महंगाई को मात देना वा रिटर्न भी मिलता है।

#### 30 साल की उम्र जिम्मेदारियों व निवेश में बैलेंस का समय

इस दशक में शादी, बच्चों की पढ़ाई और घर की प्लानिंग जैसी जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में बैलेंस बनाना जरूरी हो जाता है।

#### फाइनेंशियल गोल्स अपडेट करें

बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदने या रिटायरमेंट जैसे लक्ष्यों को री-इवैल्यूएट करें। हर 2 साल में अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करें।

#### एसआईपी बढ़ाते रहें

सैलरी बढ़ने के साथ हर साल अपनी एसआईपीमें 10-15% इजाफा करें. कोशिश करें कि इनकम का 30-40% निवेश में लगाएं।

#### एसेट एलोकेशन पर ध्यान दें

40% इक्विटी, 40% डेट और 20% गोल्ड या पीपीएफ जैसे सुरक्षित निवेश रखें। इससे रिस्क और रिटर्न में सही संतुलन बना रहेगा।

#### एनपीएस में निवेश करें

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) टैक्स छूट देता है और रिटायरमेंट के लिए मजबूत फंड तैयार करता है।

#### कर्ज चुकाने की योजना बनाएं

अगर कोई लोन है, खासकर हाई इंटरेस्ट वाला, तो उसे पहले खत्म करें। ईएमआई के बोझ को घटाना फाइनेंशियल फ्रीडम की दिशा में बड़ा कदम है।

#### 40 साल की उम्रः ग्रोथ और सुरक्षा पर फोकस करने का दशक

अब आपकी कमाई चरम पर होती है, लेकिन रिटायरमेंट भी ज्यादा दूर नहीं होता। इसलिए रिस्क घटाकर ग्रोथ और सुरक्षा पर फोकस करें।

#### रिटायरमेंट फंड का आकलन करें

महंगाई को ध्यान में रखते हुए अपने सालाना खर्च का 50 गुना फंड बनाना लक्ष्य रखें. उदाहरण के लिए, अगर आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, तो रिटायरमेंट कॉर्पस करीब 3 करोड़ रुपये होना चाहिए।

## अधूरे दस्तावेज या अधूरी जानकारी के साथ निवेश की शुरुआत नहीं हो सकेगी

# म्यूचुअल फंड निवेश प्रक्रिया में हो रहे हैं अहम बदलाव, निवेशकों पर क्या होगा असर

*अब से पहले, म्यूचुअल फंड्स के निवेशकों को अपने निवेश के रिस्क पैरामीटर्स की जानकारी महीने के अंत में मिलती थी, यह जानकारी हर महीने के 15 दिन के भीतर उपलब्ध होगी।*

एक बार फिर म्यूचुअल फंड प्रक्रिया में बदलाव हो रहे हैं। इसका निवेशकों पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है। इसके कुछ फायदे होंगे तो कुछ नुकसान भी निवेशकों को भुगतने पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप भी निवेशक हैं या निवेश यात्रा शुरू करने जा रहे हैं तो आप अलर्ट हो जाएं और सभी दस्तावेजों को जांचके के बाद ही निवेश यात्रा शुरू करें। बताया जा रहा है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी द्वारा एक बार फिर म्यूचुअल फंड के नियमों में रिफॉर्म का प्रपोजल लाया गया है। सेबी ने निवेशकों और एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) को हो रही दिक्कतों को कम करने के लिए नए म्यूचुअल फंड फोलियो में पहली बार किए जाने वाले निवेश (पहला ट्रांजैक्शन) की प्रक्रिया को एक जैसा (स्टैंडर्ड) बनाने का प्रस्ताव दिया है। सेबी ने प्रस्ताव रखा है कि अब म्यूचुअल फंड अकाउंट केवल तब ही खोले जा सकेंगे जब निवेशक की केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह से सत्यापित हो जाएगी। हलांकि सेबी की तरफ से की जा रही इस कार्यवाही से निवेशकों को लाभ ही होगा और वे किसी भी तरह के फर्जीवाड़े से बच सकेंगे।

### निवेशकों के हितों के लिए जरूरी

असल में मार्केट रेगुलेटर सेबी द्वारा समय समय पर म्यूचुअल फंड के नियमों में कुछ न कुछ बदलाव किया जाता है, ताकि निवेशकों का हित बना रहे, साथ ही एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को भी आसानी हो। बीते कुछ सालों में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का लोकप्रियता निवेशकों के बीच बहुत ज्यादा बढ़ी है। इंडस्ट्री का कुल एयूएम 75 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। ऐसे में सेबी समय समय पर यह ध्यान रखती है कि नियमों में कुछ बदलाव किया जाए या रिफॉर्म किया जाए। बीते कुछ महीनों में सेबी ने कुछ बदलाव या रिफॉर्म किए हैं और आगे के लिए भी कुछ प्रपोजल है। ये निवेशकों को म्यूचुअल फंड में निवेश के दौरान बड़ी राहत देने का काम करेंगे। आप भी निवेश करने जा रहे हैं अपने दस्तावेजों को साथ रख लें।



### डिस्क्लोजर नियमों में बदलाव

एएफएफआई और सेबी ने छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए डिस्क्लोजर नियमों में बदलाव किया है। निवेशकों को अपने निवेश के लिए अधिक स्पष्ट और विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होगा। यह नियम निवेशकों को उनके निवेश के लिए सही और समय पर जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय : ऑफिस काम्पलेक्स, गौतम नगर, भोपाल
फोन : 0755-2784821, 2600714, 2583669, 2602347

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को **इंडियन बैंक, संबंधित शाखा (सुरक्षित लेनदार)** के निम्न वर्णित बकाया राशि को ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों से वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल/अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **इंडियन बैंक, विदिशा शाखा (Eab) विदिशा, सम्पर्क : श्री प्रवाकर साहू, प्राधिकृत अधिकारी, 8780783580** | | | |
| मृतक- **स्व. लक्ष्मण बाथम** के कानूनी अधिकारी द्वारा प्रतिनिधित्व, 1.श्रीमती आशा बाथम पत्नि स्व. लक्ष्मण बाथम 2. चन्द्रशेखर बाथम पुत्र लक्ष्मण बाथम, 3. सतीश बाथम पुत्र लक्ष्मण बाथम, 4. रूपेश बाथम पुत्र लक्ष्मण बाथम 5. मनीष बाथम पुत्र लक्ष्मण बाथम 6. राजेन्द्र बाथम पुत्र लक्ष्मण बाथम 7. सोनिया बाधम 8. डॉली रायकवार पत्नि अनिल रायकवार | Property ID No. 10589453581 संपत्ति का समस्त भू भाग एवं मकान निर्मित प्लॉट क्रमांक 5 आरएमपी नगर फेस-1, टीला खेड़ी रोड विदिशा, तहसील विदिशा एवं जिला विदिशा क्षेत्रफल 750 वर्गफीट संपत्ति मालिक- स्व.श्री लक्ष्मण बाथम पुत्र नंदराम बाथम (मृतक) पताः प्लॉट क्रमांक 5 आरएमपी नगर फेस-1, टीला खेड़ी रोड विदिशा, चर्तुसीमाएं- (बिक्री विलेख के अनुसार) पूर्व में: प्लॉट क्रमांक 16 मंजू श्रीवास्तव, पश्चिम में: प्रस्तावित सड़क, उत्तर में: प्लॉट क्रमांक 6 सुरेश शर्मा का मकान, दक्षिण में: प्लॉट क्रमांक 4 बुलाखी लाल | 19/02/2024<br>03/10/2024<br>दि. 31.10.2025 को ₹ 8,18,767/- + दिनांक 03.11.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्च | ₹ 13,36,000/-<br>₹ 1,33,600/-<br>₹ 10,000/- |
| **इंडियन बैंक, कोलुआकलां शाखा, भोपाल, सम्पर्क : श्री मनोहर साहू, प्राधिकृत अधिकारी, 8120045245** | | | |
| **मेसर्स सुभद्रा पॉली पैक** (प्रोपराइटरशिप फर्म/ऋणी) **श्री रूप सिंह डांगी** पुत्र तोरण सिंह डांगी (प्रोपराइटरशिप/जमानतदार/ बंधककर्ता), **श्रीमती शिमला डांगी** पत्नि श्री रूप सिंह डांगी (जमानतदार) **श्री तोरण सिंह डांगी** पुत्र स्वर्गीय श्री मोहर सिंह डांगी (जमानतदार) | Property ID No. IDIB20213444516 संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित खसरा नं. 96, प.ह.नं. 6, ग्राम- लाम्बाखेड़ा, बैरसिया रोड, वार्ड नं. 79, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल-2400 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्री रूपसिंह डांगी पुत्र श्री तोरण सिंह डांगी चर्तुसीमाएं- पूर्व- वीरेन्द्र सिंह का प्लाट, पश्चिम- रोड, उत्तर- वीर सिंह का प्लाट, दक्षिण- अन्य का प्लाट | 29.07.2022<br>10.10.2022<br>दिनांक 31.10.2025 को ₹ 2,56,79,963/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्च | ₹ 50,00,000/-<br>₹ 5,00,000/-<br>₹ 10,000/- |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 19/11/2025, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी प्लेटफार्म : http://BAANKNET.com

बैंक वेबसाइट / ई-ऑक्शन वेबसाइट एवं संपत्ति के विवरण हेतु संबंधित प्रापर्टी आईडी का QR Code देखें।

Bank Website : www.indianbank.in | Website : www. BAANKNET.com | Property ID No. 10589453581 | Property ID No. IDIB20213444516

निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है वे ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु हमारे ई-नीलामी सर्विस प्रदाता PSB alliance Pvt. Ltd., की वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें। तकनीकी सहायता हेतु कृपया सम्पर्क करें 8291220220, email ID: support.ebkray@psballiance.com. इच्छुक निविदाकर्ता / क्रेता ई-नीलामी प्रक्रिया में ई-नीलामी सर्विस प्रदाता की वेबसाइट http://BAANKNET.com द्वारा भाग ले सकते हैं।

ई-नीलामी के इच्छुक भागीदार http://BAANKNET.com से विक्रय सूचना, ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें नीलामी पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ई-नीलामी के परिचालन भाग पर उपयोगकर्ता मेनुअल की प्रतियाँ निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

निविदाकर्ताओं से निवेदन किया जाता है संपत्ति के बारे में जानकारी हेतु प्रोपर्टी आईडी नं. से वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें।

दिनांक : 01.11.2025 , स्थानः भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

**आखिरकार दस माह से निरंतर जारी कटुता से परिपूर्ण व्यापारिक और कूटनीतिक कशमकश के पश्चात अमेरिका और चीन एक व्यापारिक समझौते पर पहुंच ही गए हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग के मध्य दक्षिण कोरिया में संपन्न हुई कूटनीतिक वार्ता का परिणाम अब दुनिया के सामने आ चुका है। अमेरिका अब चीन में निर्मित वस्तुओं से टैरिफ को घटा दिया है। अब अमेरिका द्वारा फेंटानिल टैरिफ को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इस समझौते के मुताबिक चीन अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन का आयात करने के लिए भी तैयार हो गया है। चीन के साथ रेयर मिनरल सप्लाई के व्यापार मुद्दे को भी सुलझा लिया गया है। विश्व में अमेरिका एवं चीन क्रमशः प्रथम व द्वितीय शक्तिशाली देश हैं। संभवतः यह एक अद्वितीय कूटनीति है, जो या तो सार्वजनिक स्तर पर अब तक समझी नहीं जा सकी है अथवा चीन, भारत व रूस के कर्ताधर्ता इसे भलीभांति समझकर समय-समय पर विभिन्न स्वरूपों में उत्पन्न होने वाली अपनी-अपनी कूटनीतिक भूमिकाएं निभा रहे हैं। अब इंतजार भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते का है। ये कैसा होगा इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अमेरिका-चीन का ट्रेड सीजफायर



**विश्लेषण**
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**विगत दस महीनों से व्यापारिक प्रतिशोध की भावना से ओतप्रोत होकर चीन और अमेरिका एक-दूसरे पर एक से बढ़कर एक टैरिफ आयाद करते चले गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और चीन राष्ट्रपति चिनफिंग के मध्य दक्षिण कोरिया में संपन्न हुई कूटनीतिक वार्ता का परिणाम अब दुनिया के सामने आ चुका है। ट्रंप ने फरमाया कि अमेरिका अब चीन में निर्मित उन वस्तुओं पर आयद किए गए टैरिफ को घटा देगा, जिन्हें अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध के दौरान किया गया था। ताकतवर देशों की अंतहीन लालची हवस ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।**



प्रेसिडेंट ट्रंप के दूसरी दफा अमेरिकन राष्ट्रपति पद पर आसीन हो जाने के तत्पश्चात, फरवरी 2025 से अमेरिका और चीन के मध्य टैरिफ के विकराल सवाल पर संघर्षपूर्ण कूटनीतिक और व्यापारिक तनाव देखा गया है। विगत दस महीनों से व्यापारिक प्रतिशोध की भावना से ओतप्रोत होकर चीन और अमेरिका एक-दूसरे पर एक से बढ़कर एक टैरिफ आयाद करते चले गए। महत्वपूर्ण खनिज संपदा, जिनको रेयर मिनरल भी कहा जाता है, सेमीकंडक्टर्स, जिन्हें आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ करार दिया जाता है, सोयाबीन आदि अनेक वस्तुओं के आयात-निर्यात के जटिल प्रश्नों पर अमेरिका और चीन के मध्य जबरदस्त व्यापारिक और कूटनीतिक तनाव का निरंतर दीदार होता रहा। आखिरकार विगत दस माह से निरंतर जारी कटुता से परिपूर्ण व्यापारिक और कूटनीतिक कशमकश के पश्चात अमेरिका और चीन एक व्यापारिक समझौते तक आखिरकार पहुंच ही गए हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप और चीन राष्ट्रपति जिनपिंग के मध्य दक्षिण कोरिया में संपन्न हुई कूटनीतिक वार्ता का परिणाम अब दुनिया के सामने आ चुका है।

## डोनाल्ड ट्रंप का यू-टर्न

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमाया कि अमेरिका अब चीन में निर्मित उन वस्तुओं पर आयद किए गए टैरिफ को घटा देगा, जिन्हे अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध के दौरान आयद किया गया था। अब अमेरिका द्वारा फेंटानिल टैरिफ को 20 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी फरमाया है कि व्यापारिक समझौते के मुताबिक चीन अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन का आयात करने के लिए भी तैयार हो गया है। चीन के साथ रेयर मिनरल सप्लाई के व्यापार मुद्दे को भी सुलझा लिया गया है। गौरतलब है कि मनमाने तौर पर टैरिफ आयाद करने में प्रेसिडेंट ट्रंप ने दोस्त और दुश्मन दोनों तरह के मुल्कों को कदाचित नहीं बख्शा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल में भी चीन के विरुद्ध ट्रेड वार का आगाज अंजाम दिया गया था। डोनाल्ड ट्रंप का नजरिया रहा कि चीन अनुचित तौर पर व्यापारिक नीतियां अख्तियार करता है। फरवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के ऊपर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयाद करने का ऐलान किया था। इसके प्रतिउत्तर में चीन ने अमेरिका के विरुद्ध 20 प्रतिशत टैरिफ आयद कर दिया था। अमेरिका के लिबरेशन डे ऐतिहासिक अवसर पर डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की बाकायदा धमकी दी थी।

## टैरिफ से सप्लाई चेन टूटी

चीन और अमेरिका के मध्य जारी टैरिफ युद्ध के कारण मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स दोनों ही विकट संकट में आ गये। चीन के गोदामों में मैन्युफैक्चर्ड माल का विशाल अंबार लग गया। अमेरिकन कम्पनियां बेहद हताश निराश होकर घबरा उठीं। जटिल प्रश्न उठा खड़ा हुआ कि आखिरकार मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स रातों-रात अपने निर्मित माल की सप्लाई चेन बरकरार रखने के लिए एकदम नया विकल्प किस तरह से ढूंढ निकाल सकते हैं। प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा प्रारंभ किए गए वैश्विक टैरिफ युद्ध के दौरान ही अमेरिकन प्रशासन द्वारा ट्रांसशिपमेंट पर भी प्रबल निशाना साधा गया, ताक चीन में निर्मित सामान को वियतनाम, कंबोडिया, लाओस आदि साम्यवादी देशों के माध्यम से अमेरिका को कदाचित भेजा नहीं जा सके। अमेरिका द्वारा प्रारंभ किए गए टैरिफ युद्ध के दौरान चीन एक कदम भी पीछे नहीं हटा।

## एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर निशाना

चीन द्वारा अमेरिका के एग्रीकल्चर सेक्टर को प्रबल निशाना बनाया गया। सोयाबीन जैसे एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर अत्यधिक टैरिफ आयद कर दिया गया। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल और वालमार्ट आदि अमेरिकन कंपनियों को चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से पृथक करने की जबरदस्त कोशिशें अंजाम दी, किंतु बड़ी अमेरिकन कंपनियों को अनेक रियायतें प्रदान कर देने के कारण, डोनाल्ड ट्रंप की चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का बायकॉट करने की पॉलिसी बेहद कमजोर होकर नाकाम सिद्ध हो गई। कूटनीतिक तौर पर चीन द्वारा अनेक दफा दोहराया गया कि वह अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तत्पर है। किंतु प्रबल आत्मविश्वास से परिपूर्ण चीन हुकूमत ने बाकायदा ऐलान किया कि टैरिफ युद्ध में चीन एक कदम भी पीछे नहीं हटेगा। चीन द्वारा रेयर मिनरल्स का निर्यात अमेरिका को तत्काल रोक देने की उद्घोषणा ने अमेरिका को हतप्रभ करके रख दिया। उल्लेखनीय है कि चीन के रेयर मिनरल्स पर अमेरिकन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की निर्भरता सर्वाधिक बनी रही है। उल्लेखनीय है कि चीन में ही 70 प्रतिशत रेयर मिनरल्स का उत्पादन किया जाता है। चीन द्वारा अमेरिका को सप्लाई किए जाने वाले रेयर मिनरल्स की उपयोगिता स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और आधुनिकतम उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

## कोल्ड वॉर का नया दौर शुरू

चीन के इस कठोर कदम के बाद अमेरिका द्वारा ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और जापान आदि देशों के साथ अनेक समझौते अंजाम दिए गए हैं, ताकि चीन के अतिरिक्त भी अनेक देशों के मिनरल स्त्रोतों से अमेरिका के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को रेयर मिनरल्स निरंतर हासिल होते रह सकें। वैश्विक कूटनीति के अनेक प्रमुख जानकारों का विचार है कि अमेरिका और चीन दो मुख्तलिफ ध्रुवों पर खड़े हुए बुनियादी तौर पर धुर विरोधी चरित्रों के मुल्क हैं। विश्व पटल पर अघोषित तौर पर कोल्ड वॉर का दौर एक दफा फिर से शुरू हो चुका है। अघोषित कोल्ड वॉर में एक तरफ रूस, चीन, ईरान, उत्तरी कोरिया, वेनेजुएला, क्यूबा, दक्षिण अफ्रीका आदि अनेक देश हैं। दूसरी तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन के यूरोपीय राष्ट्र हैं।

अतः अमेरिका और चीन के मध्य कोई भी समझौता स्थाई आकार कदाचित ले ही नहीं सकता। यह वस्तुतः एक अस्थाई संतुलनकारी व्यापारिक समझौता है। दोनों देश पहले से ही अगले व्यापारिक युद्ध की तैयारी में बाकायदा जुटे हुए हैं। विश्व पटल पर नव साम्राज्यवाद निरंतर जीवित बना रहा है। यह भी एक कटु सत्य है कि विश्व पटल पर अनेक बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं कायम हैं, जिनमें भारत की अर्थव्यवस्था भी शामिल हैं। प्रायः सभी देशों की अर्थव्यवस्थाएं परस्पर व्यापारिक टकरावों से थक चुकी हैं। अतः सारी दुनिया को लूट लेने की विनाशकारी हवस भी कायम बनी रही है। ताकतवर देशों की अंतहीन लालची हवस ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। यदि तीसरा विश्व युद्ध घटित हुआ तो ना विजयी होने वाला देश बचेगा ना पराजित होने वाला देश बचेगा।

# शांति की दस्तक या नए शीतयुद्ध की शुरुआत



**ट्रंप-शी मुलाकात**
प्रो. आरके जैन
स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक मंच पर दो महाशक्तियों, अमेरिका और चीन, के बीच तनाव की गूंज अब हर अर्थव्यवस्था, हर बाजार और हर कूटनीतिक गलियारे तक पहुंच चुकी है। यह तनाव कोई साधारण विवाद नहीं, बल्कि एक ऐसी रणनीतिक जंग है, जो वैश्विक व्यापार, तकनीक और भू-राजनीति की धुरी को हिला सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एशियाई यात्रा, जो 26 अक्टूबर को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से शुरू हुई, केवल एक औपचारिक दौरा नहीं है। यह एक शतरंज की बिसात है, जहां टैरिफ की धमकियां, दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के प्रतिबंध और ताइवान जैसे संवेदनशील मुद्दे चालों का हिस्सा हैं। इस यात्रा का चरम बिंदु है ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंगकी छह साल बाद पहली आमने-सामने मुलाकात, जो 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। यह मुलाकात न केवल अमेरिका-चीन संबंधों को नया आकार देगी, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, शेयर बाजारों और भू-राजनीतिक संतुलन को भी प्रभावित करेगी। सवाल हर किसी के मन में है-क्या यह मुलाकात ट्रेड वॉर की आग को ठंडा करेगी, या इसे और भड़काएगी? ट्रंप का यह पांच दिवसीय मिशन आसियान शिखर सम्मेलन से शुरू होकर जापान और दक्षिण कोरिया तक फैला है। ट्रंप का का लक्ष्य नए व्यापार समझौते करना है, ऐसे समझौते जो अमेरिकी कंपनियों को एशियाई बाजारों में गहरी पैठ दें और टैरिफ से राजस्व की धारा को मजबूत करें। कुआलालंपुर में ट्रंप ने आसियान नेताओं के साथ वार्ता शुरू की, जहां उन्होंने क्षेत्रीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने का वादा किया। लेकिन सबकी नजरें जापान पर टिकी हैं, जहां वे नई प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची से मिलकर अमेरिकी उद्योगों विशेषकर ऑटोमोबाइल और प्रौद्योगिकी में निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल करने की कोशिश करेंगे। जापान, जो ट्रंप के पहले कार्यकाल में व्यापार घाटे के दबाव में रहा, अब सतर्क कदम उठा रहा है। दक्षिण कोरिया में, जहां 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक एपेक सम्मेलन होगा, ट्रंप का एजेंडा और भी महत्वाकांक्षी है। वे कोरियाई नेताओं के साथ ऑटोमोबाइल पर 25% टैरिफ में राहत जैसे द्विपक्षीय समझौते पक्के करने की कोशिश करेंगे, साथ ही शी चिनफिंग के साथ एक 'लंबी और महत्वपूर्ण' बैठक एजेंडे में हैं। इस यात्रा का असली दांव अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर है, जो 2018 से सुलग रहा है और ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में फिर लपटें उठा रहा है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अब टैरिफ की लड़ाई से आगे बढ़कर तकनीकी और रणनीतिक वर्चस्व की जंग में उलझी हैं। ट्रंप ने हाल ही में चीनी सामानों पर 100% तक टैरिफ की धमकी दी थी, जिसके जवाब में चीन ने दुर्लभ पृथ्वी खनिजों (रेयर अर्थ) जैसे नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम पर निर्यात प्रतिबंध कड़े कर दिए। ये खनिज सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और हथियार प्रणालियों के लिए अपरिहार्य हैं, और अमेरिका इनका 80% से ज्यादा चीन से आयात करता है। विशेषज्ञ इसे शी का 'पावर प्ले' मानते हैं, जो वार्ता की मेज पर उनकी स्थिति को मजबूत करता है। लेकिन इस मुलाकात में उद्देश्य आधे रास्ते तय कर चुके हैं। ट्रंप के प्राथमिक लक्ष्य हैं, रेयर अर्थ निर्यात पर राहत, फेंटेनिल तस्करी पर चीनी कार्रवाई और अमेरिकी सोयाबीन खरीद की बहाली, जो मिडवेस्ट के किसानों के लिए संजीवनी है। 2018-19 के ट्रेड वॉर में अमेरिकी किसानों को 28 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था, और अब चीन की सोयाबीन खरीद रोकने की रणनीति ट्रंप के ग्रामीण वोट बैंक को सीधे निशाना बना रही है। ट्रंप इसे 'फैंटास्टिक डील' बनाने की बात कहते हैं, जिसमें चरण एक समझौते का पालन, टैरिफ में स्थिरता और अमेरिकी फर्मों को चीनी बाजार में ज्यादा पहुंच शामिल है। शी चिनफिंग की रणनीति गहरी और धैर्यपूर्ण है। ट्रंप के पहले कार्यकाल से सबक लेते हुए, वे टैरिफ के झटके सहने को तैयार हैं। इसका कारण यह है कि अमेरिका अब चीन के निर्यात बाजार का सिर्फ चौथा हिस्सा है, और सोयाबीन जैसे संसाधनों के लिए चीन ने ब्राजील जैसे विकल्प तलाश लिए हैं। लेकिन शी घरेलू चुनौतियों से जूझ रहे हैं, 17% से ज्यादा युवा बेरोजगारी, एवरग्रैंड जैसे रियल एस्टेट संकट, और 100 ट्रिलियन युआन का स्थानीय सरकारी कर्ज, जो चीन की 5% विकास दर को धीमा कर रहे हैं। दोनों की यह मुलाकात शांति का क्षण लाएगी, या तनाव का नया अध्याय खोलेगी? यह सवाल न केवल वाशिंगटन और बीजिंग, बल्कि टोक्यो, सियोल और वैश्विक कॉरपोरेट बोर्डरूम्स में गूंज रहा है।

***इस यात्रा का असली दांव अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर है, जो 2018 से सुलग रहा है। दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अब टैरिफ की लड़ाई से आगे बढ़कर तकनीकी और रणनीतिक वर्चस्व की जंग में उलझी हैं।***

# ट्रंप-चिनफिंग की भेंटवार्ता के क्या हैं मायने



**कूटनीति**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति में उलझन से नेताओं, मीडिया तथा गुप्तचर अभिकरणों को तो आनंद प्राप्त होता होगा, किंतु देशों के सामान्य नागरिकों के लिए यह दुखदायी आत्मघाती होता है। इन दिनों ऐसी ही उलझन का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई दे रहे हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग। दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने पूरे छह वर्ष के उपरांत दक्षिण कोरिया के बुसान विमानस्थल पर भेंट की तथा 100 मिनट तक पारस्परिक वार्ता की। पारस्परिक वार्ता को अपने-अपने देशों के लाभ हेतु निर्धारित करने के लिए दोनों नेता उदार हावभाव व विनम्र आचरण से युक्त दिखाई दिए। यह अत्यंत विचित्र एवं समझ रहित है कि जहां आठ माह से दोनों देश पारस्परिक शुल्क-युद्ध में उलझे हुए थे तथा एक-दूसरे के व्यापारिक विश्वासघात के कारण विश्व में नए-नए परस्पर विरोधी गुट खड़े कर थे, वहां अब एक ही भेंटवार्ता के बाद दोनों अमेरिका व चीन का वाणिज्यिक भविष्य सुधारने के संकल्प ले रहे हैं। ट्रंप-चिनफिंग की भेंट के बाद जहां अमेरिका ने चीनी फेंटानाइल के आयात पर शुल्क का मूल्य 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, वहां चीन ने भी अमेरिका से आयात होने वाले सोयाबीन पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। चीन पुनः अमेरिका से सोयाबीन क्रय करेगा। ट्रंप की घोषणा के अनुसार चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क 57 से घटकर 47 प्रतिशत कर दिया गया है। दोनों नेताओं ने अनेक विषयों पर वार्ता की, किंतु चीनी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन टिकटोक व ताइवान देश के संबंध में उनके मध्य कोई वार्ता नहीं हुई। ट्रंप अपने परिवर्तित स्वभाव के अनुसार चीनी राष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए उन्हें कठोर वार्ताकार बताने से नहीं चूके। जबकि चिनफिंग ने एक संतुलित वक्तव्य दिया। उनके अनुसार अमेरिका व चीन को किसी भी वैश्विक षड्यंत्र में फंसने से बचना चाहिए तथा विश्व के कल्याण को केंद्र में रखकर व्यापारिक दिशा निर्धारित करनी चाहिए। दुनिया अमेरिका की राजनीति से कितनी ही विचलित क्यों न होती रहे या फिर चीनी तकनीक पर आधारित चीन के व्यापार से कितनी ही प्रतिस्पर्द्धी समस्यायें क्यों न झेलती रहे, यह सत्य कम से कम आने वाले दस-बीस वर्षों तक परिवर्तित नहीं हो सकता है कि विश्व में अमेरिका एवं चीन क्रमशः प्रथम व द्वितीय शक्तिशाली देश हैं। संभवतः यह एक अद्वितीय कूटनीति है, जो या तो सार्वजनिक स्तर पर अब तक समझी नहीं जा सकी है अथवा चीन, भारत व रूस के कर्ताधर्ता इसे भलीभांति समझकर समय-समय पर विभिन्न स्वरूपों में उत्पन्न होनेवाली अपनी-अपनी कूटनीतिक भूमिकायें निभा रहे हैं।

***दोनों नेताओं ने अनेक विषयों पर वार्ता की, किंतु चीनी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन टिकटोक व ताइवान देश के संबंध में उनके मध्य कोई वार्ता नहीं हुई।***

## अमेरिका से चीन निर्यात

12 लाख करोड़ ट्रेड

- एयरोस्पेस उत्पाद और पुर्जे
- मूलभूत रसायन
- कोयला और पेट्रोलियम गैस
- संचार और सेवा उद्योग मशीनरी
- कंप्यूटर उपकरण
- विद्युत उपकरण
- विद्युत उपकरण और सामान
- इंजन और टर्बाइन
- फल और सूखे मेवे
- सामान्य प्रयोजन मशीनरी
- औद्योगिक मशीनरी
- समुद्री उत्पाद
- मांस उत्पाद
- चिकित्सा उपकरण और आपूर्ति
- विविध फसलें
- विविध निर्मित धातु उत्पाद
- विविध निर्मित वस्तुएं
- मोटर वाहन पुर्जे
- मोटर वाहन
- नेविगेशनल और मापन उपकरण
- अलौह धातु उत्पाद
- तेल और गैस
- तिलहन और अनाज
- फार्मास्युटिकल उत्पाद और दवाएं
- प्लास्टिक उत्पाद व अन्य

## कार्टूनिस्ट की नजर में...




## चीन से अमेरिका निर्यात

36.8 लाख करोड़ ट्रेड

- इलेक्ट्रॉनिक्स : स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टेलीविजन, और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक सामान
- मशीनरी : औद्योगिक मशीनें, उपकरण, और यांत्रिक पार्ट्स
- कपड़े और टेक्सटाइल : कपड़े, जूते, और अन्य वस्त्र उत्पाद
- खिलौने और खेल का सामान : बच्चों के खिलौने, गेमिंग उपकरण, और खेल से संबंधित उत्पाद
- फर्नीचर : बेड, सोफा, टेबल, और अन्य घरेलू फर्नीचर
- प्लास्टिक और रबर उत्पाद : रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं जैसे कंटेनर, पैकेजिंग सामग्री आदि
- ऑटोमोबाइल पार्ट्स : वाहनों के लिए कलपुर्जे और सहायक उपकरण
- 2023 के आंकड़ों के अनुसार, चीन से अमेरिका को होने वाला कुल निर्यात लगभग 500 अरब डॉलर से अधिक का था। ये उत्पाद सस्ती कीमत और बड़े पैमाने पर उत्पादन की वजह से अमेरिकी बाजार में लोकप्रिय हैं।


# आर्थिक अस्थिरता के बीच आसियान में भारत की प्रभावी होती भूमिका



**शिखर सम्मेलन**
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

अमेरिकी टैरिफ से उपजे आर्थिक अस्थिरता के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में संपन्न आसियान शिखर सम्मेलन ढेर सारे निहितार्थों को समेटे हुए है। बदलते वैश्विक परिदृश्य के नजरिए से देखें तो आसियान सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर अपनी प्रभावी भूमिका को निरुपित किया है। 22वें आसियान शिखर सम्मेलन को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी है और साल 2026 आसियान-इंडिया ईयर ऑफ मेरीटाइम कोऑपरेशन के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री का संबोधन रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। भारत वैश्विक संगठन आसियान की सार्थकता और उपादेयता को लेकर बेहद गंभीर और सक्रिय है। प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान संगठन में भारत की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न सिर्फ भूगोल साझा करते हैं बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। दोनों ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं। गौर करें तो आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य आधार है जो शुरू से ही आसियान के केंद्रीय और वैश्विक उद्देश्यों का समर्थन करता है और दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र की उन्नति का पक्षधर है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि आसियान के ग्यारह देशों (इंडोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, बुरनेई, फिलीपींस, लाओस, कंबोडिया और तिमोर लेस्ट) के बीच समन्वय और साझेदारी विकसित करने के लिए भारत की भूमिका सराहनीय रही है। याद होगा कि वर्ष 2018 में भारत के आमंत्रण पर 69वें गणतंत्र दिवस समारोह में तब दस आसियान देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने शिरकत की थी और सभी ने राजनीतिक, आर्थिक, रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे की मदद का संकल्प लिया था। तब हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में नियम आधारित नौवहन व्यवस्था को गति देने के साथ कट्टरवाद, उग्रवाद, मानव तस्करी जैसे चुनौतियों से मिलकर मुकाबला करने पर सहमति बनी थी। गौर करें तो आसियान के गठन का उद्देश्य ही दक्षिण-पूर्व एशिया में आर्थिक प्रगति को गति देना और उसके आर्थिक स्थायित्व को बनाए रखते हुए आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना है। भारत और आसियान देशों की कुल आबादी 2.13 बिलियन है। आसियान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक परिक्षेत्र भी है। इसके बढ़ते आर्थिक प्रभाव का नतीजा है कि न केवल भारत, रूस, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ उसके संबंध प्रगाढ़ हैं बल्कि विश्व के अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और गैर-सरकारी संगठनों का भी उससे मजबूत संबंध हैं। वैश्विक आर्थिक रंगमंच पर आसियान की भूमिका कितनी प्रभावी है इसी से समझा जा सकता है कि विश्व के लगभग चार दर्जन गैर आसियान देशों और संगठनों ने जकार्ता स्थित आसियान के सचिवालय में अपने राजदूतों की नियुक्ति की है। आसियान का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि उसकी तुलना में आज उत्तरी अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्था धीमी गति से आगे बढ़ रही है वहीं पूर्वी यूरोप एवं रुस का आर्थिक ढांचा चरमराया हुआ है। दूसरी ओर अफ्रीका महाद्वीप में आर्थिक अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में अगर कहा जाए कि आज आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के बजाए दक्षिण पूर्व एशिया बन गया है तो गलत नहीं होगा। माना जा रहा है कि है कि आने वाले वर्षों में पूंजी निवेश की उपलब्धता के कारण यह क्षेत्र अति आधुनिकतम तकनीक एवं विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी होगा। जहां तक भारत का सवाल है वह दक्षिण पूर्व एशिया की ओर व्यापार, पूंजीनिवेश तकनीक, बाजार की उपलब्धता, एवं आदान-प्रदान के रूप में देखता है जो आज की जरूरत है। वहीं, बदलती हुई नई विश्व व्यवस्था में दक्षिण पूर्व एशिया के देश भी भारत की ओर आर्थिक आदान-प्रदान की दृष्टि से देख रहे हैं। आज भारत आसियान के लिए छठा सबसे बड़ा करोबारी साझीदार बन चुका है। भारत और आसियान का द्विपक्षीय व्यापार तकरीबन 123 बिलियन डॉलर का है।

दोनों के बीच 2010 में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानि एफटीए हुआ था। फिलहाल भारत इस एफटीए की समीक्षा करना चाहता है। इसलिए कि आसियान देशों के 40-60 फीसदी के बनिस्बत भारत की तरफ से 71 फीसदी उत्पादों पर टैक्स छूट दिए जाने से असंतुलन की स्थिति उत्पन हो गई है। बदलती आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उचित कहा कि विश्व में व्याप्त संरक्षणवाद और आर्थिक अनिश्चितता का सामना करने के लिए अनुकूलनशीलता और सहयोग की जरूरत है। गौर करें तो तमाम विसंगतियों और तनावों के बीच गुजरते वक्त के साथ आसियान की भूमिका व्यापक और प्रभावी हो रही है। भारत की बात करें तो पिछले डेढ़ दशक के दौरान आसियान देशों से भारत में लगभग छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।



**आसियान का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि उसकी तुलना में आज उत्तरी अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्था धीमी गति से आगे बढ़ रही है वहीं पूर्वी यूरोप एवं रुस का आर्थिक ढांचा चरमराया हुआ है।**






## महागठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया प्रहार

# कांग्रेस और राजद की सरकारों ने राज्य में जंगलराज थोपा और बिहार को अंधेरे में डाला, एनडीए ने नरसंहार से छुटकारा दिलाया


### शाह ने कहा- ये विधायक भर चुनने का नहीं, विकास का चुनाव, गिनाए 34 नरसंहार

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गोपालगंज में वर्चुअली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर पटना से उड़ान नहीं भर पाया।

शाह ने जंगलराज की याद दिलाई, साथ ही बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का वादा किया। करीब 8 मिनट के अपने भाषण में अमित शाह ने कहा कि पीएम ने बंद पड़ी रीगा चीनी मिल को चालू करने का काम किया है। बबाकी बंद पड़ी चीनी मिल को अगले 5 साल में चालू किया जाएगा। महागठबंध ने बिहार में जंगलराज थोपा। नरेंद्र जी और नीतीश जी के नेतृत्व में जो बिहार का विकास हुआ। शाह ने कहा जंगलराज के दौर में कई नरसंहार हुए, जिनमें बथानी टोला, सोनारी, शंकरबीघा नरसंहार जैसे अलग-अलग 34 नरसंहार हुए थे। जिसने बिहार की धरती को रक्तरंजित किया है।

खराब मौसम के कारण नहीं पुहंचा हेलिकॉप्टर तो वर्चुअली किया जनसभा को संबोधित


जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

**नीतीश जी के आने पर नरसंहार रुके**

नालंदा में शाह ने कहा कि ये चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं हैं। ये चुनाव उस 'जंगलराज' को रोकने के लिए हैं, जो अपना वेष बदलकर आएगा। लालू-राबड़ी के शासन में 38 नरसंहार हुए। नालंदा के कई लोग मौत के घाट उतरे गए थे। किडनैपिंग, हत्या, लूट जैसे गैरकानूनी काम होते थे। लेकिन नीतीश ने इस धंधे पर रोक लगा दिया।

### यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का चुनाव

शाह ने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य तय करेगा। बिहार की जिम्मेदारी किसे मिलेगी? उसे जिसने बिहार में जंगल राज थोपा या मोदी-नीतीश की जोड़ी को जिसने बिहार के विकास के लिए काम किया।

**शाह ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने गोपालगंज जिले में डुमरिया घाट से पटना तक 2,200 करोड़ की लागत से एक एक्सप्रेसवे का निर्माण किया है। हथुआ में 340 करोड़ से आधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का निर्माण किया गया है। गोपालगंज के सबेया हवाई अड्डे पर जल्द ही उड़ान शुरू होंगी। मीरगंज बाइपास सड़क के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। छपरा-गोपालगंज खंड को चार लेन तक विस्तारित करने के लिए काम चल रहा है।

पटना में बोले नड्डा

### लालू परिवार ने अपराध का उद्योग खड़ा किया

बिक्रम के क्रीड़ा मैदान में एनडीए की चुनावी सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। दोनों रिमझिम वर्षा के बीच सड़क मार्ग से पहुंचे। नड्डा ने कहा कि बिहार अब पीछे मुड़कर देखने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू के जंगलराज और अंधकारमय शासन पर प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार की सरकार ने विकास की लकीर खींची है। लालू परिवार नेअपराध का उद्योग खड़ा किया था।



### बिहार के सुनहरे भविष्य के लिए दें एनडीए का साथ : चिराग पासवान



लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि आने वाले 5साल बिहार के सपनों को साकार करने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश के कुशल नेतृत्व में एनडीए की सरकार फिर से बनने जा रही है। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को अवसर और शिक्षा-स्वास्थ्य में सुधार हमारी प्राथमिकता है।

### बारिश से सभा स्थगित, नीतीश ने पैदल ही किया रोड शो



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की जनता अब भी जंगलराज के दिनों को नहीं भूली है। आज राज्य में जो विकास हो रहा है, उसी के आधार पर लोग इस बार मतदान करेंगे। पारु विधानसभा के सरैया में आमसभा मौसम के कारण स्थगित कर दी गई। इसके स्थान पर मुख्यमंत्री ने रोड शो किया। उन्होंने मंत्री केदार गुप्ता और एनडीए के राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रत्याशी मदन चौधरी से कहा कि वे सभा स्थल पर जाकर जनता तक संदेश पहुंचाएं।

**अब 'बिहारी' कहलाना अपमान नहीं...**

नीतीश कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर राज्यवासियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास व सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दी गई है। नीतीश ने कहा कि जब हमने शासन संभाला था, तब 'बिहारी' कहलाना एक अपमान माना जाता था। हमने ईमानदारी और पूरी मेहनत से काम किया। आज 'बिहारी' कहलाना गर्व की बात है। सरकार ने हर वर्ग के लिए समान रूप से काम किया है। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, सवर्ण, पिछड़े, अति-पिछड़े, दलित या महादलित सबके लिए काम हुआ है।

प्रियंका ने केंद्र और राज्य की नीतियों पर किए सवाल

## ये दोनों सरकारें रोजगार, पलायन, निजीकरण और पूंजीपति हितैषी नीतियों को लेकर चल रहीं

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेगूसराय के बछवाड़ा में जनसभा से बिहार में अपनी चुनावी शुरुआत की। उन्होंने नीतीश सरकार और केंद्र पर निशाना साधते हुए डबल इंजन मॉडल को एक दिल्ली संचालित सिंगल इंजन बताया और रोजगार, पलायन, निजीकरण और पूंजीपति हितैषी नीतियों को लेकर सवाल उठाए। यहां जनता का गुजारा नहीं हो रहा है। मोकामा की घटना पर उन्होंने कहा कि बिहार की जनता रोज ये सह रही है। किसी भी महिला से पूछ लीजिए क्या वे सुरक्षित हैं? प्रियंका पटना पहुंचीं। एनडीए ने एक करोड़ नौकरियां देने के वादे पर क्या किया? लोग बाहर जा रहे हैं।



**बिहार के लोग झेल रहे पलायन सरकार ने उद्योग दोस्तों को दिए**

प्रियंका ने बछवाड़ा वमें कांग्रेस प्रत्याशी गरीबदास के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि यहां के लोग पलायन का दर्द झेल रहे हैं। सारे उद्योग अपने दोस्त को दे रखा है, जो देश की संपत्ति थी, जिससे रोजगार मिलता है। निजीकरण हो गया, सब काम ठेकेदारी पर हो रहा है। बड़े-बड़े वादे कर रहे थे। छोटे-छोटे व्यवसाय को खत्म कर दिया है।

मोकामा कांड पर तेजस्वी का तीखा सवाल

### अब तक क्या कोई गिरफ्तारी हुई या संरक्षण ही मिल रहा ?



सिवान में जनसभा के दौरान महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद चेहरे तेजस्वी यादव ने मोकामा की ताजा हिंसा पर सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि दुलारचंद यादव की मौत के बाद अब तक क्या कोई गिरफ्तारी हुई या अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है? वीणा देवी की गाड़ी पर पथराव की घटना पर न तो सत्ता पक्ष ने निंदा की और न ही चुनाव आयोग ने कोई सख्त कार्रवाई की। वहीं यादव हत्याकांड में चुनाव आयोग ने एसपी, एसडीओ समेत 4 अफसरों को हटाया है। 1एसडीपीओ को सस्पेंड किया है। डीजीपी से रिपोर्ट भी तलब की है।

जेवीसी सर्वे में बनेगी एनडीए की सरकार

### सबसे ताजा सर्वे में राजग को मिलेंगी 120-140 सीटें, महागठबंधन पीछे




यहां एनडीए और महागठबंधन के अलावा प्रशांत किशोर का जन सुराज दल भी चुनावी मैदान में है। ऐसे में ठीक चुनाव से पहले एक ओपिनियन पोल सामने आया है, जिसमें बताया गया है कि बिहार में किसकी सरकार बन सकती है। जेवीसी ओपिनियन पोल में बताया है कि एनडीए की बिहार में सरकार बनने जा रही है। एनडीए को 120-140 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 93-112 सीटों तक संतोष करना पड़ सकता है। भाजपा को 70-81, जेडीयू को 42-48, एलजेपी को 5-7, हम को 2 और आरएलएम को 2 सीटें मिलने का अनुमान है।

---

## खबर संक्षेप

### लाखों महिलाओं के खातों में पहुंचे 2,100 रु.



**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं के खातों में 2100 रुपए प्रति महीना डिपोजिट करने की शुरुआत की। एक नवंबर से 5,22,162 महिलाओं को 2,100 रुपए उनके खाते में भेजने शुरू किए गए हैं। यह कम आय वाले परिवारों की योजना है।

### दिल्ली में बर्तन फैक्ट्री में भीषण आग



**वजीरपुर।** दिल्ली के नॉर्थ वेस्ट जिले के वजीरपुर इलाके में एक क्रॉकरी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अशोक विहार थाना पुलिस भी बचाव कार्य में लगी रहीं। आग को बुझाने के लिए 10 फायर ब्रिगेड तैनात किए गए। हानि का आंकलन नहीं हो पाया है।

### जबरन हिंदी थोप रहे भड़के सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर कर्नाटक के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य हर साल 4.5 लाख करोड़ का राजस्व देता है, लेकिन उसे बहुत कम हिस्सा वापस मिलता है। सिद्धारमैया ने कन्नड़ भाषा की अनदेखी और हिंदी को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

### डंपर ने टैक्सी को मारी टक्कर, 4 की मौत



**जोधपुर।** जिले के फलोदी के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। भादू रेस्टोरेंट के पास खड़ी मजदूरों से भरी लोडिंग टैक्सी को पीछे से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 महिलाओं और 3 बच्चों सहित 12 गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पीएम ने किया छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन

# प्रदेश को दी 14,260 करोड़ रु. की सौगात छत्तीसगढ़ बढ़ेगा तो देश भी प्रगति करेगा



### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी की प्रतिमा का किया अनावरण

**विधानसभा का सफर अब 51 एकड़ में फैले विशाल भवन तक पहुंचा**



रायपुर। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री, स्पीकर, लोकसभाध्यक्ष की मौजूदगी में नए विधानसभा का उद्घाटन किया।

**आदिवासी संग्रहालय** प्रदेश के लोगों को मिला, बीज आज वटवृक्ष बन गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रजत जयंती वर्ष मना रहे छत्तीसगढ़ को शनिवार को पीएम मोदी ने बड़ी सौगात दी. पीएम मोदी ने बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कुल 14,260 करोड़ की सौगात दी। पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बीते 25 सालों में छत्तीसगढ़ जिस तेजी से आगे बढ़ा है उसका मैं साक्षी भी रहा हूं। अब अगले 25 सालों में एक नया सूर्योदय होने वाला है, जो विकास का सूर्योदय होगा। पीएम ने लोगों से कहा कि वो अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट चालू करें और बताएं कि आपके हाथों में नए संकल्प की रोशनी और विकास के सूर्योदय का आगाज हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य की नीव रखी। आज 25 साल बाद जब मैं छत्तीसगढ़ को देखता हूं तो मेरा माथा गर्व से ऊंचा हो जाता है। जो बीज हम लोगों ने बोया था आज वो विकास का वट वृक्ष बन चुका है। पीएम ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ को लोकतंत्र का नया मंदिर मिला है। आदिवासी संग्रहालय प्रदेश के लोगों को मिला है। रायपुर के एक निजी विद्यालय के सभागार से शुरू हुआ विधानसभा विशाल भवन तक पहुंच गया।

**रजत जयंती के उत्सव पर लोगों को बधाई**

एक कार्यकर्ता के रूप में मैंने यहां बहुत समय व्यतीत किया, यहां से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मेरे जीवन को गढ़ने में यहां के लोगों का, यहां की भूमि का बहुत बड़ा आशीर्वाद रहा है। इसके निर्माण का संकल्प और उस संकल्प की सिद्धि, हर एक क्षण पर मैं यहां के परिवर्तन का साक्षी रहा हूं। आज मुझे इस क्षण का भी सहभागी बनने का अवसर मिला। इस रजत जयंती के उत्सव पर मुझे राज्य के लोगों के लिए इस नई विधानसभा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं, बधाई देता हूं।

**अटलजी का सपना साकार हो रहा**

पीएम मोदी ने कहा कि जब भव्य और आधुनिक विधानसभा का लोकार्पण कर रहे हैं तो ये केवल एक इमारत का समारोह नहीं है बल्कि 25 वर्षों की जन आकांक्षा, जन संघर्ष और जन गौरव का उत्सव बन गया है। मैं उन महापुरुष को नमन करता हूं। वे हैं, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी। सअटल जी की प्रतिमा का भी अनावरण हुआ। उनका सपना साकार हो रहा।

**500 दर्शक क्षमता का और 100 लोगों की बैठक व्यवस्था**

अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा भवन में 500 दर्शक क्षमता का आधुनिक ऑडिटोरियम और 100 लोगों के बैठने की क्षमता वाला सेंट्रल हॉल भी है।

**'देव से देश' और 'राम से राष्ट्र' का संकल्प लिया था**

पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का नाम लेकर आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक जंग का जिक्र किया। उन्होंने 'राम से राष्ट्र' का मंत्र दिया और इसका अर्थ भी बताया। 'राम से राष्ट्र' का एक अर्थ यह भी है कि हम मानवता विरोधी ताकतों के विनाश का संकल्प लें।

**तीजनबाई के परिजन से की बात**



पीएम ने सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्मविभूषण से सम्मानित तीजनबाई के परिजनों से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना है। तीजनबाई की बहू वेणु देशमुख ने बताया कि करीब 1 मिनट 18 सेकंड तक बात हुई है। उन्होंने उनका हाल चाल जाना है।

**आज नवादा में करेंगे रोड शो**

बिहार के नवादा में प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सभास्थल पर पुलिस, एसपीजी और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। लगभग 1200 पुलिसकर्मी और 200 पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे।

चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप


मुंबई। सत्यचा मोर्चा में महाविकास अघाड़ी गठबंधन के सभी दल के सदस्य रहे

## मतदाता सूची में गड़बड़ी पर एमवीए का 'सत्यचा मोर्चा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र का विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी आज विरोध मार्च आयोजित किया। इस मार्च को 'सत्यचा मोर्चा' नाम दिया गया है।

सत्यचा मोर्चा दक्षिण मुंबई के फैशन स्ट्रीट से शुरू होकर बीएमसी मुख्यालय पर खत्म किया। इस मार्च में पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार, मनसे प्रमुख राज ठाकरे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट समेत अन्य नेता शामिल हुए। मोर्चा के समापन पर एक रैली को भी संबोधित किया, जिसमें नेता मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठाई। विपक्ष का दावा है कि मतदाता सूची में कई फर्जी नाम हैं और गलत तरीके से नाम जोड़े और हटाए गए हैं। विपक्ष ने चुनाव आयोग पर इस मुद्दे पर आंख मूंदने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव तभी होने चाहिए, जब इन कमियों को दूर कर लिया जाए।

**राज की पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील**

राज ठाकरे अपने समर्थकों और पार्टी सहयोगी बाला नंदगांवकर के साथ दादर स्टेशन से ट्रेन में चढ़े और चर्चगेट के लिए रवाना हुए। मुंबई में एक सभा को संबोधित करते हुए राज ने लोगों से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की थी।

### भाजपा का एमवीए पर झूठ फैलाने का आरोप

भाजपा ने सत्यचा मोर्चा के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। भाजपा ने दावा किया कि विपक्ष निकाय चुनाव से पहले झूठा नैरेटिव फैलाने की कोशिश कर रहा है। भगवा पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने मुंह पर काली पट्टी बांधकर दक्षिण मुंबई के गिरगांव इलाके में विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने कहा कि इस विरोध का मकसद चुनावों से पहले एमवीए द्वारा झूठे नैरेटिव फैलाने की कोशिशों को बेनकाब करना है। एमवीए नेताओं ने हर चुनाव से पहले लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है। लोकसभा चुनावों से पहले भी ऐसी ही कोशिशें की गईं, संविधान में बदलाव के बारे में झूठे दावे फैलाए।

प्रमोद कृष्णम का राहुल पर हमला

## किसी का सम्मान नहीं करते वे 'बदतमीजों के बादशाह' हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



कांग्रेस के पूर्व नेता और आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इस बार उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सीधा और विवादित हमला बोलते हुए उन्हें बदतमीजों का बादशाह करार दिया है। उन्होंने संघ और हिंदू धर्म पर दिए अपने बयानों से भी राजनीतिक और धार्मिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। प्रमोद कृष्णम के ये बयान कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर सीधा हमला माने जा रहे हैं। राहुल के आचरण पर सवाल उठाते हुए आचार्य ने लखनऊ में कहा कि राहुल किसी का सम्मान नहीं करते न प्रधानमंत्री का, न आरएसएस का और न ही संविधान का। उन्होंने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल का बुनियादी संस्कार ही गलत है। उनकी भाषा, बोलचाल और आचरण सबमें बदतमीजी झलकती है। वे हमेशा बेहूदा बातें करते हैं और किसी का आदर नहीं करते हैं। वे बदतमीजों के बादशाह हैं।

राज्य की राजधानी के खाने-पीने के शौकीनों में खुशी की लहर

**अब तक सूची में 408 शहर शामिल**

## लखनऊ की पाककला यूनेस्को की सूची में शामिल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के जायकों की लज्जत हमेशा से खानपान के शौकीनों के बीच बेहद खास रही है,संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अब शहर को पाककला के लिए 'क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क' शामिल किया है। इससे राज्य की राजधानी के खाने-पीने के शौकीनों में खुशी की लहर है, जिन्हें लगता है कि इस वैश्विक सूची से शहर का भोजन और भी लोकप्रिय हो जाएगा। महानिदेशक ऑद्रे अजोले ने 31 अक्टूबर को लखनऊ सहित 58 शहरों को सीसीएन में नए सदस्य के रूप में शामिल करने की घोषणा की। इसमें अब 100 से अधिक देशों के 408 शहर शामिल हैं।


महानिदेशक अजोले

**यूनेस्को की महानिदेशक ऑद्रे अजोले ने की यह घोषणा**

### पाककला विरासत को वैश्विक स्वीकृति मिली


लखनऊ के व्यंजनों की झलक।

अजोले ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को 'पाक कला' श्रेणी में मान्यता दी गई है। लखनऊ को मिला यह सम्मान उसकी पाककला विरासत की वैश्विक स्वीकृति को प्रदर्शित करता है। यह सम्मान उस शहर को मिलता है जो अपनी खानपान परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और नवाचार से विश्व को प्रेरित करता है। लखनऊ सदियों पुरानी परंपराओं से भरपूर खाने-पीने की चीजों की जन्नत है। लखनऊ को अब यूनेस्को द्वारा पाक-कला के रचनात्मक शहर के रूप में मान्यता दी गई है।

**मंत्री जयवीर ने उत्तरप्रदेश को देश का गौरव बताया**

लखनऊ को मिले इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज देश का गौरव बन चुका है। लखनऊ की यह उपलब्धि उसके समृद्ध खानपान और संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति है।

**कहानीकार और हिमांशु ने मान्यता को बहुत अच्छा बताया**

कहानीकार और लेखक हिमांशु बाजपेई ने कहा कि लखनऊ को जो मान्यता मिली है वह वास्तव में बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि हम लखनऊ के विभिन्न व्यंजनों, उनकी प्रासंगिकता और उनके महत्व के बारे में जानते हैं। यह मान्यता निश्चित रूप से हमें सहज खुशी देगी, लेकिन बड़ी बात यह है कि लखनवी भोजन, जो पहले से ही दुनिया भर में जाना जाता था, लोगों के बीच अपनी जगह को और मजबूत करेगा।

# ट्रंप का बड़ा ऐलान, पेंटागन फिर शुरू करे परमाणु हथियारों का परीक्षण, मचा हड़कंप

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 2025 रिपोर्ट ने भी चेतावनी दी है कि कमजोर हथियार नियंत्रण व्यवस्था के बीच परमाणु हथियारों की नई होड़ शुरू हो रही है। ट्रंप का यह कदम तकनीकी रूप से जटिल है। मगर उनका यह ऐलान परमाणु हथियारों की होड़ को और अधिक बढ़ा सकता है।

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 30 अक्टूबर को दिये गए एक अप्रत्याशित ऐलान ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने पेंटागन को निर्देश दिया है कि अमेरिका 33 वर्षों के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करे। ट्रंप की ओर से यह घोषणा दक्षिण कोरिया के बुसान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ व्यापार वार्ता से ठीक पहले की गई, जिसने वैश्विक तनाव को नई ऊंचाई दे दी है। ट्रंप ने इसे रूस और चीन की परमाणु गतिविधियों का जवाब बताया, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम परमाणु हथियारों के प्रसार को बढ़ावा देगा और दुनिया को महायुद्ध की कगार पर ले जा सकता है।

■ **दुनिया महायुद्ध की कगार पर!**

## पिछले महीने रूस कर चुका है परमाणु मिसाइल और ड्रोन का परीक्षण


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका की नेवादा साइट पर 24 जून 1957 को परमाणु परीक्षण का एक दृश्य

## अमेरिकी सीनेटर माज़ी हिरोनो ने 'अनियंत्रित और खतरनाक' कहा

### यूएस ने 1000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए

1945 से 1996 तक अमेरिका ने 1,000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए, लेकिन 1992 में स्वैच्छिक मोरेटोरियम लगा। व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) 1996 में बनी, जिसपर अमेरिका ने हस्ताक्षर तो किया, लेकिन सीनेट ने अनुमोदन नहीं किया। उत्तर कोरिया के अलावा कोई देश 1990 के दशक के बाद वास्तविक विस्फोट परीक्षण नहीं कर पाया।

### चीन ने साधी चुप्पी

ट्रंप के इस बयान से सिर्फ रूस ही नहीं, बल्कि ईरान और चीन भी भड़क उठा है। ईरान ने इसे 'अरुचिपूर्ण' करार दिया, जबकि चीन ने चुप्पी साधी.. परमाणु स्टॉकपाइल के विस्तार की खबरें तनाव बढ़ा रही हैं। अमेरिकी सीनेटर माज़ी हिरोनो ने इसे 'अनियंत्रित और खतरनाक' बताया। यह भी कहा कि 1992 के बाद अमेरिका ने परीक्षण न करने का फैसला पर्यावरण, स्वास्थ्य और प्रसार रोकने के लिए लिया था।

## रूस ने किया परमाणु हथियारों का परीक्षण

*ट्रंप का ऐलान तब सामने आया जब रूस ने 21 अक्टूबर को परमाणु-सक्षम बुरेवेस्टनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जो 8700 मील की दूरी (14000 किलोमीटर) तय कर 15 घंटे हवा में रही। मॉस्को ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बताया। इसके तुरंत बाद रूस ने पोसेडॉन परमाणु ड्रोन का भी परीक्षण किया, जो उसकी सरमत मिसाइल से 1000 गुना ज्यादा खतरनाक बताया जा रहा है। ऐसे में अमेरिका द्वारा फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने का अब ट्रंप का यह नया बयान रूस के हालिया परीक्षणों से प्रेरित लगता है। क्रेमलिन ने ट्रंप के ऐलान पर सदमा जताते हुए कहा कि यदि अमेरिका वास्तविक विस्फोट परीक्षण करेगा तो 'उचित कदम' उठाए जाएंगे।*

### परमाणु युद्ध का बढ़ सकता है वैश्विक खतरा

अगर अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया तो दुनिया में परमाणु युद्ध का वास्तविक खतरा बढ़ सकता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की 2025 रिपोर्ट ने भी चेतावनी दी है कि कमजोर हथियार नियंत्रण व्यवस्था के बीच परमाणु हथियारों की नई होड़ शुरू हो रही है।

***अमेरिका का कई देशों के साथ बढ़ सकता है परमाणु तनाव***

*कार्नेगी एंडोमेंट की अप्रैल 2025 रिपोर्ट चेताती है कि अमेरिका-चीन-रूस-उत्तर कोरिया तनाव से पारंपरिक युद्ध परमाणु में बदल सकता है। भारत जैसे देशों के लिए यह चिंताजनक है, जहां 'नो फर्स्ट यूज' नीति है, लेकिन पड़ोसी पाकिस्तान और चीन की होड़ से भारत पर भी दबाव बढ़ रहा। विशेषज्ञ कहते हैं कि आधुनिक तकनीकें जैसे एआई और हाइपरसोनिक मिसाइलें जोखिम दोगुना कर रही हैं। ट्रंप के सलाहकारों को भी यह ऐलान चौंका गया है।*

**विश्व के 90 प्रतिशत परमाणु हथियार यूएस और रूस के पास**

वैश्विक परमाणु हथियारों की संख्या शीत युद्ध के बाद 70,000 से घटकर 12,241 हो गई। अमेरिका और रूस के पास विश्व के 90 फीसदी परमाणु हथियार हैं। इनमें से रूस के पास 5,580 परमाणु बम और अमेरिका के पास 5,044 परमाणु बमों की खेप है। वहीं चीन 2030 तक 1,000 परमाणु हथियारों के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र की सितंबर 2025 रिपोर्ट में कहा गया कि यूक्रेन युद्ध, ताइवान संकट और मध्य पूर्व तनाव से इसका जोखिम बढ़ा है।

---


**खबर संक्षेप**

### दिल्ली में 10 साल में 1.8 लाख बच्चे लापता



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के अनुसार पिछले 10 साल में राष्ट्रीय राजधानी में 1.84 लाख से अधिक बच्चे लापता हुए हैं। इनमें से 50 हजार से अधिक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। 2015 से 2025 तक शहर भर में 1.84 लाख बच्चे लापता हुए। इनमें से 1.33 लाख का पता लगा लिया गया 50771 बच्चे अभी भी लापता हैं। हर साल लड़कों की तुलना में लड़कियां ज्यादा लापता होती हैं। 2015 और 2025 के बीच 86368 लड़कों की तुलना में 98036 लड़कियों के लापता होने की सूचना मिली।

### चीन ने रिकॉर्ड स्पीड से स्पेस में भेजे यात्री व चूहे



**बीजिंग।** चीन ने बताया कि उसका शेनझोउ-2 अंतरिक्ष यान अपने तीन सदस्यीय दल के साथ देश के अंतरिक्ष स्टेशन तियानगोंग से रिकॉर्ड समय में जुड़ गया है। यह डॉकिंग प्रक्रिया केवल 3.5 घंटे में पूरी हुई- जो पिछले मिशनों की तुलना में करीब तीन घंटे तेज है। मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री 27 वैज्ञानिक प्रयोगों पर काम करेंगे। इस बार चीन पहली बार अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर चूहे भी भेज रहा है। कुल चार चूहे (दो नर और दो मादा) भेजे गए हैं।

## 12वें एडीएमएम-प्लस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र स्वतंत्र और दबाव मुक्त रहे भारत रचनात्मक योगदान को सदैव तैयार

*राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का जोर विशेष रूप से समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, और भारत-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिए है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में 12वें एडीएमएम-प्लस कार्यक्रम में कहा कि आसियान के साथ भारत का रणनीतिक जुड़ाव सिर्फ लेन-देन का नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और सिद्धांत-चालित है और यह इस साझा विश्वास पर आधारित है कि भारत-प्रशांत क्षेत्र खुला, समावेशी और दबाव से मुक्त रहना चाहिए।

भारत का जोर विशेष रूप से समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, और भारत-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिए है।

'एडीएमएम-प्लस के 15 वर्षों पर चिंतन और आगे का रास्ता तैयार करना' विषय पर मंच को संबोधित करते हुए सिंह ने जोर देकर कहा कि मलेशिया की अध्यक्षता में 'समावेशिता और स्थिरता' पर जोर देना सामयिक और प्रासंगिक है। बता दें, एडीएमएम-प्लस से तात्पर्य आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस से है।

ऐसा सुरक्षा ढांचा हो जो उभरते खतरों से निपट सके

भारत आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग को तैयार


आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह

### मतभेदों के बजाए संवाद को बढ़ावा दें

राजनाथ सिंह ने कहा कि एडीएमएम-प्लस अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और भारत मतभेदों के बजाए संवाद को बढ़ावा देने तथा शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने वाले क्षेत्रीय तंत्रों को मजबूत करने हेतु आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है। पिछले पंद्रह वर्षों का अनुभव स्पष्ट सबक देता है कि समावेशी सहयोग कारगर है।

### भारत का दृष्टिकोण रक्षा सहयोग बढ़ाना है

रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए भारत का सुरक्षा दृष्टिकोण रक्षा सहयोग को आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी साझाकरण और मानव संसाधन उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने एडीएमएम-प्लस को भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और व्यापक हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का एक अनिवार्य घटक बताते हुए कहा कि आसियान और प्लस देशों के साथ रक्षा सहयोग को क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और क्षमता निर्माण में योगदान के

### सभी राष्ट्रों को मिले लाभ

राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा में समावेशिता का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि आकार या क्षमता की परवाह किए बिना सभी राष्ट्रों की क्षेत्रीय व्यवस्था को आकार देने और उससे लाभ प्राप्त करने में भूमिका हो। स्थिरता का तात्पर्य ऐसे सुरक्षा ढांचे का निर्माण करना है जो उभरते खतरों से निपटने में सक्षम हो।


### आसियान ने महाशक्ति के रूप में भारत की सराहना की

एडीएमएम अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के रक्षा मंत्री ने रभारत को एक महाशक्ति बताया। उन्होंने कहा कि साइबर और डिजिटल रक्षा के साथ-साथ रक्षा उद्योग एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत के साथ अपने संबंध को मज़बूत करके आसियान को एक समुदाय के रूप में लाभ होगा। उन्होंने एक आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और तकनीकी अनुसंधान प्रणाली स्थापित करने की भारत की क्षमता की सराहना की, जिससे आसियान के सदस्य देशों को लाभ हो सकता है। फिलीपींस के रक्षा मंत्री ने एक महाशक्ति होने के नाते अंतर्राष्ट्रीय कानून और बहुपक्षवाद के प्रति भारत के सम्मान की सराहना की। उन्होंने आगामी भारत-आसियान समुद्री अभ्यास के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।


वियतनाम के रक्षा मंत्री फान वान गियांग से राजनाथ सिंह की हुई मुलाकात

## जम्मू-कश्मीर में सियासी घमासान, एलजी बोले

# राज्य का दर्जा नहीं मिलने का न चलेगा अब 'बहाना'


सीएम उमर अब्दुल्लाह, एलजी मनोज सिन्हा

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार के पास सभी अधिकार हैं। लिहाजा राज्य का दर्जा नहीं मिलने को खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं बनाया जा सकता।

एसकेआईसीसी में जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद में कह चुके हैं कि पहले परिसीमन, फिर विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। पर, कुछ लोगों को कुछ समस्याएं हैं। जब चुनाव हुए तो यह स्पष्ट था कि चुनाव केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के लिए हो रहे हैं।

### राज्य का दर्जा देने से क्यों डर रहे?

सीएम उमर अब्दुल्ला व नेकां अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने एलजी के बयान पर कड़ा पलटवार किया है। उमर ने कहा कि ये लोग राज्य के दर्जे से इतना क्यों डरते हैं? वे सत्ता क्यों नहीं छोड़ना चाहते? हम काम करना जानते हैं। आप अपना काम करें, हम अपना करेंगे। हमें बताया गया है कि इसे उचित समय पर बहाल कर दिया जाएगा। ठीक है... में इंतजार करूंगा, लेकिन मुझे बताइए कि सही समय का आकलन करने का पैमाना क्या है। हम उचित समय का आकलन कैसे करें? नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि एलजी झूठ बोलते हैं। वह कभी सच नहीं बोलते हैं। आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के जरिए उन्होंने पूरा नियंत्रण कर रखा है। एक भी फाइल पास नहीं करते हैं।

### 631 बाहरी लोगों ने खरीदी जमीन

अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से अब तक जम्मू-कश्मीर में 631 बाहरी लोगों ने जमीन खरीदी है। इन सौदों का कुल मूल्य 130 करोड़ रुपए से अधिक है। यह जानकारी विधायक शेख एहसान अहमद के प्रश्न के जवाब में विधानसभा दी गई। जवाब के अनुसार, जम्मू संभाग में 378 बाहरी लोगों ने 212 कनाल जमीन खरीदी जिसकी कीमत करीब 90.48 करोड़ रुपए है। वहीं कश्मीर संभाग में 253 बाहरी लोगों ने करीब 173 कनाल जमीन खरीदी जिसकी कुल कीमत करीब 39.49 करोड़ है। सरकार के अनुसार, अगस्त 2019 के सांविधानिक बदलावों के बाद जम्मू-कश्मीर में बाहरी नागरिकों को भी संपत्ति खरीदने का अधिकार मिला है।

## अमेरिका में बड़ा वित्तीय घोटाला!

# भारतीय मूल के सीईओ पर 4000 करोड़ रु. के फर्जीवाड़े का आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका में भारतीय मूल के टेलीकॉम कंपनी के सीईओ बैंकिम ब्रह्मभट्ट पर 500 मिलियन डॉलर (4,000 करोड़ रुपए से ज्यादा) के बड़े वित्तीय घोटाले का आरोप लगा है।


ब्रॉडबैंड टेलीकॉम के सीईओ बैंकिम ब्रह्मभट्ट

ब्रह्मभट्ट पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी ग्राहक खातों और राजस्व के दस्तावेज तैयार कर अमेरिकी बैंकों से भारी कर्ज हासिल किया। ब्रह्मभट्ट ब्रॉडबैंड टेलीकॉम और ब्रिजवॉइस नामक कंपनियों के मालिक हैं। उन्होंने कई निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि उनके व्यवसायों की आय और ग्राहक आधार बहुत मजबूत है, जबकि असल में वह कई गैर-मौजूद ग्राहकों और फर्जी लेन-देन पर आधारित थी। इस घोटाले में प्रमुख निवेश फर्म एचपीएस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स और वैश्विक एसेट मैनेजमेंट दिग्गज ब्लैकरॉक के समर्थित फंड भी शामिल हैं।

**बयान जारी कर कहा, इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं**

# विक्टोरिया बसु मामले में भारतीय मीडिया की खबरों को रूसी दूतावास ने किया खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस की नागरिक विक्टोरिया बसु के मामले में शनिवार को रूस के दूतावास ने एक बयान जारी किया है। जिसमें उन्होंने मामले को लेकर बीते कुछ दिनों से भारत के मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित खबरों का खंडन किया है। बयान में ये कहा गया है कि मीडिया में इस संबंध में आई हालिया तमाम खबरें केवल अटकलों पर आधारित हैं, जिनका हकीकत से कोई लेना देना नहीं है। रूस का दूतावास अपने नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### ये है पूरा मामला, 2019 से भारत में रही विक्टोरिया



गौरतलब है कि वर्ष 2019 से भारत में रह रही विक्टोरिया अचानक इस साल जुलाई महीने में अपने चार वर्षीय बेटे को लेकर देश छोड़कर चली गई थी। बच्चे के पिता और भारतीय नागरिक सैकत बसु का कहना है कि उनकी जानकारी के बिना विक्टोरिया बसु ने ऐसा किया है। जो कस्टडी समझौते की अवहेलना है। सैकत और विक्टोरिया फिलहाल अलग हो चुके हैं। लेकिन बच्चे की कस्टडी को लेकर उनका मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। शीर्ष अदालत ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि बच्चे को माता-पिता में से किसे सौंपा जाएगा। ऐसे में बच्चा शीर्ष अदालत की कस्टडी में है। अपने एक पूर्व फैसले में अदालत ने दिल्ली पुलिस और विदेश मंत्रालय से भी मामले में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। जिस पर पुलिस का ये कहना था कि रूसी महिला के देश छोड़कर जाने में उसे रूस के दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मदद की है। जबकि विदेश मंत्रालय का पक्ष है कि उसने मामले में साझा कानूनी सहायता संधि के माध्यम से रूस के दूतावास को एक अनुरोध भेजा है।

# सबसे भारी उपग्रह को आज लॉन्च करेगा इसरो



*बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अपने 4410 किलो वजनी उपग्रह सीएमएस-03 को रविवार को लॉन्च करेगी। यह भारत से लॉन्च होने वाला इसरो का सबसे भारी उपग्रह है। इसरो के ताकतवर रॉकेट एलवीएम3-एम5 से इस उपग्रह को पृथ्वी के जियो सिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में भेजा जाएगा। इस उपग्रह को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। लॉन्च पैड पर तैनात कर लॉन्चिंग की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। लॉन्चिंग 2 नवंबर को शाम करीब 5.26 बजे होनी है। इस उपग्रह की मदद से देश में डिजिटल संचार, उपग्रह इंटरनेट, समुद्री कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यह उपग्रह भारत की राष्ट्रीय संचार अवसंरचना में एक बड़ा कदम है, जिससे टीवी प्रसारण, टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन संचार सेवाओं तक पहुंच और भी प्रभावी होगी।*

**भारत ने पाकिस्तान को फिर सुनाई खरी-खरी**

# अभिव्यक्ति पर यूएन की रिपोर्ट के दावे को भी कर दिया खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को फिर से आईना दिखाया है। भारत की प्रथम सचिव भाविका मंगालानंद ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हो रहे मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन का मुद्दा उठाया और पाकिस्तान से इसे तुरंत बंद करने की मांग की।

साथ ही, भारत ने संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि देश की पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां खतरे में हैं। भारत ने साफ कहा कि उसकी पारंपरिक कलाएं और शिल्प आज भी खूब फल-फूल रहे हैं।


भारत की प्रथम सचिव भाविका मंगालानंद

### पीओके में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा

मंगालानंद ने कहा कि पीओके में मानवाधिकारों का भयानक उल्लंघन हो रहा है। पाकिस्तानी सेना वहां के उन नागरिकों को बेरहमी से दबा रही है जो अपने अधिकारों और आजादी के लिए आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग अब पाक के जुल्म और शोषण के खिलाफ बगावत कर रहे हैं।

### भारत की कलाएं हजारों साल पुरानी: सुब्बा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट को भी पूरी तरह से गलत बताया जिसमें यह दावा किया गया था कि देश की पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां खतरे में हैं। भारत की ओर से लोकसभा सांसद इंद्र हांग सुब्बा ने इस रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारत की पारंपरिक कलाएं, संगीत, शिल्प और प्रदर्शन कलाएं हजारों साल पुरानी हैं और आज भी पूरे देश में बहुत अच्छी तरह से चल रही हैं। भारत ने अपनी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार किया है।

## भारतीय सेना के 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास से डरा आतंकी हाफिज सईद!

**सम्मेलन टालने की घोषणा नुक्कड़ सभाओं के जरिए की**

# लाहौर में होने वाला विशाल सम्मेलन टला, बाहरी 'खतरे' का दिया हवाला

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाक मिल्ली मुस्लिम लीग (एमएमएल) ने 2 नवंबर को लाहौर की मीनार-ए-पाकिस्तान पर होने वाले अपने वार्षिक कार्यकर्ता सम्मेलन को स्थगित कर दिया है।

एमएमएल को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जमात-उद-दावा (जेयूडी) का राजनीतिक मोर्चा माना जाता है। ये गुट आतंकी हाफिज सईद के हैं, जिसे अपने भारत विरोधी रुख के लिए जाना जाता है। सम्मेलन को टालने के पीछे की वजह त्रिशूल अभ्यास को माना जा रहा है।


आतंकी हाफिज सईद


युद्धाभ्यास के दौरान थल सेना अत्याधुनिक मिसाइल दागती

### त्रिशूल में 25 हजार जवान शामिल

भारतीय सेना पाकिस्तान सीमा के पास त्रिशूल नाम का अब तक का संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही है। 30 अक्टूबर को शुरू हुए और 10 नवंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में तीनों सेनाओं के 25 हजार जवान शामिल हो रहे हैं। भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा कि यह युद्धाभ्यास नियमित प्रकृति के हैं। हर साल तीनों सेनाओं का विशाल युद्धाभ्यास करना भारतीय सेना की परंपरा है।

### नई तारीख का ऐलान नहीं

*एमएमएल सम्मेलन टालने की घोषणा लश्कर कमांडरों ने नुक्कड़ सभाओं के जरिए अनौपचारिक रूप से की है। इस निर्णय को समूह के प्रमुख हाफिज सईद ने मंजूरी दे दी है। सईद के व्यक्तिगत रूप से लाहौर सम्मेलन में उपस्थित होकर उसे संबोधित करने की संभावना थी।*

# पाकिस्तान ने दूसरी बार जारी किया नोटम

पाकिस्तान की नौसेना ने जो नया युद्धाभ्यास के लिए नोटम जारी किया है, वो भारत की तरफ से जारी किए गये पुराने नोटम वाले क्षेत्र में है। तस्वीर में भारत और पाकिस्तान का नोटम वाला क्षेत्र ओवरलैप हो रहे हैं। जानकारों का मानना है कि भारत हवा में अभ्यास कर रहा है और पाकिस्तान समुद्र में, इसलिए शायद टकराव ना हो। हालांकि यह भौगोलिक रूप से ओवरलैप करता है, लेकिन दोनों देशों के बीच स्थापित सैन्य-तकनीकी कॉर्डिनेशन की वजह से किसी अप्रत्याशित टकराव की संभावना नहीं मानी जा रही है। नोटम के मुताबिक पाकिस्तान का यह नौसैनिक अभ्यास 2 से 5 नवंबर तक चलेगा।



पाकिस्तान की ओर से जारी नोटम वाला क्षेत्र

# छत से गिरकर घायल हुए युवक की मौत, जहरीला पदार्थ पीकर युवती ने दी जान

## छोला मंदिर इलाके में जानवरों की रखवाली करता था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर इलाके में जानवरों की रखवाली करने वाला एक युवक छत से गिरकर घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बाबूलाल (40) ग्राम खेजड़ा में रहता था और खेती-किसानी करता था।

उसके यहां डेयरी है। रात के समय मवेशियों की निगरानी के लिए वह मकान की पहली मंजिल स्थित छत पर सोता था। छत पर करीब एक फीट की बाउंड्रीवॉल भी बनी हुई है। बीती 14 अक्टूबर की रात को बाबूलाल छत पर ही सो रहा था। रात करीब दो बजे वह नींद से जागा और नीचे बंधे हुए जानवरों की निगरानी करने लगा। इस दौरान अधिक झुकने के कारण वह जमीन पर जा गिरा। उसके गिरने की आवाज से पत्नी की नींद खुल गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में बीए सेकंड ईयर की छात्रा ने पीया जहर, नहीं मिला सुसाइड नोट

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित गादियापुरा आनंद नगर में बीए सेकंड ईयर की छात्रा ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही मरने से पूर्व बयान नहीं हो सके। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नंदनी लोधी पिता स्वर्गीय मुकेश लोधी (20) गाजियापुरा, आनंद नगर पिपलानी में अपने चाचा राकेश लोधी के साथ रहती थी। वर्ष 2006 में उसके पिता का निधन हो चुका है, जबकि मां ने दूसरी शादी कर ली है। इसके बाद से वह चाचा-चाची के घर रह रही थी और निजी कॉलेज में बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। उसके चाचा राकेश लोधी अधिवक्ता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे नंदनी उल्टियां कर रही थी। उससे उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि जहर पी लिया है। यह सुनते ही वह नंदनी को लेकर आनंद स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान रात करीब साढ़े 9 बजे नंदनी की मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक हरिकृष्ण बैरागी ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। उस समय नंदनी बयान देने की स्थिति में नहीं थी। पुलिस ने घर और महिला कांस्टेबल की मदद से नंदनी की तलाशी ली। तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बिलखिरिया इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। जानकारी के अनुसार राजा बंजारा (29) ग्राम हरीपुरा बिलखिरिया में रहता था और मजदूरी करता था। शुक्रवार की शाम को उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे खुदकुशी के कारणों का पता चल सके। बताया जाता है कि पिछले तीन-चार दिनों से वह काफी तनाव में चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इलाज कराने आए बुजुर्ग की एम्स के बाहर मौत

विदिशा से भोपाल एम्स इलाज कराने आए बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ओपीडी का पर्चा कटवाने के बाद वह अस्पताल के बाहर बैठे थे और बैठे-बैठे ही बेसुध हो गए। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार ग्यारसा कुशवाह (67) गांव भासेर, तहसील गंजबासौदा, जिला विदिशा के रहने वाले थे। वह गांव में मंदिर के पुजारी का काम करते थे और मंदिर में ही रहते थे। उन्हें शरीर में सूजन आने और गैस की परेशानी थी। वह पूर्व में भी दो बार एम्स इलाज कराने आ चुके थे। शुक्रवार को भी वह गांव से इलाज कराने एम्स आए थे। सुबह ओपीडी की पर्ची कटवाई और शाम को अस्पताल के बाहर बैठे-बैठे बेसुध हो गए। गार्ड उन्हें इमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ओपीडी की पर्ची से गांव में रहने वाले परिजन से संपर्क किया और शनिवार को शव पीएम के बाद सौंप दिया।

## खबर संक्षेप



### कार्यशाला में सोलर उर्जा का बताया उपयोग, लाभ

**औबेदुल्लागंज।** ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार को सोलर ऊर्जा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन फलक एंटरप्राइजेज के गगन ने किया। कार्यशाला में छात्रों को सौर ऊर्जा के महत्व, उपयोग और लाभों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशक डॉ. सोनल मेहता, प्राचार्या ललिता जयमोन एवं दा फाउंडर किड निदेशक डॉ. कनिका शर्मा उपस्थित रहीं।

### विधायक जयवर्धन का किया भव्य स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** शनिवार को विधायक जयवर्धन सिंह का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस महासचिव विशाल मदान, कमलेश बाबूजी, संजय शेंकी मदान, आशीष यादव, जमना राजपूत, विजय गुर्जर, निर्मल यादव, गुड्डू राजपूत आदि मौजूद रहे।

### गांधीवादी विचारक सचिन राव का किया स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** शनिवार को गांधीवादी विचारधारा वाले सचिन राव का पचमढ़ी जाते हुए कांग्रेस नेता विक्रांत राय के रेस्टोरेंट पर औबेदुल्लागंज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जितेंद्र मिश्रा, अनुपम आचार्य, विक्रांत राय, अर्चना राय, पार्षद और हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, मंडल अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू, संजय सिंह चौहान, विनोद इरपाचे, उत्तम यादव, महेश जैन, एडवोकेट रेवा शंकर राय, साधु गौर, सरपंच राजू मेहरा, मोहन अहिरवार, राकेश बने, तुलसी जाटव मौजूद रहे।

## शॉप संचालक पर रायफल से गोली दागने वाला युवक गिरफ्तार

# गर्लफ्रेंड को पैसे देने की थी 30 हजार की लूट, महिला व रिश्तेदार भी धराए

### तबेले में छिपाकर रख दी थी रायफल और तीन कारतूस शादीशुदा गर्लफ्रेंड की जरूरत पूरी करने की थी वारदात


दीपेंद्र


देशराज


साहब सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा हिल्स पुलिस की टीम ने 24 अक्टूबर को हाई सिक्योरिटी जोन राजभवन के सामने में एमपी ऑनलाइन शॉप के संचालक पर रायफल से गोली दागने वाले दस हजार रुपए के इनामी बदमाश को मालवीय नगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें मुरैना, ग्वालियर, इंदौर और धौलपुर में उसकी तलाश रहीं थीं। जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर भोपाल पहुंच गया था। पुलिस ने उसकी महिला मित्र और उसने पनाह देने व भागने में मदद करने वाले दो रिश्तेदारों को भी गिरफ्तार किया है।

डीसीपी जोन-2 विवेक सिंह ने बताया कि फाइन एन्क्लेव बीमाकुंज कोलार निवासी श्याम विजयवर्गीय (22) की अरेरा हिल्स थाने से 400 मीटर की दूरी पर एमपी ऑनलाइन की दुकान है। 24 अक्टूबर को स्विफ्ट डिजायर दीपेन्द्र गुर्जर उसकी दुकान पर पहुंचा। उसने एक खाते में 30 हजार रुपए ट्रांसफर कराए। दुकान संचालक ने रुपए ट्रांसफर करने के बाद 30 हजार रुपए की नगदी मांगी। इस पर दीपेन्द्र गुर्जर कार से लाइसेंसी रायफल ले आया और पहले दो हवाई फायर करने के बाद तीसरी गोली दुकान संचालक पर चला दी। दुकान संचालक श्याम विजयवर्गीय की कमर को छूती हुई गोली एक ज्वैलर्स शोरू के शीशे में जा लगी। फायरिंग करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### दीपेंद्र बोला, पार्षद बनाने का दिया था झांसा

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दीपेन्द्र मुरैना से भागकर भोपाल आ गया है। धौलपुर में किसी व्यक्ति ने उसकी मदद और सेटिंग करने का वादा किया था। हालांकि पुलिस ने धौलपुर पहुंचकर उस व्यक्ति से पूछताछ की। बाद में पुलिस उस व्यक्ति को भोपाल लेकर आई और उसी को आधार बनाकर आरोपी दीपेन्द्र गुर्जर उर्फ दीपू (24) निवासी ग्राम रथौल का पुरा थाना दिमनी जिला मुरैना, को मालवीय नगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दीपेन्द्र ने बताया कि लोकेन्द्र सिंह से पैसे मांगे थे। लोकेन्द्र ने उसे एक लाख 60 हजार रुपए देने का वादा किया था। वह लोकेन्द्र सिंह की गाड़ियां चलाने के अलावा बाउंसर का काम भी करता था। लोकेन्द्र सिंह उसे झांसा देता था कि वह उसे पार्षद बनवा देगा।

### ट्रेन से पहुंचा मुरैना, रिश्तेदारों से मांगी मदद

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दीपेंद्र सिविल लाइन मुरैना में रहने वाले साहब सिंह गुर्जर (23) और थाना सुमावली मुरैना क्षेत्र में रहने वाले देशराज गुर्जर (33) के पास पहुंचा था। मोबाइल की सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुरैना से साहब सिंह और देशराज को हिरासत में ले लिया। दोनों ने बताया कि आरोपी दीपेन्द्र यहां पावर बैंक और वाईफाई की मांग लेकर आया था। उसके कहने पर ही उसकी रायफल और तीन कारतूस गाय के तबेले में छिपा दिए थे। पुलिस ने साहब सिंह और देशराज को गिरफ्तार किया है।

### इंस्टाग्राम पर हुई थी महिला से पहचान, देना थे 22 हजार

करीब डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम पर दीपेन्द्र की दोस्ती हापुड़, उत्तर प्रदेश निवासी गुलअफशां से हुई। गुलअफशां ने बताया कि उसके पति पर डेढ़-दो लाख रुपए का कर्ज है। दीपेन्द्र ने कहा कि किश्त के पैसे मैं दे दूंगा। तू सिलाई का काम बंद कर दे। महिला करीब तीन लाख रुपए दीपेन्द्र से ले चुकी थी। अब वो 22 हजार रुपए 200 रुपए मांग रही थी। गुलअफशां को पैसे देने के लिए ही दीपेन्द्र ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हापुड़ से गुलअफशां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फरार होने के बाद दीपेंद्र ने गुलअफशां को तीन हजार रुपए ट्रांसफर किए और मोबाइल तोड़ दिया। ट्रेन से इंदौर पहुंचा और एटीएम से 24 हजार रुपए निकाले। वहां उसने एक व्यक्ति से 24 हजार गुलअफशां के खाते में जमा कराए थे।

## जंगली जानवर के हमले से मौत की आशंका

# बोरखाड़ी बीट में मिला तेंदुए का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज


मृत तेंदुआ

टाइगर रातापानी अभयारण्य की रेंज बिनेका के बोरखाड़ी बीट में शनिवार को मृत तेंदुआ मिला। सूचना मिलने पर वन मंडल अधिकारी हेमंत रैकवार एवं इंचार्ज रातापानी अधीक्षक निकुंज पांडे घटनास्थल पर पहुंचे और पीएम कराकर अंतिम संस्कार कराया। बोरखाड़ी और डामडोंगरी के ग्रामीणों ने बताया कि बिनेका रेंज में शिकारी सक्रिय है। बिनेका रेंजर शिव कुमार गुर्जर ने फोन पर बताया कि तेंदुए की प्राकृतिक मृत्यु हुई है। वन विभाग के कर्मचारी ने बताया कि किसी जंगली जानवर के हमले से तेंदुए की मौत हुई है। संपर्क करने पर इंचार्ज अधीक्षक पांडे एवं डीएफओ ने फोन रहे।

### पिछले हफ्ते जंगल में मिला था सियार का मृत बच्चा

पिछले हफ्ते बरखेड़ा रेंज में रातापानी सर्कल के जंगल में सियार का बच्चा मृत मिला था। बरखेड़ा और काली तलाई में ग्रामीणों ने बताया कि डिप्टी रेंजर हेड क्वार्टर पर नहीं रहते है। ग्रामीण कंछेदी ने बताया कि बरखेड़ा पुलिस चौकी पर शिकायत की। पुलिस ने वन अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि सियार को गुपचुप दफनाने की तैयारी थी, लेकिन डीएफओ हेमंत रैकवार ने हस्तक्षेप किया तो पीएम कराकर उसका दाह संस्कार किया गया। बरखेड़ा रेंजर मयंक पांडे मामले की जांच कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया


कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं की जानकारी देते अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

शनिवार को शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस और छात्रावास स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। अतिथि सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा प्रसाद अहिरवार, भाजपा मीडिया प्रभारी पत्रकार संतोष शर्मा, नामांकित अधिकारी अधीक्षक शासकीय अजा महाविद्यालय बालक छात्रावास बैरसिया सुरेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता नरेंद्र दुबे एवं कान्हा मीणा का नजीराबाद छात्रावास अधीक्षक थान सिंह गुर्जर ने सम्मान किया। मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नरेंद्र दुबे ने किया। अतिथियों ने छात्रों को बधाई देते हुए सरकारी सुविधाओं एवं मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर जानकारी दी। इसके बाद सभी ने सहभोज का आनंद लिया।

## 34 हेक्टर वन भूमि को अतिक्रमण से किया मुक्त


कार्रवाई करता अमला

**औबेदुल्लागंज।** मुख्य वन संरक्षक भोपाल व वन मंडलाधिकारी औबेदुल्लागंज के निर्देशन में उप वनमंडल अधिकारी सुल्तानपुर, परिक्षेत्र अधिकारी सुल्तानपुर, परिक्षेत्र अधिकारी चिलवाहा, परिक्षेत्र अधिकारी गौहरगंज, वन दल, पुलिस दल, राजस्व अमले ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए परिक्षेत्र सुल्तानपुर व चिलवाहा के कक्ष क्रमांक 491 और 740 में कार्रवाई करते हुए लगभग 34 हेक्टर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया।

## बनारस से जीजा के घर रहने आई थी बच्ची

# 32 साल के ऑटो चालक ने 12 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक मल्टी में 12 साल की बच्ची से 32 साल के आटो चालक द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता के जीजा का भांजा बताया जा रहा है। पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि 12 साल की बच्ची मूलतः बनारस की रहने वाली है। उसकी बहन और जीजा शाहपुरा स्थित मल्टी में रहते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब चार महीने पहले वह जीजा और दीदी के घर रहने आई थी। जीजा के घर बीमाकुंज कोलार निवासी 32 साल जीजा के भांजे नीरज सोनोने का आना-जाना है। रिश्तेदारी होने के कारण नीरज से बातचीत होती थी।

### एनजीओ कार्यकर्ता को बताई घटना

पंद्रह दिन पहले जीजा और दीदी की गैरमौजूदगी में नीरज सोनोने घर पहुंचा और डरा धमकाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। शुक्रवार को आरंभ संस्था की कार्यकर्ता मल्टी में पहुंची और बच्चों से संवाद कर रही थी। इसी बीच बच्ची ने डरे सहमे उन्हें घटना की जानकारी दी। कार्यकर्ता उसे थाने लेकर पहुंची। बच्ची की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पेशे से ऑटो चालक है और अविवाहित है।

## अमर शहीद संत कंवरराम के 86वें शहीदी दिवस पर अर्पित किए पुष्प

# भगत कंवरराम के मार्ग पर युवा चलने की प्रेरणा लें: चांदवानी


अमर शहीद संत कंवरराम को नमन करते पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के तत्वावधान में सिंधी समाज की शान अमर शहीद संत कंवरराम का 86वां शहीदी दिवस गरिमा एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

संत नगर के मुख्य मार्ग स्थित संत कंवरराम साहिब की आकर्षित एवं सुंदर प्रतिमा के समक्ष पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने अमर शहीद भगत कंवरराम साहिब को महान संत, निर्धनों के मसीहा, देशभक्त, समाज सुधारक तथा ईश्वरीय शक्ति प्राप्त व्यक्तित्व का धनी बताया। जिसकी पूरा समाज श्रद्धा से पूजा करता है। फलस्वरुप हर समाजसेवी एवं युवा वर्ग को भगत कंवरराम साहिब के मार्ग पर चलकर प्रेरणा लेना चाहिए।

### मधुर गीतों से लोगों को किया मंत्र-मुग्ध

कार्यक्रम में पंचायत के कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी व राकेश शेवानी ने अमर शहीद भगत कंवरराम की याद में मधुर गीत गाकर मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने किया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, ठाकुरदास मनवानी, महेश खटवानी, मोहन मनवानी, ओम आसनानी, नरेश पेसवानी, आसन मीरचंदानी, महेश गुरबानी, सीतल चेलानी, प्रकाश पोहानी, हीरो गनवानी, राम मोरंदानी, रमेश लखानी, सुरेश वासवानी, दिलीप टहलरामानी, घनश्याम डेटानी, प्रेम कुमार पठानी आदि मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक से पुलिस ने बताए महिला सुरक्षा कानून


प्रस्तुति के दौरान पुलिस अधिकारी और नुक्कड़ नाटक के कलाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर में शनिवार को रायसेन, सतलापुर और मंडीदीप पुलिस ने संयुक्त रूप से महिला और किशोरी सुरक्षा को लेकर मंगल बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर आम जन को जागृत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिला सुरक्षा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, नशे से दूरी, यातायात नियमों का पालन समेत सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे, एसडीओपी शीला सुराणा, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे और नुक्कड़ नाटक के कलाकार आदि उपस्थित रहे।

## देव उठनी ग्यारस पर उपनगरों में हुए कई धार्मिक आयोजन

# देवउठनी ग्यारस पर निकाली भगवान शालिगराम की बारात


भगवान शालिग्राम की बारात में शामिल श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बहावलपुरी समाज ने देवउठनी ग्यारस पर भगवान शालिग्राम की बारात महावीर कॉलोनी से निकाली। राम मंदिर परिसर में बारात पहुंची, जहां भगवान शालिग्राम और तुलसी का विवाह कराया गया।

आयोजन में दीपू चावला, अशोक सेठी, अशोक कामरा और महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।

### राम मंदिर परिसर में हुआ तुलसी विवाह

इसमें मुख्य रूप से प्रताप नारायण अरोड़ा मुखी बालवीर समाज गिरीश चावला कार्यकारिणी अध्यक्ष बहावलपुरी समाज विक्की छाबड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, अर्जुन अरोरा, बल्लू अरोरा, प्रदीप अरोरा व्यापार महासंघ सचिव शंकर सेठी शंकर नीरज चावला पिंकू भोले, मनोज खत्री, सुधीर कमल, बिट्टू कामरा, पिंटू बत्रा, तरुण खत्री, रवि कमल, राजू कामरा, नीटू बत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम की निशान यात्रा में उमड़ा भक्ति का जनसैलाब


खाटू श्याम की निशान यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर में देव उठनी ग्यारस पर अलग-अलग जगहों पर सनातन धर्म प्रेमियों ने एक और जहां खाटू श्याम की निशान यात्रा निकालकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम राधा कृष्ण मंदिर मंडीदीप से शुरू होकर नगर के स्टेशन रोड, सतलापुर जोड़, ब्रिज के नीचे होते हुए इंडस रियल्टी में बाबा श्याम के मंदिर में निशान यात्रा के समापन के साथ किया गया।

### श्यामजी का किया अलौकिक श्रृंगार

आयोजन के पूर्व श्यामजी को शनिवार सुबह इत्र वर्षा, छप्पन भोग समेत बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। वही दूसरी ओर नगर की माताएं एवं बहनों ने देवउठनी ग्यारस पर देव उठो सावरे, बेर भाजी आवले का गायन कर विष्णु भगवान को उनकी निंद्रा से जगाया। इसके बाद पूजन-अर्चन कर भगवान शालिगराम और तुलसी माता का विवाह किया गया। देर रात तक आतिबाजी से मंडीदीप नगर गूंजता रहा।

## ये मेरा मध्य प्रदेश गान पर आयोजक सहित झूमे विद्यार्थी

**संतनगर।** बैरागढ़ में मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस कई आयोजनों के साथ मनाया गया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कर्नल नारायण पारवानी, वरिष्ठ समाज सेवी विष्णु बंसल ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर अतिथियों, बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षकाओं ने उत्साह से ये मेरा मध्य प्रदेश है गीत के स्वर का सुरमय गान किया। सचिव बसंत चेलानी ने सभी को मप्र स्थापना दिवस की बधाई देते दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# वाहन चलाते समय सतर्कता और ट्रैफिक रुल्स महत्वपूर्ण



यातायात जागरुकता सत्र में बैनर लिए पुलिस अधिकारी और विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल एवं मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति सजगता एवं सड़क सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व भावना का विकास करना था। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में गिरीश कुमार सारस्वत, एचसी, ट्रैफिक एजुकेशन सेल, भोपाल ने विद्यार्थियों को सड़क संकेतों के पालन, सुरक्षित यातायात आदतों के विकास तथा वाहन चलाते समय सतर्कता और जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## 5 और 6 नंबर प्लेटफार्म के बीच रखा जाएगा ओपन ड्रेनेज, जून 2026 तक होगा पूरा तैयार

# भोपाल स्टेशन का ड्रेनेज सिस्टम नए तरीके से हो रहा तैयार, ट्रैक पूरी तरह रहेंगे साफ

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन का ड्रेनेज सिस्टम अब नये तरीके से बनाया जा रहा है जिससे सभी ट्रैक पूरी तरह साफ रह सकें। कई बार तेज बारिश होती है और पटरियों पर पानी भर जाता है। शौचालय ओवरफ्लो हो जाते हैं। इससे यात्रियों को परेशान होना पड़ता है।

अधिक समय तक तेज बारिश हुई तो पटरियां डूबने का भी खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में ट्रेनों का परिचालन बंद करने की नौबत आ जाती है। इस वर्ष जुलाई में हुई तेज बारिश में ये हालत बन चुके थे। लेकिन अब ऐसी नौबत न आए, इसलिए ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है। नये ड्रेनेज सिस्टम के लिए टेंडर में जारी कर दिये गए है।


भोपाल रेलवे स्टेशन पर खराब ड्रेनेज सिस्टम का एक दृश्य।



भोपाल रेलवे स्टेशन का एक दृश्य।

### यात्रियों को होती है परेशानी

भोपाल रेलवे स्टेशन का ड्रेनेज सिस्टम सालों पुराना है। इसका मेंटेनेंस भी नहीं किया जाता। जब भी तेज बारिश होती है तो स्टेशन परिसर में कई जगह पानी भर जाता है। वेटिंग रूम के शौचालय ओवरफ्लो हो जाते हैं। इसके कारण सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों को होती है। एक से दूसरे प्लेटफार्म के बीच गंदे पानी की निकासी के लिए बनी नालियों से पानी बाहर नहीं निकलता। इसके कारण रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाता है।5 और 6 नंबर प्लेटफार्म के बीच ट्रैक पर हो रहा तैयारवैसे तो भोपाल स्टेशन पर पूराना ड्रेनेज सिस्टम है लेकिन पूरी तरह उससे जल की निकाशी नहीं हो पा रही है और साफ सफाई में भी परेशानी होती है। लेकिन अब 5 और 6 नंबर प्लेटफार्म के बीच जो ट्रैक है उसमें 500 मीटर तक उपर ओपन जालियां लगायी जायेगी जिससे साफ सफाई करने में आसानी हो जायेगी। और पानी के निकासी मे आसान रहेगा।

### बीना एंड में रिसाइकलिंग प्लांट तक जुड़ेगा पाइप

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि भोपाल स्टेशन व ट्रैक को पूरी तरह साफ रखा जायेगा। बीना एंड में 300 मीटर का पाइप लाइन डालकर रिसाइकलिंग प्लांट तक नये सिस्टम को जोड़ा जा रहा है। जिससे पूरा पानी व गंदगी रिसाइकलिंग प्लांट तक निकाल दी जायेगी।1.3 करोड़ का हुआ है नया टेंडरभोपाल स्टेशन को स्वच्छ रखने के लिए नये ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट किया जायेगा जिसके लिए भोपाल रेल मंडल ने नया टेंडर जारी कर दिया है । अधिकारियों के मुताबिक काम भी शुरू हो चुका है जिसकी टाइम लाइन जून 2026 रखी गई है।

### पुराना ड्रेनेज किया जा रहा अपडेट

भोपाल स्टेशन को स्वच्छ साफ रखने के लिए नया ड्रेनेज सिस्टम बनाया जा रहा है। पुराने ड्रेनेज को अपडेट कर नये तरीके से काम किया जायेगा। जिससे ट्रैक पर किसी प्रकार गंदगी व पानी न रूके। ट्रैक पूरी तरह साफ सुथरे रहे। जून 2026 तक ड्रेनेज सिस्टम अपडेट कर दिया जायेगा।

नवल अग्रवाल,
एसीएम व पीआरओ,
भोपाल रेल मंडल

---

## प्रदेश की किसान हितैषी सरकार का निर्णय सराहनीय, कलेक्टरों को जारी किए आदेश

# 16 जिलों में किसानों का धान पंजीयन 6 नवंबर तक होगा, किसानों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बचे हुए किसानों का पंजीयन अब 6 नवंबर तक हो सकेगा। जारी आदेश के अनुसार डिण्डौरी, मण्डला, बालाघाट, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, दमोह, सिवनी, मैहर, उमरिया, जबलपुर, सीधी, अलीराजपुर, बैतूल और पन्ना जिलों में अब शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

यह निर्णय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान-हितैषी सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश के कई जिलों से यह सुझाव प्राप्त हुए थे कि तकनीकी कारणों, समयाभाव या मौसम की बाधाओं के चलते कुछ किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कलेक्टरों की ओर से भेजे गए इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने कृषक पंजीयन की अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी खरीदी से वंचित न रह जाए।


मंत्री गोविंद सिंह (फाइल फोटो)


धान की फसल (फाइल फोटो)

### पंजीयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

खाद्य संचालनालय से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर खाद्य, सहकारिता, राजस्व एवं कृषि विभाग के नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही बचे हुए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। केन्द्रवार केवल उन शेष कृषकों का ही पंजीयन होगा, जिनके नाम जिला प्रस्ताव में उल्लेखित हैं। किसान पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि 6 नवंबर तक शेष रहे किसानों का पंजीयन हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

### किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

खाद्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा किसानों को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा है। उनकी पहल पर प्रदेश में कृषि आधारित योजनाओं का विस्तार किया गया है। सिंचाई, बीज, खाद, बिजली और फसल बीमा जैसी योजनाओं से किसानों को लगातार राहत दी जा रही है। धान उपार्जन पंजीयन अवधि बढ़ाए जाने का यह निर्णय इसी दृष्टि का विस्तार है। यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य का कोई भी किसान समर्थन मूल्य का लाभ पाने से वंचित न रहे। सरकार के इस फैसले से उन किसानों को राहत मिलेगी, जो अभी तक पंजीयन नहीं करा पाए थे। अब वे 6 नवंबर तक अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्रों पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

### सरकार की मंशा, हर किसान को मिले उसका हक

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने से वंचित न रह जाए, यह हमारा दायित्व है। इसीलिए पंजीयन अवधि बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खरीफ उपार्जन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाया जा रहा है ताकि किसान को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

## ट्रेन में जेवरात चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्त में

**भोपाल।** रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं ट्रेनों में चोरी, लूट और धोखाधड़ी की घटनाओं की रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश पुलिस की जीआरपी इकाइयों द्वारा पूरे प्रदेश में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत जीआरपी ग्वालियर एनजी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। खड़ी ट्रेन में जेवरात चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 10.43 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में सभी जीआरपी सघन अभियान चला रही हैं। ये कार्रवाईयाँ रेल परिसर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में जीआरपी की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। थाना जीआरपी खंडवा ने फर्जी लूटकांड का पदार्फाश करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर 1 किलो 500 ग्राम सोना (कीमत 1.82 करोड़) बरामद किया। फरियादी सागर पारख एवं साथियों द्वारा रची गई फर्जी लूट की कहानी को पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उजागर किया।

**कार सहित 10.43 लाख का माल बरामद**

---

## पास्टर को केरल से हर महीने मिलती थी 60 हजार सैलरी

# रतलाम में इलाज के बहाने धर्मांतरण: एसआईटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

रतलाम में इलाज के बहाने धर्मांतरण के मामले में एसपी अमित कुमार ने जांच के लिए एसआईटी बना दी है। इस केस में झाबुआ से पकड़े गए पास्टर गॉडविन को दो दिन की रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है। जांच में पता चला है कि गॉडविन को केरल से हर महीने 60 हजार रुपए सैलरी मिलती थी, जिसमें से वह 4 से 5 हजार रुपए मुख्य आरोपी विक्रम के खाते में भेजता था। पुलिस की दो दिन की पूछताछ में सामने आया है कि गॉडविन झाबुआ के मोहनपुरा में एक चर्च में पास्टर था। यह चर्च 'चर्च ऑफ साउथ इंडिया' संस्था से जुड़ा है, जो त्रिवेंद्रम (केरल) की है। गॉडविन चर्च की देखरेख, धर्म का प्रचार-प्रसार और प्रार्थना करवाता था। संस्था उसे हर महीने 60 हजार रुपए सैलरी के रूप में देती थी। इन्हीं रुपयों में से गॉडविन, रतलाम में धर्मांतरण कराने वाले मुख्य आरोपी विक्रम को खाते में रुपए भेजता था। हालांकि, गॉडविन ने पुलिस को बताया है कि वह विक्रम की मदद करने के लिए रुपए भेजता था। लेकिन पुलिस सिर्फ इसी की मदद करने की बात से संतुष्ट नहीं है और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

### सीएसपी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम करेगी जांच

पुलिस को इस धर्मांतरण के खेल के तार केरल से जुड़े होने के कुछ इनपुट मिले हैं। हिंदू जागरण मंच ने भी एसपी अमित कुमार से मिलकर इस पूरे रैकेट की विस्तृत जांच की मांग की थी। इसके बाद एसपी ने इस पूरे मामले की जांच को लेकर सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में एसआईटी बनाई है।

### एसआईटी केरल भी जाएगी

इस एसआईटी में नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी, थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी और सायबर सेल समेत 6 लोगों को शामिल किया गया है। यह एसआईटी शुरू से लेकर अब तक हुई जांच और केरल से जुड़ी हर एक जानकारी एकत्र करेगी। जांच के लिए एसआईटी केरल भी जाएगी।

---

## निगम ने पंजीयन के लिए लगाना शुरू किए शिविर

# पथ विक्रेताओं की ऋण सीमा में वृद्धि, 3 चरणों में 50 हजार रुपए तक के ऋण बैंकों से मिलेंगे


निगम के लगाए शिविर में लोगों से चर्चारत अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

केंद्र सरकार द्वारा पथ विक्रेताओं व उनके परिवारों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान सुनिश्चित करने एवं इसके प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन किया गया है और ऋण सीमा में वृद्धि की गई है। इसे लेकर नगर निगम ने वार्ड और जोन स्तर पर शिविर लगाने शुरू कर दिए हैं। इसका उद्देश्य शहरी असंगठित कामगार पोर्टल पर नवीन पथ विक्रेताओं के पंजीयन और पथ विक्रेताओं को वित्तीय साक्षरता के लिए जागरुक करना है। इस योजना के तहत पथ विक्रेताओं को क्रेडिट गारंटी समर्थन के साथ तीन चरणों में 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रूपए तक के ऋण पथ विक्रेताओं को बैंकों के माध्यम से प्रदाय कराए जाएंगे। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शहरी असंगठित कामगार पोर्टल पर नवीन पथ विक्रेताओं के पंजीयन और पथ विक्रेताओं को वित्तीय साक्षरता के साथ पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण सीमा वृद्धि आदि की व्यापक पैमाने पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए वार्ड और जोन स्तर पर शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

एनयूएलएम शाखा द्वारा जोन नंबर-3 के तहत वार्ड-11 में शिविर आयोजित हुआ। इसमें नवीन पथ विक्रेताओं का पंजीयन किया गया, बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के समन्वय से पथ विक्रेताओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया के मनोज जैन, नगर निगम के सामुदायिक संगठक राजकुमार चौहान, देवेन्द्र नायक एवं रूपाली बघेल मौजूद थीं।

---

## नवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज में शनिवार शाम नवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की जानकारी उस समय लगी जब पंखा टूटकर नीचे गिर गया। परिजन उसे उठाकर चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन अभी शोकाकुल है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। परिजन के बयान होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

पुलिस के अनुसार अलोक मेहता दानिश कुंज कोलार में रहते हैं। वह सिविल इंजीनियर हैं। उनका घर के सामने ही ऑफिस है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा बड़ा बेटा और छोटी बेटी अक्षिता मेहता (14) थी। अक्षिता नवीं कक्षा में पढ़ती थी। अलोक मेहता ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम वह ऑफिस में थे, जबकि पत्नी ग्राउंड फ्लोर पर काम कर रही थी। बेटी अक्षिता फर्स्ट फ्लोर पर थी। पत्नी ने फर्स्ट फ्लोर पर कुछ गिरने की आवाज आई। वह दौड़कर ऊपर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। सिलिंग फैन टूटकर नीचे गिरा हुआ था। वहीं अक्षिता पड़ी हुई थी और उसके गले में फंदा कसा हुआ था। उन्होंने शोर मचाकर पति को ऊपर बुलाया। इसके बाद अक्षिता को लेकर चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

---

## एएसपी मिश्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें: डीजीपी ऑफिस ने सीआईडी एडीजी को भेजी शिकायत, जांच करने के आदेश

- फैशन डिजाइनर ने 30 लाख की धोखाधड़ी का लगाया सीआईडी एआईजी पर आरोप, बेटी ने 26 लाख की खरीदी ज्वेलरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और मध्य प्रदेश के डीजीपी से जयपुर की रहने वाली फैशन डिजाइनर ने शिकायत की है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मिश्रा ने 30 लाख रुपए की धोखाघड़ी की है। पत्नी के लिए गहने और होटल के बिल का भुगतान कराया है। इस मामले में डीजीपी कैलाश मकवाना ने सीआईडी के एडीजी को जांच करने के लिए निर्देश दिए हैं। इस जांच के बाद एसपी राजेश कुमार मिश्रा की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है।

ईओडब्ल्यू भोपाल, लोकायुक्त ग्वालियर एसपी रह चुके वर्तमान में सीआईडी मुख्यालय में पदस्थ राजेश मिश्रा पर जयपुर की डिजाइनर ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने डीजीपी कैलाश मकवाना और मुख्यमंत्री के साथ-साथ मुख्य सचिव को भी शिकायत भेजी है। जिसमें जयपुर यात्रा के खर्च की रसीद भी भेजी है शिकायत में बताया है कि मिश्रा ने बेटी का जन्मदिन जबलपुर में मनाने की बात कही और होटल बुक करने को कहा परिचित होने के कारण डिजाइनर ने दो कमरे का 98 हजार भुगतान कर दिया। 3 से लेकर 5 अक्टूबर तक मिश्रा पत्नी और उनकी बेटी जबलपुर में रहे। आरोप है कि बेटी ने 26 लाख रुपए की ज्वेलरी और 3 लाख रुपए की डिजाइनर ड्रेस ली। जिसका भुगतान डिजाइनर से करवाया गया है। जयपुर प्रवास के दौरान 60 हजार से अधिक खर्च हुआ है। मिश्रा में पैसे लौटाने का भरोसा दिया है लेकिन बाद में फोन नंबर ब्लॉक कर दिया।

### परिवार से बात करके बताउंगा: मिश्रा

इस मामले में राजेश कुमार मिश्रा का कहना है कि उनकी लेनदेन की जो बात निकाल कर आई है। वह एक मित्र से है होटल बुकिंग जयपुर में की थी उसका भुगतान भी किया गया है। ज्वेलरी के बारे में परिवार के सदस्यों से बातचीत करके बताऊंगा फिलहाल अभी भोपाल से बाहर हूं जो भी शिकायत है उसके निराकरण संबंधी विषयों को लेकर अपना पक्ष रखूंगा।

---

## फर्जी मेडिकल घोटाला के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**भोपाल।** फर्जी मेडिकल बिल के माध्यम से पुलिस मुख्यालय में लाखों रुपए का घोटाला करने के आरोपी पुलिस मुख्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजपाल सिंह ठाकुर आत्मज तुलसी सिंह ठाकुर आयु 36 वर्ष निवासी सूरज नगर भदभदा भोपाल के अग्रिम जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने सुनवाई के बाद प्रकरण की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है।न्यायाधीश ने पूर्व में सूबेदार नीरज कुमार और मेडिकल शाखा के प्रभारी उपनिरीक्षक हर्ष वानखेड़े अग्रिम जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया था। अभियोजन के अनुसार आरोपियों ने वर्ष 20-2021 से लेकर 24-2025 के बीच पुलिस मुख्यालय के पुलिस कर्मचारियों के इलाज के लिए फर्जी मेडिकल बिल बनाकर धोखाधड़ी करते हुए फर्जी तरीके से राशि ट्रांसफर कराई थी। सिस्टम खराबी का बहाना बनाकर उनसे पैसे लेकर बैंक खातों में डाल लिए।

---

## 2029 बीएलओ करेंगे काम, एक बीएलओ पर 12 सौ वोटर्स की जिम्मेदारी

# एसआईआर में सामने आएंगे दो जगह दर्ज वोटर्स के नाम, मृतक और शिफ्ट मतदाताओं के कटेंगे नाम

- मृतक और शिफ्टेड मतदाताओं का जुटाना पड़ेगा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

प्रदेश में 22 साल बाद होने जा रहे एसआईआर के तहत भोपाल में दर्ज ऐसे वोटर्स का रिकार्ड भी सामने आएगा, जिनका नाम यहां दर्ज होने के साथ उनके गृह नगर में भी दर्ज है। बीएलओ अब तक ऐसे मतदाताओं के नाम सर्च नहीं कर पाए हैं। हालांकि टेबल टॉप में अंदाजा लगाया जा रहा है कि यहां पर करीब एक लाख से अधिक


वोटर लिस्ट की जांच (फाइल फोटो)

मतदाता बाहरी जिलों से आए हैं। जिनका नाम उनके गृह नगर में भी दर्ज है। ऐसे में इन मतदाताओं का नाम एक जगह से काट दिया जाएगा। मृत और परमानेंट शिफ्ट होने वाले मतदाताओं की भी तलाश की जाएगी। जिनके नाम काटने एसडीएम स्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे। भोपाल के 21 लाख 25 हजार 683 मतदाताओं को गणना फार्म दिए जाएंगे। जिसमें मतदाता का फोटो पहले से प्रिंट होगा। बीएलओ एक फार्म देने के साथ एक पर पावती लेगा। जिसका रिकार्ड उसे बीएलओ एप पर भी अपलोड करना पड़ेगा। ऐसे में किसी के मतदाता के छूटने की संभावना कम रहेगी। इधर आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अफसरों को एसआईआर के लिए पहले से वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट के मृतक और शिफ्टेड मतदाताओं की जानकारी जुटाने की हिदायत दी थी, लेकिन भोपाल के बीएलओ यह जानकारी नहीं जुटा पाए।

### 9 लाख 44 हजार को जाएंगे नोटिस

बीएलओ गणना पत्रक देने के बाद इन्हें भरकर वापस लेंगे। जिसके आधार पर 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया जाएगा। इधर जिन मतदाताओं के नाम पिछले एसआईआर यानि वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं मिलेंगे, उन्हें एसडीएम दफ्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे।

### एक बूथ पर रहेंगे परिवार के सदस्य

वर्तमान में जिले की सातों विस में कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सदस्यों की संख्या अधिक होने से उनके मतदान केंद्र अलग-अलग है। जिसकी वजह से एक परिवार के लोगों को अलग-अलग मतदान केंद्र में जाकर वोट डालना पड़ता है। जिसको देखते हुए एसआईआर के दौरान बीएलओ को इस बात का ध्यान देना पड़ेगा कि ऐसा न हो।

### गणना फार्म पर चिपकाना पड़ेगा नया कलर फोटो

गणना पत्रक में पहले से दर्ज नाम के आधार पर इपिक नंबर, मतदान केंद्र, पता और पुराना फोटो भी दर्ज रहेगा। जबकि नई जानकारी में नया कलर फोटो भी चस्पा करना पड़ेगा। इसके साथ आधार नंबर, माता, पिता, पति और पत्नी के इपिक नंबर की जानकारी भी फार्म में भरना पड़ेगी।

---

## पटवारी मिलन समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी में रविवार को पटवारी परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। ये कार्यक्रम लालघाटी हलालपुर स्थित लैंड मार्क मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया है। इस समारोह में पटवारी परिवारों के अलावा अन्य राजस्व विभाग के अफसर भी मौजूद रहेंगे।

जिसमें 250 से ज्यादा परिवार शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम 4.30 से रात 9.30 बजे तक रखा गया है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद गिरी ने बताया कि लंबे समय के बाद दीवाली के बाद ये कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें पटवारियों के ड्यूटी के समय, उनके काम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही पटवारियों को फील्ड पर आ रही दिक्कतों को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

---

## अशोका गार्डन में अवैध गैस रिफिलिंग करते समय सिलेंडर में तेज धमाका

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

अशोका गार्डन की सम्राट कालोनी में अवैध गैस रिफिलिंग करते समय सिलेंडर में धमाका हो गया और भीषण आग लग गई। यह देख मकान व दुकान में रहने वाले लोग सड़कों पर आ गए और रहवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेट कंट्रोल रूम को सूचना दी। जिसके बाद कुछ ही देर में दमकलें मौके पर पहुंच गई और आग बुझाना शुरू कर दिया था। फायर अमले ने करीब दो घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

नगर निगम के दमकल कर्मचारी सागर कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम से शनिवार रात पौने आठ बजे सूचना मिली थी कि अशोकागार्डन सुंदर नगर के पास सम्राट कालोनी स्थित घर की एक दुकान में आग लग गई है।जिसमें गैस सिलेंडारों से छोटे सिलेंडरों में गैस रिफिलिंग की जा रही थी। जानकारी मिलते ही गोविंदपुरा और बोगदा पुल से तीन दमकलें मौके पर पहुंची, जहां आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया था।अमले ने दुकान में रखे छोटे - बड़े गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला, जिनमें से एक सिलेंडर में पहले ही धमाका हो गया था। इस तरह करीब पौने दस बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।अमले ने आग बुझने के बाद 11 पांच -पांच किलोग्राम के खाली सिलेंडर और छह घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। जिनमें से एक फट चुका था और चार भरे व एक खाली था।फायर अमले ने पंचनामा बनाकर पुलिस व खाद्य विभाग को जानकारी दे दी है।

**दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकलों ने पाया काबू**

# आरडी बर्मन और एआर रहमान को समर्पित रही कैंडल लाइट सीरीज

## हजारों फ्लेमलेस मोमबत्तियों की मद्धिम रोशनी से सजी संगीत संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

झीलों की नगरी ने एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक उपलब्धि देखी जब लाइव योर सिटी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कैंडलाइट सीरीज़ ने शनिवार को ताज लेकफ्रंट में शहर के पहले कैंडललाइट कॉन्सर्ट अनुभव ने सभी को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। महान संगीतकार आरडी बर्मन और एआर रहमान को समर्पित रही हज़ारों फ्लेमलेस मोमबत्तियों की मद्धिम रोशनी में नहाया यह खूबसूरत वेन्यू एक अद्भुत संगीत स्थल में बदल गया।


ताज लेकफ्रंट में कैंडल लाइट कॉन्सर्ट प्रस्तुत करते वाद्य कलाकार।


इस प्यानो के माध्यम से संगीकार आरडी बर्मन के मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

### हर सुर और हर लय ने छुआ दिल को

स्थानीय प्रतिभाशाली कलाकारों ने इस अनूठे मल्टी-सेंसरी फॉर्मेट में अमर धुनों को जीवंत कर दिया, जिससे हर सुर और हर लय ने दिल को छू लिया। शाम की शुरुआत कैंडललाइट: ट्रिब्यूट टू आर.डी. बर्मन के साथ हुई, जहां तालियों की गूंज ने पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

### झिलमिलाती शमा को रोशन करते गीत

गीतों की शुरुआत ये शाम मस्तानी से हुई। तबले की थाप, बांसुरी की मद्धिम धुन ने समा को संगीत की लहरियों में डूबो दिया, गीतों के सिलसिले में तुमसे मिलके, बड़े अच्छे लगते हैं, तुम आ गए हो.... जैसे गीतों ने झिलमिलाती शमा को और भी रोशन किया। वहीं फिल्म अमर प्रेम के गीत चिंगारी कोई भड़के... ने श्रोताओं को स्वर लहरियों का अद्भुत अनुभव कराया।


प्यानो की मधुर धुनों पर तबले से संगत देते आर्टिस्ट।

## मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का शुभारंभ


मंच पर 150 नृत्यांगनाओं के नृत्य में तीन प्रमुख भारतीय शास्त्रीय शैलियों - भरतनाट्यम, कथक और मोहिनीअट्टम का संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। यूं लगा मानो भोपाल की धरती पर स्वर्ग उतर आया हो।

# शिव कैलाशों के वासी गीत से जुबिन ने कराया भव्यता में दिव्यता का दर्शन

## जुबिन के सुर, समवेत संगीत, विश्ववंद, श्रीकृष्ण प्रस्तुतियों ने सबका मोहा मन


मंच पर प्रस्तुति देते प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आपसे मेरी पहली मुलाकात उज्जैन की पावन धरती पर हुई और पिछले महीने कैलाश मानसरोवर के दर्शन का मौका मिला तभी ये गीत बनाया जो पहली बार आपके बीच गा रहा हूं। जय श्री महाकाल गीत से जैसे ही जुबिन नौटियाल ने शिव कैलाश वासी, शंकर संकट हरना, तेरे कैलाशों का अंत न पाया..... गीत को बोल दिए हजारों की संख्या में दर्शकों से भरपूर लाल परेड का ग्राउंड तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था भारत के हृदय मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस का।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल सहित कलाकारों का मंच पर सम्मान किया।

### 150 से अधिक शास्त्रीय नर्तक-नर्तकियां ने दी प्रस्तुति

संगीत की इस भव्यता को 150 से अधिक शास्त्रीय नर्तक-नर्तकियां अपनी भाव-भंगिमाओं से मूर्तरूप दिया गया । इस नृत्य खंड में तीन प्रमुख भारतीय शास्त्रीय शैलियों - भरतनाट्यम (द्रविड़ियन ओज), कथक (उत्तरी भारत का नटखटपन और भाव) और मोहिनीअट्टम (केरल की लावण्यपूर्ण प्रस्तुति) का संगम देखने को मिला।

### जुबिन की मखमली आवाज के श्रोता हुए कायल

संगीत के मधुरम ताने-बाने के बाद अवसर था जुबिन की मखमली आवाज सुनने का। जुबिन ने सुरों का सिलसिला तुम्हीं आना गीत से किया। जुबिन ने कहा, दो दिन पहले ही कैलाश मानसरोवर के दर्शन का अवसर मिला, तो ये गाना पहली बार आप सभी के सामने गा रहा हूं। उन्होंने भावमई सुरों के साथ शिव कैलाशों के वासी गीत से भव्यता में दिव्यता के लहर बिखेर दी। भक्तिमई माहौल में भाव घोले मेरे घर राम आए हैं भजन ने। इसके बाद श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, मन मंदिर में सजे बिहारी प्रस्तुत किया।

### विश्ववंद: श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा रही खास

भव्य मंच, जगमगाती रोशनी और सतरंगी सुरीले सिलसिले के बीच इस उत्सव का आरंभ ड्रोन शो से हुआ। इसके बाद समवेत संगीत प्रस्तुति विश्ववंद - श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा का प्रदर्शन हुआ। जिसमें श्रीकृष्ण की करुणा, स्नेह और आत्मज्ञान की अमर गाथा का एक अभूतपूर्व और विराट मंचन 350 से अधिक प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं का विशाल कोरस (समवेत गान) हुआ।


भगवान श्रीकृष्ण की करुणा, स्नेह और आत्मज्ञान की अमर गाथा का एक अभूतपूर्व और विराट मंचन किया गया।


सैकड़ों नर्तकियों और बैकग्राउंड में बांसुरी बजाते कृष्ण का अद्भुत दृश्य।

# मेरा संगीत हमेशा रहा एक्सप्रेसिव, इंप्रेस करने के लिए गाए गाने चले नहीं

हरिभूमि चर्चा

स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आए जुबिन नौटियाल से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मैंने हमेशा अपने संगीत को एक्सप्रेसिव रखा, ज्यादातर गाने एक्सप्रेस करने के लिए गाये। जब भी मैंने इंप्रेस करने के लिए गाने गाए, वह चले नहीं और जो एक्सप्रेस करने के लिए गाए, वह सबके दिलों तक पहुंचे। यह कहना है गायक जुबिन नौटियाल का। वह मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश में प्रस्तुति देने के लिए शनिवार को शहर आए थे। इस अवसर पर जुबिन ने हरिभूमि से बात चीत में अपने जीवन के अंश साझा किए।


एक होटल में जुबिन नौटियाल।

### अपने सफर में चुनौतियों को नहीं देखा, केवल ली उनसे सीख

उभरते कलाकारों की चुनौतियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमेशा मंजिल से ज्यादा खूबसूरत सफर होता है। सफर को जब एंजॉय करने लगो, तो बहुत मजा आता है। मैंने कभी भी अपने सफर में चुनौतियों को नहीं देखा, केवल उनसे सीखा और आज वह जो प्यार मिल रहा है, वह उसका ही प्रसाद है। आज मैं इस प्यार के लायक इसलिए ही बना हूं कि सफर को हमेशा जिया।

### कुछ धड़कन प्रदेश की ले जा सकूं

जुबिन ने मध्यप्रदेश के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है और यहां के लोग यहां की धड़कन। जुबिन ने कहा कि मैं आज अपनी प्रस्तुति से यहां के लोगों की धड़कन का कुछ हिस्सा अपने साथ ले जाना चाहता हूं। अगर थोड़ा सा हिस्सा भी ले गया, तो यह मेरे लिए बड़ी बात होगी।

# पंचायत सीरीज की शुरुआत में लोगों को लगता था कि यह किसी हिट फिल्म से ली गई कहानी है....

*भोपाल आए पंचायत के सरपंच उर्फ रघुवीर यादव से हरिभूमि की खास बतचीत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

हमें यकीन नहीं हो रहा कि दर्शकों का अभूतपूर्व प्यार की वजह से हमें पंचायत के तीन, चार और लगता है आगे और भी सीजन लाने पड़ेंगे जब हम पहले इस सीरीज को ला रहे थे, तो लोगों को लगा कि यह किसी फिल्म की कहानी से लिया गया होगा, जो हिट फिल्म रही होगी, लेकिन हकीकत में यह उस गांव और कस्बे की कहानी है जहां हजारों लोग रहते हैं, जहां खुशी है, इमोशंस है और राजनीतिक दाव पेंच। यह कहना है वेब सीरीज पंचायत के सरपंच उर्फ रघुवीर यादव का, जो अपनी नाट्य प्रस्तुति के लिए भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।


एक होटल में चर्च करते रघूवीर यादव।

### थिएटर के अपने ही मजे हैं

उन्होंने कहा कि थिएटर के अपने ही मजे हैं और इस जर्नी को मैंने पारसी थिएटर के साथ 6 साल तक एक अभिनेता और गायक के रूप में जिया। और इसीलिए यह नाटक लेकर आया।

### ऐसा नाटक लाऊं जो पुराने गांवों की याद दिलाए

मैं खुद ही ठेठ देहाती रहा हूं, मैंने बैलगाड़ी चलाई है, ग्रामीण परिवेश में जिया हूं और मारे गए गुलफाम की पृष्ठभूमि भी इसी देहाती अंदाज की दर्शाती हैं। इसलिए मुझे लगा एक नाटक जो पुराने समय के गांव की याद दिलाए उसको मंच पर लेकर आना चाहिए, इसलिए इस नाटक की तीसरी प्रस्तुति को मैंने शनिवार शाम रविंद्र भवन में मंचित किया।

### पंचायत का अगला सीजन होगा अलग और इंटरेस्टिंग, जल्द होगी शूटिंग

पंचायत के अगले सीजन के बारे में उन्होंने कहा कि इस सीजन की जल्द ही शूटिंग शुरू होगी, अभी स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और यकीन मानिए पंचायत का यह भाग बाकी भागों से काफी अलग और इंटरेस्टिंग भी होगा क्योंकि मैं इसमें पूर्व सरपंच की भूमिका निभाऊंगा।


सुदामा की भूमिका में कलाकार।

**चेतना ऑडिटोरियम नीलबड़ में एकला खेलो रे' में नाटक 'रश्मि रथी' एवं सुदामा के चावल का मंचन**

# धर्म, मित्रता, आत्म-सम्मान के बीच दुविधा में फंसा कर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

द राइजिंग सोसायटी आफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन चेतना ऑडिटोरियम नीलबड़ में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शनिवार को राहुल शर्मा के सोलो अभिनय से सजा नाटक 'रश्मि रथी' का मंचन किया गया। वहीं दूसरी प्रस्तुति 'सुदामा के चावल' की रही, जिसमें लेखन, अभिनय व निर्देशन बिशना चौहान का रहा। तनाजी के निर्देशन में सजी रश्मि रथी नाटक नैतिक, दार्शनिक और मानवीय त्रासदी के रूप में दिखाया गया है। जहां कर्ण धर्म और मित्रता, आत्म-सम्मान और नियति के बीच फँस जाता है।

द राइजिंग सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर की प्रस्तुति

रश्मिरथी में दिखी नैतिक, दार्शनिक और मानवीय त्रासदी


रश्मिरथी की सोलो प्रस्तुति देता अभिनेता।

### श्री कृष्ण और सुदामा की दोस्ती दर्शाता नाटक

सुदामा के चावल बुंदेली बोली के साथ स्वांग शैली के तत्वों का मिश्रण और बुंदेली लोक धुनों का मिश्रण था, जिसमें दिखाया कि श्री कृष्ण अपने भक्तों का उद्धार करने के लिए कोई भी रूप ले सकते हैं और बड़ी से बड़ी भूल क्षमा भी कर सकते हैं।

# कुछ शब्दों तक सिमटी किशोर-युवाओं की बातचीत

घर, ऑफिस, कॉलेज हो या कोई पार्टी जहां कहीं भी किशोर या युवा आपस में बातचीत करते हैं, तो अधिकतर अंग्रेजी के कुछ शब्दों तक ही सिमटे रहते हैं। मातृभाषा संस्कार और क्षेत्रीयता का सोंधापन उसमें से नदारद रहता है। नई तकनीकी का हस्तक्षेप, विदेशी जीवनशैली और आधुनिकता के अंधानुकरण जैसी कई वजहें इसके लिए जिम्मेदार हैं। इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर एक नजर।




कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

एक जमाना था, जब संयुक्त परिवारों में रहने वाले बच्चे किशोरावस्था में ही ऐसे मुहावरे और कहावतें दोहराने लगते थे, जो आज के किशोरों के मुंह से सुनने को मिलें तो निश्चित रूप से आश्चर्य हो- जैसे कि 'नहले पे दहला' और 'सौ सुनार की एक लुहार की।' ये कहावतें या मुहावरे अभी एक-डेढ़ दशक पहले तक किशोरों के मुंह से सुनना आश्चर्य की बात नहीं होती थी। लेकिन अगर आज की बात करें तो किशोरों के पास अंग्रेजी के कुछ गिने-चुने शब्द ही होते हैं, जिन्हें वे आपसी संवाद के दौरान अकसर दोहराते रहते हैं। मसलन- 'ओके, रियली, यू नो, वाव और ट्रस्ट मी।' जैसे बमुश्किल एक दर्जन अंग्रेजी के शब्द हैं, जो विशेषकर आज के शहरी बच्चे अकसर आपस में बातचीत के दौरान दोहराते रहते हैं।

**मातृभाषा से बढ़ती दूरी:** आज पूरे भारत में सभी क्षेत्रों की मातृभाषाओं पर यह संकट देखने को मिल रहा है। आज चाहे दक्षिण भारत हो या उत्तर, मध्य हो या पश्चिम। शहरी क्षेत्र में कहीं भी बच्चे खासकर किशोर और युवा अपनी मातृभाषा के मुहावरों, कहावतों और लोकोक्तियों के इस्तेमाल में जरा भी सहज नहीं दिखते हैं।




आजकल के किशोर और नौजवान बात-बात में 'ब्रो', 'दैट्स', 'लिट' और 'रियली यार' जैसे अंग्रेजी के शब्द तो बार-बार दोहराते हैं, लेकिन उनकी रोजमर्रा की जुबान में खांटी मातृभाषा के शब्द ढूंढ़े नहीं मिलते। वास्तव में हमारी नई पीढ़ी की वोकेबलरी किसी भाषायी विकास की नहीं बल्कि दिनों-दिन बढ़ रही सांस्कृतिक दूरी की कहानी कहती है और यह दूरी उस समय से बढ़नी शुरू हुई है, जब हम सदियों की अपनी गुलाम मानसिकता के मनोवैज्ञानिक दबाव में अपनी मातृभाषा को अंग्रेजी के सामने दरिद्र मान लेते हैं और इसी भावना के चलते अपनी रोजमर्रा की बातचीत में टूटे-फूटे अंग्रेजी के शब्द बार-बार दोहराकर अपने को मॉडर्न दिखाने की कोशिश करते हैं।

**मोबाइल की लत का असर:** आजकल घरों में मां-बाप के साथ बोली जाने वाली मातृभाषा को किशोर और युवा आपस में बोलना ओल्ड फैशन समझते हैं। इसलिए वे हर जगह अंग्रेजी के कुछ शब्दों से काम चलाते रहते हैं। सोशल मीडिया ने विशेषकर मोबाइल की लत लगने के बाद इस आदत को और पक्का बना दिया है। वास्तव में सोशल मीडिया का कुछ वैश्विक प्रभाव नई पीढ़ी पर इस कदर पड़ा है कि अंग्रेजी के शब्द अपनी रोजमर्रा की बातचीत में बोलना ग्लैमर लगने लगा है। जबकि हम सब जानते हैं कि ये बहुतायत में इस्तेमाल हो रहे अंग्रेजी के टूटे-फूटे शब्द अपनी अभिव्यक्ति में किसी तरह की भावना नहीं जगाते बल्कि बस स्टाइल बनकर रह गए हैं।



**भावनात्मक गहराई से बढ़ी दूरी:** अभी एक-डेढ़ दशक पहले तक बातचीत में इस्तेमाल होने वाली कोई एक कहावत या कोई एक देसी मुहावरा हमारे दुखी और परेशान मन की सारी कहानी कह देता था। लेकिन आज बस 'मूड ऑफ' कह देने भर से काम चल जाता है। वास्तव में यह चेतावनी है कि अगर हम जल्दी चेते नहीं, तो हमारी मजबूत अभिव्यक्ति के देसी शब्द खो जाएंगे, तब हमें कहना ही नहीं, किसी के कहे हुए को समझना भी आसान नहीं होगा। आज सिर्फ कॉलेज, सोशल मीडिया में ही नहीं, दफ्तरों में भी लोगों के बीच अकसर अंगुलियों में गिने जाने वाले कुछ शब्दों से पूरी बातचीत कर लेने की कोशिश देखी जाती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि चाहे सोशल मीडिया हो, चाहे लोगों के बीच निजी संवाद हो या सार्वजनिक बतकही ही क्यों न हो? बस थोड़े से ही शब्द हमारे इर्द-गिर्द गूंजते रहते हैं। आजकल बातचीत में जरा भी ठहराव या भावनाओं की गहराई देखने को नहीं मिलती। 'टू द प्वाइंट' कहकर लोग तेजी से सतहीपन को सही ठहराने की कोशिश करते रहते हैं।

एक जमाना था, जब लोग आपस में बातचीत में रुचि लेते थे, लेकिन आज तो बस 'रिप्लाई' करते हैं। वास्तव में यह फर्क भाषा के विकास का नहीं, मातृभाषा से बढ़ी हुई दूरी का परिचायक है। आज के किशोरों और हाल में जवान हुए कितने युवाओं के मुंह से आपने 'घर की मुर्गी दाल बराबर' या 'नाच न आवे आंगन टेढ़ा' जैसे मुहावरे-लोकोक्तियां सुनी हैं? जबकि एक-डेढ़ दशक पहले युवाओं के बीच इस तरह के मुहावरे बातचीत का हिस्सा होते थे। ये शब्द या ये मुहावरे, खालिस बातचीत नहीं होते, ये हमारे बाप-दादाओं की संस्कृति को हम तक पहुंचने का जरिया होते हैं, जो अब लगातार खत्म हो रहे हैं। आज के युवा और किशोर अगर ये शब्द, शब्दावलियां, मुहावरे तथा कहावतों से दूर हैं, तो यह दूरी यहीं तक सीमित नहीं है। इनकी यह दूरी लगातार अपनी विरासत, संस्कृति और मातृभाषा से भी हो रही है। आज की पीढ़ी 'टेकन फॉर ग्रांटेड', 'कर्मा हिट्स बैक' या 'दैट्स हाउ इट वर्क्स' जैसे विदेशी वाक्य दोहराती है, जो कि निरा कोरे शब्द होते हैं। इनमें जरा भी भावनात्मक गहराई देखने को नहीं मिलती।

**शॉर्टकट्स-इमोजी का बढ़ा ट्रेंड:** वास्तव में मोबाइल और इंटरनेट ने संवाद को 'फास्ट फूड' में बदल दिया है। जल्दी लिखो, जल्दी भेजो, जल्दी भूलो, यही सब देखने को मिल रहा है। अब लोग 'थैंक यू' भी पूरा नहीं लिखते बल्कि 'टीएचएक्स' लिखकर काम चलना चाहते हैं। 'क्या हाल है' की जगह अब नई पीढ़ी सिर्फ 'एसयूपी' लिखकर अपने को कूल समझती है। वास्तव में नई पीढ़ी अब इस कदर शॉर्टकट की भाषा बोल रही है कि वह अपनी आधी से ज्यादा अभिव्यक्तियों को इमोजियों के हवाले कर देती है और उनके विचार तो बस स्टेटस अपडेट तक सीमित होकर रह गए हैं। यही वजह है कि आज युवा पीढ़ी में भाषा का अभ्यास और शब्दों की संवेदना दोनो का ही घोर अभाव दिखता है।

हमारे युवाओं और किशोरों की यह नई शब्दावली, परिवार और लोक-संस्कृति के छीजने का भी परिणाम है। इसलिए हमें बहुत जल्दी सचेत हो जाना चाहिए और यह दोहरा लेना चाहिए कि भाषा का पतन शब्दों का पतन नहीं, विचारों का पतन होता है। इसलिए जितना जल्दी हो, हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता को अगर जीवंत बनाए रखना है, तो अपनी मातृभाषा को समृद्ध बनाना होगा, सिर्फ पढ़ने के मामले में ही नहीं बल्कि रोजमर्रा के संवाद में भी। *



आधुनिक जीवनशैली की आपा-धापी और आर्थिक संसाधन जुटाने की जद्दोजहद में अधिकांश युवा, अपने पैरेंट्स से दूर रहने को मजबूर रहते हैं, उनकी केयर नहीं कर पाते हैं। उनको भी इस बात का मलाल होता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि एक संतुलन बनाते हुए अपने बुजुर्ग पैरेंट्स की देखभाल की जाए।

# जीवन की सांझ में पैरेंट्स महसूस न करें अकेलापन

दायित्व / डॉ. मोनिका शर्मा

हाल ही में दिल्ली के एक युवक की इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। इस पोस्ट में लिखा गया था कि वह देर रात 3:30 बजे अस्पताल के बाहर अपनी कार में बैठा है और लगभग 36 घंटे से सोया नहीं है। उसके पिता को दिल का दौरा पड़ा है। वह हालात को संभालने की कोशिश कर रहा है। उसे यह भी अफसोस है कि वह नौकरी के कारण परिवार से दूर हो गया है। अपने माता-पिता के साथ समय नहीं बिता पाया। माता-पिता को वक्त नहीं दे पाया। एक बेटा होने में असफल रहा। युवक ने पिता को हार्ट अटैक आने के बाद दुखी मन से बाद खुद को 'नाकाम बेटा' बताया। असल में बीमारी से जूझते पिता को देख लिखी गई भावुक बातों वाली यह पोस्ट कितने ही युवाओं के लिए थोड़ा ठहरकर सोचने की बात लिए है। ये शब्द अपनों के साथ वक्त बिताने की अहमियत समझाते हैं। समय रहते अपने माता-पिता को समय देने की एक मानवीय चेतावनी सी लिए हैं।



**बढ़ने लगती हैं कई चिंताएं:** बच्चों की जिंदगी संवारने के लिए अपना जीवन जीना भूल जाने वाले पैरेंट्स थके शरीर और टूटते मन के इस दौर में उनका इंतजार करते रहते हैं। अकेलेपन के घेरे में आ जाते हैं। जाने कब क्या हो जाए का तनाव और सेफ्टी से जुड़ी चिंताएं उन्हें हर पल परेशान करती हैं। सेहत से जुड़ी परेशानी में बिल्कुल ही टूट जाते हैं। उलझाती मनःस्थिति वाली ऐसी बातों के चलते हालिया वर्षों में बुजुर्गों में सुसाइड का आंकड़ा भी बढ़ा है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के मुताबिक वृद्धावस्था में अकेलापन, बुजुर्गों की समय से पहले जान जाने का अहम कारण है। एक निश्चित उम्र के बाद इमोशनल और फिजिकल रूप से अकेलेपन को झेलना इंसान के लिए तकलीफदेह होता है। उम्रदराज लोगों के मामले में तो यह बहुत बड़ी समस्या बन गई है।

**अपराधबोध तले दबता मन:** यह सच है कि आज के समय में करियर बनाने और जरूरतें जुटाने में लगे युवाओं की मुश्किलें भी कम नहीं हैं। आज के कट थ्रॉट कॉम्पिटीशन में डटे रहना कुछ भी सोचने का समय नहीं देता। अपनों को भी याद करने का वक्त नहीं मिलता। इन हालातों में मन अपराधबोध का भी शिकार बनता है। नेशनल अलायंस फॉर केयर गिविंग और एएआरपी की रिपोर्ट के मुताबिक 47 प्रतिशत लोग अपने माता-पिता की चिंता में भावनात्मक रूप से टूटने लगते हैं। बड़ों के अकेले पड़ जाने की पीड़ा को बच्चों का मन भी समझता है। लेकिन काम-काजी मजबूरियों के कारण पैरेंट्स से दूर रहने वाले लोग भी जानते हैं कि उनके माता-पिता को उनकी देखभाल की जरूरत है। ऐसे में ठहराव की राह खुद ही चुननी होगी। आपा-धापी में अपने अहसासों को बचाने के लिए युवाओं को एक संतुलन तो साधना होगा।

**देर ना हो जाए:** अपने बुजुर्ग पैरेंट्स से जुड़े रहने के मोर्चे पर समय की टिक-टिक को सुनना भी जरूरी है। वक्त निकल जाने के बाद कुछ नहीं किया जा सकता। जिंदगी भर के लिए एक कसक मन में रह जाती है। देखा जाए तो यह एक रिश्ते को निभाने की बात भर नहीं। उम्रदराज माता-पिता की देखभाल एक मानवीय जिम्मेदारी भी है। सो दूर बैठे केवल महंगे मोल वाली चीजें भेजकर मन को तसल्ली देने के रास्ते ना निकालें। ना भूलें, जीवन की सांझ में अपने बच्चों के इमोशनल सपोर्ट की बुजुर्ग अभिभावकों को सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसलिए जितना अधिक संभव हो, उनके साथ वक्त गुजारें, उनका ध्यान रखें। *

आत्मचिंतन / रश्मि वैभव गर्ग

# आत्मानुभूति का द्वार मौन

अपनी बात और भावनाएं दूसरों तक पहुंचाने के लिए शब्दों की जरूरत पड़ती है। लेकिन शब्दों से भी गहन अभिव्यक्ति मौन की होती है। मौन से हमें अंतस की भी सहज अनुभूति हो जाती है।

अभिव्यक्ति का सहज माध्यम हैं- शब्द। लेखन हो या जीवन शब्दों से ही अभिव्यक्त होता है। शब्दों की यात्रा ही, जीवन को गतिशील बनाए रखती है। शब्द न होते तो हम मौन को भी परिभाषित नहीं कर पाते। शब्दों की ध्वनि ही जीवन को गुंजायमान रखती है। शब्दों का अर्थ के साथ, लहजा भी हमारे भावों को दर्शाता है। वास्तव में अभिव्यक्ति के दो ही माध्यम हैं। एक तो शब्द, दूसरा भाव। शब्दों का संसार तो विस्तृत है ही, लेकिन शब्दों से परे भी एक दुनिया होती है, वो है मौन। मौन, वो भी व्यक्त कर देता है, जो शब्द भी व्यक्त नहीं कर पाते हैं।

**अव्यक्त को करता है व्यक्त:** मौन एक साधना है। इसके विविध रूप हैं। मौन कभी शब्दों का विराम है तो कभी भावों की गहन अभिव्यक्ति है। कभी मौन रोष अभिव्यक्त करता है, तो कभी अगाध प्रेम की अभिव्यक्ति। मौन कभी शब्दों की विवशता भी प्रकट करता है। कभी-कभी शब्द हमारी अनुभूति को व्यक्त ही नहीं कर पाते, उसे मौन व्यक्त कर देता है। शब्द, भावों की गूंज है तो मौन भावों की मूक अभिव्यक्ति है। किसी ने क्या खूब कहा है कि स्पीच इज सिल्वर, साइलेंस इज गोल्ड। सचमुच बोलना चांदी के समान है तो चुप रहना स्वर्ण के तुल्य। कभी ऐसा भी होता कि हम कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन किसी कारणवश बोल नहीं पाते हैं, फिर सोचते हैं कि न बोलना ही श्रेयष्कर रहा।



**आत्मसंयम का परिचायक:** मौन, अभिव्यक्ति का श्रेष्ठतम माध्यम है। बशर्ते कोई समझने वाला हो। सामाजिक जीवन में संवादरहित अभिव्यक्ति एक गहरा प्रभाव छोड़ती है। चुप रहना भी एक विजय है। अपने शब्दों को विराम देना एक आत्मसंयम है। इस आत्मसंयम को आत्मसात करना हमारी जीत है। बाहरी मौन का संयम रखते हुए, आंतरिक मौन साधना को पाना जीवन दर्शन है। बाहरी मौन जीवन का आनंद है, आंतरिक मौन आत्मा का आनंद है। शब्दों का मौन लौकिक रंग है, आंतरिक मौन, आलौकिक रंग है। आंतरिक मौन यानी सब इच्छाओं की समाप्ति। जो अत्यंत दुष्कर है, लेकिन दुरूह नहीं। आंतरिक मौन जीवन को पूर्ण कर देता है। उतना ही पूर्ण जितना ईश्वर। तृष्णाओं की समाप्ति ही ईश्वर से मिलने का द्वार खोलती है। स्वयं से साक्षात्कार ही ईश्वर से मिलना है, वो तब ही संभव है, जब हम बाहरी व्यक्ति और वस्तुओं को विराम दें, और आंतरिक मौन को धारण करें।

**मिलता है अलौकिक आनंद:** हर इंसान के अंदर आध्यात्मिक अनुभूति होती है। जैसे पानी में कंकड़ फेंकते हैं तो लहर उठती है, वैसे ही हर आत्मा में अध्यात्म की चेतना होती है, क्योंकि चेतन का स्वभाव ही आत्मतत्व की खोज है। जिसका क्षणिक आभास हम जब-तब करते रहते हैं, लेकिन जब यह आत्मतत्व चिरस्थाई हो जाता है, तो असल आनंद प्राप्त होता है। बाहरी क्रियाएं विचलित करती हैं। आंतरिक मौन, लोक में रहकर आलौकिक सुख प्रदान करता है। स्वयं से स्वयं को ढूंढ़ना ही आंतरिक मौन है। वही ईश्वर से साक्षात्कार है। आत्मा में ही परमात्मा का वास होता है। आंतरिक मौन सृष्टि का अनहद नाद है, जिसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है।



संसार में रहकर संसार से विरक्ति सबसे कठिन कार्य है। आसक्तियां ही सांसारिक कार्यों को फलीभूत करवाती हैं। जीवन का द्वैत ही यही है कि यदि अध्यात्म को अपनाते हैं तो कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं और कर्तव्यों का निर्वाह, बिना आसक्तियों के होता ही नहीं। इसी झंझावात में जीवन-यापन हो जाता है। वास्तविकता यही है कि हम दो दुनिया में जीते हैं। बाहरी दुनिया जो कर्मशील दुनिया है, जहां हम अपना किरदार निभाने के लिए बाध्य हैं। वो हमें थोड़ी आसक्ति भी देती है। आसक्त होना लाजिमी भी है, क्योंकि वही हमें कर्मशील बनाता है। दूसरी दुनिया है आत्मा का आनंद, जिसे हम स्वयं के भीतर अनुभव कर सकते हैं। ये हमारी अपनी खोज है, अपनी पूंजी है। इसे हम ही प्राप्त कर सकते हैं और इसे कोई हमसे छीन भी नहीं सकता। बाहरी क्रियाकलापों का विराम ही आंतरिक मौन है। बाहर कितना ही शोर हो यदि आंतरिक शांति है तो आप हर जगह विजयी होंगे। कहने का सार यही है कि अपने जीवन की सांसारिक यात्रा के विभिन्न पड़ावों को पूरा करते हुए भी अंतिम ध्येय अंतस का मौन ही होना चाहिए। *



दोहे / घमंडीलाल अग्रवाल

## सूनी-सी दहलीज

सूना घर का आंगना, सूनी-सी दहलीज।
भूख, गरीबी बो चुकी, घर गरीब के बीज।।
जैसे को तैसा मिले, हो हमलावर पस्त।
वह भी फिर आश्वस्त-सा, हम भी फिर आश्वस्त।।
बदल रही है जिंदगी, बदल रहा है दौर।
निसदिन नई चुनौतियां, हर पल करिए गौर।।
पांव कुल्हाड़ी मार ली, गए संभलना भूल।
गड्ढा आया सामने, काहे गिरे फिजूल।।
गीता, रामायण पढ़ी, बांचे वेद, कुरान।
हो न सका इंसान तो, एक अदद इंसान।।
भरी भीड़ में हम हुए, बहुत अकेले आज।
अपनेपन का बांधते, किसके सिर पर ताज।
यदि कुपात्र को धन दिया, धन होगा बेकार।
ज्यादा खाकर वस्तुएं, जैसे तन बीमार।।
वाटर एटीएम लगे, सूखे सारे कूप।
परिवर्तन का मोहरा, खड़ा बदलकर रूप।।
फिसला करती हाथ से, पाई कोई चीज।
होते हैं संसार में, ऐसे कुछ नाचीज।।
भले विवेकानंद हों, अथवा गौतम बुद्ध।
कर्तव्यों से ही लड़े, अधिकारों के युद्ध।।

छोटी कहानी
सविता गोयल

# तृप्ति

जहां आर्थिक रूप से कमजोर बड़े बेटे कमल ने कैंसर से पीड़ित पिता के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं छोटे बेटे विमल ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े रखा। पिता के देहांत के बाद उनकी तेरहवीं में विमल ने जैसा दिखावा चाहा, वह अपमानजनक था। एक मर्मस्पर्शी कथा।



यह क्या भैया! ना आपने सारे नाते-रिश्तेदारों को न्यौता दिया और ना ही भोज का आयोजन सही तरीके से किया। समाज में क्या इज्जत रह जाएगी हमारी! अरे पैसे कम पड़ रहे थे तो एक बार बोल दिया होता हमसे। मैं ही कुछ इंतजाम कर देता। पापा की तेरहवीं पर मेरे ससुरजी भी आने वाले हैं। वो क्या सोचेंगे, उनके दामाद ने अपने पिता की तेरहवीं भी ढंग से नहीं की। आप सबको तो पता ही है, वो कितने बड़े आदमी हैं। मेरी क्या इज्जत रह जाएगी उनके सामने?' कमल का छोटा भाई विमल अपनी ही रौब में बोलता जा रहा था।

मनोहरजी को गुजरे आज ग्यारह दिन हो गए थे। पिछले दो साल से वह बहुत पीड़ा में थे। कैंसर की बीमारी में एक-एक दिन सालों की तरह गुजर रहे थे। उनका बड़ा बेटा कमल और बहू मीना ने अपने पिता की सेवा और इलाज में अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। किराने की दुकान में कोई ज्यादा कमाई नहीं थी, लेकिन जितना बन पड़ा, उसमें उन्होंने कभी अपना हाथ पीछे नहीं खींचा।

कमल अपने माता-पिता के साथ ही रहता था। छोटा बेटा विमल जब से पढ़-लिखकर इंजीनियर बनकर शहर में बसा, कभी पलट कर वह घर नहीं आया। नौकरी अच्छी थी तो बड़े घर की लड़की का रिश्ता भी आ गया था। अब तो विमल के और भी पंख लग गए थे।

पिता की बीमारी का पता होने के बाद भी कभी उसने उनके इलाज और देखभाल में बड़े भाई का हाथ नहीं बंटाया। एक बार कांता देवी ने विमल से कहा भी, 'बेटा, कमल का हाथ थोड़ा तंग रहता है, ऊपर से तेरे पिताजी की बीमारी पर बहुत पैसा खर्च हो रहा है। तुम थोड़ी मदद कर दोगे तो उसे थोड़ी राहत मिलेगी।'

इस पर विमल का जवाब था, 'मां, आपको क्या पता, मेरी कमाई से ज्यादा तो मेरा खर्च है। आप लोग तो यहां पुश्तैनी मकान में रहते हैं, लेकिन मुझे तो हर महीने फ्लैट का किराया भी देना पड़ता है। आगे मेरा परिवार भी बढ़ रहा है तो खर्चे भी बढ़ रहे हैं फिर इस बीमारी का क्या पता ठीक हो ना हो! बेकार में लुटने-पिटने से क्या फायदा?'

बेटे के मुंह से ऐसा सुनकर कांताजी ने कभी दोबारा उसे किसी प्रकार की मदद के लिए नहीं कहा। मनोहरजी बच तो नहीं पाए, लेकिन अपने बड़े बेटे-बहू के सेवाभाव को देखकर उनके हृदय में हमेशा उनके लिए आशीर्वाद के भाव रहते। कांता देवी पति की मृत्यु से आहत थीं, ऊपर से आज मनोहरजी की तेरहवीं पर आए विमल के मुंह से ये सब सुनकर उन्हें बहुत बुरा लग रहा था। अपने बड़े बेटे को असमंजस में देख उन्होंने समझाया, 'कमल, तुझे किसी की बातों में आकर अपनी हैसियत से बाहर कुछ करने की जरूरत नहीं है। तूने अपने पिता के जीते जी उनकी जो जी-जान से सेवा की है, वो उसी से तृप्त हो गए हैं। ये ऊपरी दिखावा और कर्मकांड उनके लिए अब कोई मायने नहीं रखता। तू जितना कर रहा है, वह बहुत है। तेरे पिताजी की आत्मा तो तेरी सेवा से ही तृप्त हो गई है बेटा। बस पांच ब्राह्मणों को भोजन करा दे और अपने पिता का तर्पण कर दे।' फिर कांता देवी अपने छोटे बेटे विमल के मुखातिब होते हुए बोलीं, 'आज तुझे यहां सारे कामों में जो कमी नजर आ रही है, वह उस समय क्यों नजर नहीं आई, जब तेरे पिताजी बीमारी से तड़प रहे थे और तेरा यह भाई तंगी से जूझते हुए भी रोज उन्हें लेकर अस्पताल के चक्कर लगा रहा था। उसे अपने दिन का चैन और रातों की नींद की भी परवाह नहीं थी। उस समय तो तेरे मुंह से एक बार भी नहीं निकला कि भैया, पिताजी के इलाज में मैं कुछ मदद कर दूं। उस वक्त तुझे यहां कोई कमी नजर नहीं आई? बेटा तू अपने पैसे अपने पास रख, पता नहीं कब तुझे इनकी जरूरत पड़ जाए। मां हूं, इसलिए कभी अपने दिल और जुबान से तेरा बुरा नहीं सोचूंगी, लेकिन बेटा जब तेरे बच्चे अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ेंगे तब तुझे अपने मां-बाप का दर्द समझ में आएगा।'

यह सुनकर विमल का सिर झुक गया। उसे अपनी मां और भाई से नजरें मिलाने की हिम्मत भी नहीं हो रही थी। कमल ने अपने सामर्थ्य अनुसार अपने पिता का तर्पण और भोज कराया।

कांता देवी के चेहरे पर आज संतुष्टि के भाव थे। उन्हें विश्वास था कि उनके पति तृप्त होकर इस दुनिया से विदा हुए हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## देश की स्वर्णाभा नरेंद्र मोदी

आजादी के बाद देश के विकास और इसे सशक्त बनाने में भारत के सभी प्रधानमंत्रियों की भूमिका रही है। इसी क्रम में वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक के अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और अभूतपूर्व कार्य किए हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत भी हैं। फिर वो चाहे विश्व में भारतवर्ष की प्रतिष्ठा बढ़ाने की बात हो, कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक कदम हो, कोरोना काल का मजबूती से सामना करना रहा हो, महिलाओं और गरीबों के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयास हों या आतंकी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना हो। इस पुस्तक में उनके ऐसे तमाम प्रयासों की विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें लेखक ने नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व के कई पहलुओं को भी उजागर किया है। *




**पुस्तक:** भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेंद्र मोदी, **लेखक:** प्रोफेसर (डॉक्टर) रमेश चंद्र तोमर, **मूल्य:** 600 रुपए, **प्रकाशक:** प्रभात प्रकाशन, आसफ अली रोड, नई दिल्ली

# इतिहास रचने को तैयार टीम इंडिया, महिला वर्ल्ड कप को मिलेगा नया चैंपियन

## आज दोपहर 3 बजे से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में अपने तीसरे प्रयास में खिताबी सूखे को खत्म किया था और कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय महिला टीम की है, जो रविवार को अपने तीसरे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती का सामना करेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह महिला विश्व कप का पहला फाइनल है। भारतीय टीम इससे पहले मिताली राज की अगुवाई में 2005 और 2017 में विश्व कप के फाइनल में पहुंच चुकी है। साल 2005 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया था जबकि 2017 में इंग्लैंड ने घरेलू सरजमीं पर रोमांचक फाइनल में भारत पर नौ रन से जीत दर्ज की की। ऑस्ट्रेलिया सात खिताब और 9 फाइनल के साथ विश्व कप की सबसे सफल टीम है जबकि इंग्लैंड ने तीन और न्यूजीलैंड ने एक खिताब जीता है ऐसे में रविवार का दिन महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक होगा क्योंकि जीतने वाली टीम पहली बार विश्व विजेता बनेगी।




### विश्व कप में 1982 में हुआ था पहला फाइनल मैच

महिला विश्व कप के शुरुआती दो आयोजनों में विजेता का फैसला लीग चरण के अंकों के आधार पर हुआ था। इसमें 1973 में इंग्लैंड और 1978 में ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बना था। विश्व कप में फाइनल मैच की प्रथा 1982 से शुरू हुई। इंग्लैंड को 1982 और 1988 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने 1993 में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार विश्व कप फाइनल जीता। न्यूजीलैंड इसके बाद 1997 में भारत में खेले गए विश्व कप के फाइनल में पहुंचा लेकिन इस बार उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि घरेलू सरजमीं पर साल 2000 में खेले गये विश्व कप के फाइनल में चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड की तरह ही अपने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की। भारत विश्व कप में अपना तीसरा फाइनल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने को तैयार है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका** : लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसन, सिनालो जाफ्ता, मारिजान काप अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोंडुमिसो टंगारियोन।

### वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

दोनों देशों के बीच 33 वनडे मैचों 20 जीत के साथ भारत का पलड़ा भारी है लेकिन विश्व कप में मुकाबला बराबरी का है। वनडे विश्व कप के छह मैचों में भारत के नाम तीन जीत हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पिछले तीनों मैच में भारत को शिकस्त दी है। दक्षिण अफ्रीका इकलौती ऐसी टीम है, जिसे भारत ने 2017 से इस वैश्विक आयोजन में नहीं हराया है। विश्व कप के इतिहास में इससे ज्यादा बार लगातार मैचों में ऑस्ट्रेलिया (आठ) और न्यूजीलैंड (पांच) ने भारत को हराया है।

### मेजबान टीम खेलेगी खिताबी मुकाबला

भारत ने फाइनल की मेजबानी कर रहे डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपने दो मैचों जीत दर्ज की है जबकि बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इस मैदान पर खेलेगी।

## खबर संक्षेप




### न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हराया सीरीज पर किया कब्जा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे क्रिकेट मैच में 222 रन पर समेटने के बाद दो विकेट से हराकर श्रृंखला 3.0 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने 32 गेंद बाकी रहते आठ विकेट पर 226 रन बनाए। जाक फोकेस 14 और ब्लेयर टिकनेर 18 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने पहला मैच चार विकेट से और दूसरा पांच विकेट से जीता था। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और जैमी ओवरटन से सारे ओवर करा लिए थे लिहाजा निर्णायक आखिरी ओवरों में सैम कुरेन और आदिल रशीद के ही विकल्प बचे थे। इंग्लैंड के बल्लेबाज श्रृंखला में तीसरी बार नाकाम रहे और टीम 50 ओवरों के भीतर ही आउट हो गई। एक समय पर पहले दस ओवर के भीतर उसके चार विकेट 44 रन पर गिर गए थे। इस महीने से आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले जैमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट और जैकब बेथेल का खराब फॉर्म चिंता का सबब है।

### टी20 में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने बाबर



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 18 गेंदों पर 11 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। बाबर ने अब तक 123 मैचों में 39.57 की औसत से 4234 रन बनाए हैं, लेकिन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उनका स्ट्राइक रेट और छक्कों की संख्या कम है। बाबर का स्ट्राइक रेट 128.77 है और उन्होंने 73 छक्के लगाए हैं। इस मामले में रोहित, कोहली, जोस बटलर और पॉल स्टर्लिंग उनसे आगे हैं।

### अर्शदीप को नजरअंदाज करना उचित नहीं : अश्विन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में भारतीय टीम प्रबंधन के टी20 टीम के अंतिम एकादश में अर्शदीप सिंह को शामिल नहीं करने पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरी पसंद का तेज गेंदबाज होना चाहिए। अश्विन का मानना है कि अर्शदीप जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

## आज दोपहर 1:45 बजे से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20

# तेज गेंदबाज हेजलवुड टीम से बाहर भारतीय बल्लेबाजों को मिलेगी राहत

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार 2 नवंबर को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में थोड़ी राहत मिलेगी और वह पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह मिल पाती है या नहीं क्योंकि उनको लगातार बाहर रखने पर सवाल उठने लग गए हैं। सही लंबाई पर गेंद डालने में हेजलवुड की सटीकता और उछाल, भारतीय बल्लेबाजों के लिए दुःस्वप्न बन गई। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलनी है और उसे देखते हुए हेजलवुड को विश्राम दिया गया है।




### भारतीय बल्लेबाजों को अतिरिक्त उछाल वाली गेंदों से दिक्कत

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने मेलबर्न में खेले गए दूसरे मैच के बाद कहा था, 'यह निश्चित रूप से राहत की बात होगी। मैंने ऐसी गेंदबाजी का सामना पहले कभी नहीं किया।' ऐसी स्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को राहत मिलना स्वाभाविक है और वे जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस या सीन एबॉट जैसे गेंदबाजों का सामना करते समय अधिक आश्वस्त महसूस करेंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल दोनों को अतिरिक्त उछाल और अच्छी सीम मूवमेंट वाली गेंदों से निपटने में दिक्कत हो रही है। सूर्यकुमार और गिल ने कैनबरा में बारिश से प्रभावित मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और वह उसको दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। यह मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था।

### बेलेरिव ओवल स्टेडियम की सीमा रेखा छोटी

होबार्ट स्थित बेलेरिव ओवल एक ऐसा मैदान है, जहां दोनों तरफ की सीमा रेखा छोटी है और ऐसे में शार्ट पिच गेंद पर कवर, प्वाइंट, स्क्वायर लेग या मिड-विकेट पर लंबे शॉट लगाए जा सकते हैं।
बेलेरिव ओवल वह मैदान है, जहां विराट कोहली ने 2012 में श्रीलंका के खिलाफ 321 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 गेंदों में नाबाद 133 रन की शानदार पारी खेली थी।
बेलेरिव ओवल की पिच पारंपरिक रूप से सफेद गेंद से होने वाले मैचों के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यह तेज गेंदबाज एलिस का बीबीएल में घरेलू मैदान भी है, जो स्थानीय फ्रेंचाइजी होबार्ट हरिकेंस के कप्तान हैं। इस दौरे पर बल्लेबाजी की गहराई को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन का जुनून चर्चा का विषय रहा है और एमसीजी में 125 रन के मामूली स्कोर पर आउट होने के बाद उसकी इस रणनीति पर सवाल उठने लग गए हैं।

### हर्षित की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव

जहां तक गेंदबाजी का सवाल है तो हर्षित की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव है। अब यहां देखना दिलचस्प होगा कि अर्शदीप को उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है या नहीं। अगर टीम प्रबंधन हर्षित को टीम में बनाए रखने की रणनीति पर कायम रहता है तब भी अर्शदीप को किसी एक स्पिनर के स्थान पर अंतिम एकादश में रखना चाहिए क्योंकि यहां के विकेट से स्विंग मिलने की संभावना है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया** : मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और मार्कस स्टोइनिस।

## टेनिस

# बोपन्ना ने छोड़ा रैकेट, पेशेवर टेनिस को कहा अलविदा

- रोहन ने कहा, टूर पर बीस यादगार वर्ष बिताने के बाद अब विदा लेने का समय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी टेनिस खिलाड़ी और दो बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया, जिससे एटीपी टूर पर उनके दो दशक से अधिक के कैरियर पर विराम लग गया। 45 वर्ष के बोपन्ना ने आखिरी बार इस सप्ताह पेरिस मास्टर्स में खेला, जिसमें वह कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक के साथ पहले दौर में हार गए। कर्नाटक के कूर्ग के रहने वाले बोपन्ना ने ' अलविदा ..लेकिन अंत नहीं ' शीर्षक से अपने भावुक बयान में लिखा,' आधिकारिक रूप से खेल से विदा ले रहा हूं।' उन्होंने आगे लिखा ,' आप उस चीज से विदा कैसे ले सकते हैं, जिसने आपकी जिंदगी को मायने दिए। टूर पर बीस यादगार वर्ष बिताने के बाद अब विदा लेने का समय है।' उन्होंने लिखा,'भारत के छोटे से शहर कूर्ग से सफर की शुरुआत करने से लेकर , सर्विस दमदार बनाने के लिए लकड़ी के टुकड़े कांटने, स्टेमिना बढ़ाने के लिए कॉफी के बागानों के बीच से जॉगिंग करने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े कोर्ट पर दूधिया रोशनी में अपने सपनों को पूरा करने तक। सब सपने जैसा लगता है।'

### रोहन ने 2023 में डेविस कप से ली थी विदाई

बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय कैरियर से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2023 में डेविस कप से विदा ली थी और आखिरी बार लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेला था। युगल विशेषज्ञ बोपन्ना ने 22 साल तक खेलने के बाद टेनिस को खेल से अधिक करार देते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण क्षणों में यह उनके लिए शक्ति, विश्वास और ध्येय का स्रोत रहा। उन्होंने लिखा,'हर बार जब मैं कोर्ट पर उतरता था, तो इसने मुझे हिम्मत और फिर से लड़ने की सीख दी जब मेरे अंदर से आवाज आती थी कि मैं नहीं कर सकता और सबसे बढ़कर इसने मुझे याद दिलाया कि मैंने क्यों शुरू किया था और मैं कौन हूं।' बोपन्ना ने अपने परिवार को भी धन्यवाद दिया।

## नॉर्थ कोस्ट स्क्वाश

# रतिका का दमदार प्रदर्शन सेमीफाइनल में मारी एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की रतिका सुथांथरा सीलन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की तीसरी वरीयता प्राप्त बोबो लैम को 3-1 से हराया। तमिलनाडु की रहने वाली इस सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी लैम को 11-13, 11-4, 14-12, 12-10 से हराया। सीलन का अगला मुकाबला मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त लोजैन गोहारी से होगा।

### अय्यर को अस्पताल से मिली छुट्टी, बीसीसीआई ने दिया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ।** भारत के वनडे उप-कप्तान श्रेयस अय्यर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने के सफल प्रयास के दौरान तिल्ली और पसलियों में चोट लगने के बाद सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीसीसीआई ने कहा, 'उनकी (अय्यर) हालत और वह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के साथ बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनके स्वास्थ्य लाभ से संतुष्ट है और उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।' इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को 25 अक्टूबर को तीसरे वनडे में हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का कैच लेने के दौरान बायीं पसलियों के निचले हिस्से और तिल्ली में चोट लग गई थी और आंतरिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। वह फिट होने पर भारत लौट आएंगे, लेकिन कम से कम अगले दो महीने तक वह मैदान से बाहर रहेंगे।

## मेस्सी 13 दिसंबर को आएंगे भारत देश के चारों कोनों का करेंगे दौरा

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी 'जीओएटी भारत दौरे 2025' पर हैदराबाद भी जाएंगे, जिसे केरल में अर्जेंटीना टीम का प्रस्तावित दोस्ताना मैच रद्द होने के बाद कार्यक्रम में शामिल किया गया है। नए कार्यक्रम के तहत अब मेस्सी देश के चारों कोनों पूर्व (कोलकाता), दक्षिण (हैदराबाद), पश्चिम (मुंबई) और उत्तर (दिल्ली) जाएंगे। मेस्सी 12 दिसंबर की मध्यरात्रि या 13 दिसंबर को तड़के पहुंचेंगे। वह मियामी से दुबई आकर एक या दो दिन आराम करेंगे, जिसके बाद निजी जेट से कोलकाता आएंगे। मेस्सी 13 दिसंबर को कोलकाता से हैदराबाद जाएंगे और 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे। वह 15 दिसंबर को दिल्ली जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरे के आयोजक सताद्रू दत्ता ने कहा,' अब वह दक्षिण भारत भी जाएंगे। दक्षिण भारत के लाखों फुटबॉलप्रेमियों को यह तोहफा होगा। इसके साथ ही भारत के हर कोने को इसमे शामिल किया गया है। मैं चाहता हूं कि पूरा भारत इसका हिस्सा हो। केरल का मैच रद्द होने के कारण दक्षिण भारत के लोगों को मेस्सी को देखने के मौके से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा,' दक्षिण भारत के लोग हैदराबाद जाकर उन्हें देख सकते हैं। हैदराबाद के कार्यक्रम की बुकिंग एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी। यह कार्यक्रम गाचिबोली या राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा।'



# विश्व कप जीतने पर महिला टीम को मिलेगी बड़ी राशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगर नवी मुंबई में रविवार को वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रच देती है तो बीसीसीआई हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को बड़े नकद पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए तैयार है।

माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह की 'समान वेतन' नीति का अनुकरण करते हुए शीर्ष अधिकारी महिला टीम को उतनी ही पुरस्कार राशि देने पर विचार कर रहे हैं, जितनी पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को दी गई थी। भारतीय पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था, जिससे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की पूरी टीम को उनके प्रदर्शन के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी गई थी।



### बीसीसीआई ने किया समान वेतन का समर्थन

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन का समर्थन करता है इसलिए इस बात पर काफी चर्चा हो रही है कि अगर हमारी लड़कियां विश्व कप जीत जाती हैं तो पुरस्कार राशि पुरुषों की विश्व कप जीत की तुलना में कम नहीं होगी। लेकिन विश्व कप जीतने से पहले घोषणा करना अच्छा नहीं है।'

### नहीं मिल रहे महिला विश्व कप फाइनल के टिकट

**नवी मुंबई।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी वनडे विश्व कप में इतिहास रचने से एक जीत दूर है और ऐसे में प्रशंसकों के बीच इस मैच को लेकर जबरदस्त उत्साह है लेकिन टिकट नहीं मिलने से उन्हें निराशा का सामना करना पड़ रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल रविवार को खेला जाना है और सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके पांच विकेट से हराने वाली मेजबान टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सेमीफाइनल में भारतीय टीम के प्रदर्शन के बाद फाइनल के लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम के बाहर टिकट के लिए प्रशंसकों की भीड़ देखी जा सकती है। स्टेडियम में दर्शकों को आकर्षित करने के लिए टिकट की कीमत महज 100 रुपए से शुरू थी लेकिन शनिवार दोपहर तक स्टेडियम में दर्शकों के लिए टिकट उपलब्ध नहीं थे।

## पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर, अब सिनर से मुकाबला

# दो साल बाद ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ तोड़ा हार का सिलसिला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

*अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दो मैच प्वाइंट बचाकर दानिल मेदवेदेव को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया और पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीद बरकरार रखी। ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताहांत वियना फाइनल में दोनों की भिड़ंत हुई थी, जहां सिनर ने तीसरे सेट में 7-5 से जीत हासिल की थी। दोनों का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड 4-4 से बराबर है। निर्णायक सेट में 4-5 के स्कोर पर ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ दोनों मैच प्वाइंट बचाए। पेरिस मास्टर्स में 2020 फाइनल में ज्वेरेव को हराने वाले मेदवेदेव ने टाईब्रेकर में 5-5 की बराबरी कर ली, लेकिन ज्वेरेव ने फिर से बढ़त बनाते हुए ढाई घंटे में जीत हासिल कर ली।*





### सिनर ने शेल्टन को हराया सेमीफाइनल में पहुंचे

सिनर ने नंबर सात बेन शेल्टन को 6-3, 6-3 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे वह फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए। यदि सिनर खिताब जीत लेते हैं, तो यह वर्ष की उनकी पहली मास्टर्स ट्रॉफी होगी और इससे वह फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी बन जाएंगे। अमेरिकी खिलाड़ी पर सिनर की यह लगातार सातवीं जीत है। फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वैलेन्टिन वेचेरोत को 6-2, 6-2 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका सामना अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को बिना सर्विस गंवाए 6-7(5) 6-4 7-5 से हराया।






# नेटफ्लिक्स पर दिखाई देगी कपूर खानदान की विरासत

**मुंबई।** बॉलीवुड सिनेमा के सबसे चर्चित परिवारों में शामिल, कपूर खानदान की विरासत अब हर किसी की आंखों के सामने होगी। नेटफ्लिक्स पर 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी कर दी गई है। निर्माताओं ने 31 अक्टूबर को आगामी डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर जारी किया है, जिसमें रणधीर कपूर, बबीता कपूर, नीतू कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर और रणबीर कपूर समेत, परिवार के सभी सदस्यों को देखा जा सकता है। आइए जानते हैं 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख। नेटफ्लिक्स ने कपूर खानदान पर बनी डॉक्यूमेंट्री, 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी करते हुए लिखा, 'कपूर खानदान का लंच इनवाइट आ गया है, और आप भी आमंत्रित हैं।

लाइफ Style

# भूमि

## 'महाकाली' बनकर फिल्म में दिखाएंगी रौद्र रूप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर फिल्म निर्देशक प्रशांत वर्मा ने 'हनुमान' और 'मिराई' जैसी बेहतरीन फिल्मों से अभिनेता तेजा सज्जा को, सुपरहीरों के रूप में पेश किया था। अब वह अपनी अगली महिला सुपरहीरो फिल्म 'महाकाली' को लेकर चर्चा में हैं।

यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, जिसमें मुख्य किरदार भूमि शेट्टी निभा रही हैं। निर्माताओं ने शुक्राचार्य के रूप में अक्षय खन्ना की झलक दिखाने के बाद, नायिका भूमि के चेहरे से पर्दा उठा दिया है। 'महाकाली' से चर्चा बटोर रहीं भूमि का असली नाम, भूमिका शेट्टी है, जो कर्नाटक के करावली में स्थित कुंडापुरा की रहने वाली हैं। वह पेशे से अभिनेत्री हैं, जिन्हें तेलुगु सीरीज 'निन्ने पेल्लादथा' और कन्नड़ सीरीज 'किन्नारी' में देखा गया है। साल 2021 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'इक्कत' से सिनेमा में कदम रखा था। आखिरी बार उन्हें विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' में देखा गया है। भूमि 'बिग बॉस कन्नड़' की प्रतियोगी भी रह चुकी हैं। निर्देशक प्रशांत ने 'महाकाली' के बारे में अपडेट देते हुए बताया है कि इसकी कहानी बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में की जा रही है। फिल्म का स्क्रीनप्ले और कहानी, यह दोनों काम प्रशांत ने खुद किए हैं। बताया जाता है कि 'महाकाली' को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में डब किया जाएगा। भूमि और अक्षय के अलावा, इस फिल्म के अन्य किरदारों और रिलीज तारीख का खुलासा होना बाकी है।



हॉलीवुड मसाला



# लोगों के दिमाग में मचा दी खलबली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों के साथ आजकल कोरियन फिल्में भी ओटीटी पर ट्रेंड कर रही हैं और लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं। वहीं आज हम आपको साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'द विच' के बारे में बताने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी ने कई लोगों को चौंका दिया था क्योंकि कोरियन फिल्में अक्सर रोमांस पर आधारित होती थीं। मगर इस एक थ्रिलर फिल्म ने सभी को गलत साबित कर दिया था। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर एंजॉय कर सकते हैं।



# 'द कॉन्ज्यूरिंग' में डर की दहशत से फिर लड़ेंगे एड और लॉरेन वॉरेन

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में डर से दहशत फैला चुकी हॉलीवुड सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'द कॉन्ज्यूरिंग' से जुड़ा ताजा अपडेट आया है, जो भूतिया फिल्मों के दीवानों को उत्साहित कर देगा। वार्नर ब्रदर्स और न्यू लाइन ने मिलकर 'द कॉन्ज्यूरिंग' के प्रीक्वल पर काम शुरू कर दिया है, जिससे साफ है कि कॉन्ज्यूरिंग की दुनिया आपका पीछा अभी नहीं छोड़ेगी। दरअसल, प्रीक्वल के जरिए फिल्म निर्माता प्रसिद्ध पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन के शुरुआती दिनों को फिल्मी पर्दे पर दर्शाना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द कॉन्ज्यूरिंग' का प्रीक्वल बनाने के लिए शॉर्ट फिल्म निर्देशक रॉड्रिग हुआर्ट, इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म के सह-लेखक इयान गोल्डबर्ग प्रीक्वल की कहानी लिखने के लिए वापस आ रहे हैं।



# प्रियंका सिर्फ अपने बारे में सोचती हैं...


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने दुनियाभर में शोहरत और कामयाबी हासिल की है। अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर वह हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। इस बार वजह कुछ अलग है, क्योंकि प्रियंका के बारे में एक अभिनेत्री ने कुछ ऐसा कह दिया है जिससे पूरे सिनेमा जगत में हलचल मच गई है। ये कोई और नहीं, बल्कि भारतीय मूल की हॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता केसवानी हैं। मुंबई में जन्मीं श्वेता अभिनेत्री होने के अलावा, मॉडल और डांसर हैं, जिन्होंने दुनियाभर में पहचान हासिल की है। उन्हें भारतीय टीवी शो 'बा बहू और बेबी' में देखा गया था। इसके अलावा, श्वेता 'किस देश में निकला होगा चांद', 'कहानी घर घर की' जैसे शो का हिस्सा रही हैं। करीब एक दशक से अभिनेत्री अमेरिका में रह रही हैं और वहीं काम कर रही हैं।



# 'रोई रोई बिनाले' ने रिलीज होते ही तोड़ा रिकॉर्ड

**मुंबई।** जुबीन गर्ग का पिछले महीने 19 सितंबर को सिंगापुर में तैराकी के दौरान निधन हो गया था। इस हादसे के करीब एक महीने बाद गायक की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। उनके चाहने वालों के लिए यह बेहद भावुक कर देने वाला क्षण है। लोग नम आंखों से फिल्म देखते हुए जुबीन को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। 'रोई रोई बिनाले' भारत के 46 शहरों में एक साथ रिलीज हुई है, जिसे 800 स्क्रीन मिली है।

टीवी मसाला



# सलमान खान के 'बिग बॉस 19' में नई नागिन का होगा दीदार

**मुंबई।** एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो 'नागिन 7' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हर कोई जानना चाहता है कि नागमणि की रक्षा की जिम्मेदारी इस बार किस अभिनेत्री को सौंपी गई है। बरहाल, यह इंतजार अब खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने 'नागिन 7' का नया प्रोमो जारी करते हुए बताया है, कि वह कब और कहां नई नागिन के दर्शन कराएंगे। निर्माताओं ने इस खुलासे के लिए सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' को चुना है।

## निर्माताओं ने 'नागिन 7' का प्रोमो किया जारी

'नागिन 7' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर नया प्रोमो वीडियो जारी किया है। इसके साथ कैप्शन दिया, 'खत्म होने वाला है इंतजार, नागिन की पहली झलक देखने हो जाइए तैयार! देखिये नागिन की पहली झलक, बिग बॉस 19 में, 2 नवंबर को रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे रंग बराबर।' काफी समय से चर्चा है कि 'उडारियां' अभिनीत अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी, 'नागिन 7' में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी।

## बसीर ने बताई नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह, किया ये खुलासा

'बिग बॉस 19' से बेघर होने के बाद बसीर अली लगातार इंटरव्यू दे रहे हैं। उन्होंने शो के मेकर्स पर आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर शो से बेघर किया गया। इस बीच देखा गया कि बसीर ने अपने साथ बेघर हुईं



नेहल चुडासमा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है। दोनों के रोमांटिक एंगल ने सभी का ध्यान खींचा था। खुद सलमान खान दोनों को चिढ़ाते नजर आए थे। अब बसीर ने नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह बताई है। एक इंटरव्यू में, बसीर ने कहा कि वह नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं और उनसे नाराज हैं। 'कुंडली भाग्य' अभिनेता ने कहा, मैंने नेहल की कुछ क्लिप देखी, जहां खुद को मेरा दोस्त बताने के बावजूद, उसने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930